# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-11-2022

## पब्लिक रेटिंग में कैंट नंबर एक, दूसरे पर शाहपुर थाना, एसएसपी ने जारी की सितंबर की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग

# ठीक नहीं महिला व कोतवाली थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : जनता के प्रति अपना रवैया बेहतर करने में महिला थाना, कोतवाली प्रभारी व झंगहा के थानेदार नाकाम रहे हैं। सितंबर की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में तीनों थानों के प्रभारी को 50 प्रतिशत से कम अंक मिले हैं। ऐसे में इन थानेदारों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। एडीजी ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग 50 प्रतिशत से कम होने पर थानेदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जनता की नजर में जिले की कैंट थाना पुलिस नंबर एक व शाहपुर थाना पुलिस दूसरे पायदान पर है। डायरेक्ट पोल में जनता ने प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय के काम को सर्वाधिक सराहा है। शाहपुर के थानेदार रणधीर मिश्रा दूसरे, बेलघाट के चंद्रभान सिंह तीसरे, तिवारीपुर के थानेदार मदन मोहन मिश्रा चौथे, कैंपियरगंज के भूपेंद्र सिंह पांचवें, उरुवा के सुनील कुमार छठे, गगहा के संदीप सिंह सातवें, बांसगांव के सत्यप्रकाश सिंह आठवें, हरपुर-बुदहट के विज्ञानकर सिंह नौवें और सिकरीगंज थानेदार दीपक सिंह दसवें नंबर पर हैं।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि जिन थानेदारों का प्रदर्शन ठीक नहीं है, उनकी काउंसिलिंग की जाएगी।

**टाप 10 से बाहर हुआ खोराबार थाना** : अगस्त में नौवें स्थान पर रहने वाली खोराबार थाना पुलिस सितंबर में 16वें स्थान पर पहुंच गई है। इसकी वजह थानेदार की खराब कार्यप्रणाली बताई जा रही है। एक माह के भीतर दो बड़ी घटनाएं थाना क्षेत्र में हुईं, जिनमें पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पायी गई।

एक प्रकरण में एसएसपी ने हल्का दारोगा को निलंबित व थानेदार को लाइनहाजिर किया था। दूसरे मामले में एक सप्ताह पहले दारोगा निलंबित हुआ। कोतवाली थाना पुलिस का प्रदर्शन पिछले माह भी खराब था।



डा.गौरव ग्रोवर, एसएसपी ● जागरण

**बनाया गया है यह नियम**

● जिन थानों की रैंकिंग टाप पांच में है उनके थाना प्रभारी को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। ●सूची में आखिरी के पांच पायदान वाले थानेदारों की काउंसिलिंग होगी। ●लगातार दो माह अंतिम पांच में स्थान पाने वाले थानेदारों को चेतावनी मिलेगी। ●तीसरे माह स्थिति में सुधार न होने पर थानेदार को पद से हटा दिया जाएगा।

**यह और अन्य खबरें देखें-**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# पार्किंग शहर के बाहर, वेडिंग जोन व्यवस्थित करने का संकल्प

## यातायात माह शुरू, एडीजी ने जगारुकता बाइक रैली रवाना की

**अमर उजाला ब्यूरो**

गोरखपुर। यातायात माह की शुरुआत एडीजी अखिल कुमार ने बाइक रैली को मंगलवार को रवाना कर की। इस दौरान एडीजी ने बसों के पार्किंग स्थल को शहर से बाहर और वेडिंग जोन को व्यवस्थित करने का संकल्प दिलाते हुए प्राथमिकता बताई।

हाथों में लोगों को जागरुक करने वाले स्लोगन लिखे तख्ती लेकर यातायात पुलिस के जवान सड़कों पर निकले।

जानकारी के मुताबिक, एक नवंबर से तीस नवंबर तक यातायात माह मनाया जाता है। मंगलवार को एडीजी ने जागरुकता रैली को रवाना किया। बाइक रैली पुलिस लाइंस से निकलकर काली मंदिर ,गोलघर कचहरी ,शास्त्री चौराहा से वापस आकर पुलिस लाइंस में समाप्त हुई।




यातायात माह का शुभारंभ करते एडीजी अखिल कुमार। साथ में एसएसपी गौरव ग्रोवर, एसपी ट्रैफिक डॉ एमपी सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी। संवाद

एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि सबसे पहली प्राथमिकता पार्किंग स्थलों का शहर से बाहर चिह्निकरण करना एवं वेंडर को वेडिंग जोन में स्थापित कराना है। उन्होंने कहा कि सभी यातायात पुलिस कर्मी जनता को यातायात नियमों के बारे में बताएं। इस मौके पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी ट्रैफिक एमपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# विष्णु मंदिर गेट के सामने से ममेरे भाई बरामद

**जागरण संवाददाता, चरगांवा** : शाहपुर थाना क्षेत्र के सेठी फ्लोर मिल के पीछे से लापता ममेरे भाई मंगलवार की सुबह विष्णु मंदिर गेट के सामने मिले। उनका सीडब्ल्यूसी के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद पुलिस ने स्वजन को सौंप दिया।

उन्होंने पुलिस को बताया कि नानी के पर्स से 40 रुपये निकाले थे, जबकि वह 500 रुपये गायब होने की बात कह रही थीं। इसी डर से वे साइकिल लेकर घर से निकल गए। फिर गोरखनाथ क्षेत्र के एक होटल में पहुंचे। वहां काम किया, रात में वहीं रुके। मंगलवार की सुबह असुरन पहुंचे और फिर विष्णु मंदिर गेट के सामने खड़े थे। पुलिस को उनकी साइकिल नहीं मिली है। सोमवार की सुबह स्वजन दोनों बच्चों को सोते हुए छोड़कर छठ पूजा में शामिल होने भटहट चले गए थे। वापस लौटे तो दोनों गायब थे।

**युवक से 43 हजार रुपये की ठगी**

**जासं, हरपुर-बुदहट** : थाना क्षेत्र के हरपुर निवासी पवन शुक्ला को साइबर ठग ने पालिसी में बोनस का लालच देकर 43 हजार ठग लिए। एजेंट को कमीशन न देना पड़े इसलिए युवक ने साइबर ठग को एकाउंट से दो बार में 43 हजार रुपये भेज दिया। अब साइबर ठग का मोबाइल बंद है। युवक ने एसपी क्राइम कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया।

# बाइक रैली निकाल लोगों को यातायात के प्रति किया जागरूक



यातायात जागरूकता माह का शुभारंभ करते एडीजी अखिल कुमार ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : यातायात माह के पहले दिन मंगलवार को पुलिस लाइन से निकाली गई बाइक रैली को अपर पुलिस महानिदेशक जोन (एडीजी) अखिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नवंबर को प्रतिवर्ष यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान पुलिसकर्मी लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक करते हैं।

बाइक रैली पुलिस लाइन से काली मंदिर, गोलघर, कचहरी, शास्त्री चौराहा होते हुए वापस पुलिस लाइन में समाप्त हुई। एडीजी ने कहा कि यातायात माह की सबसे पहली प्राथमिकता पार्किंग स्थलों को शहर से बाहर चिह्नीकरण करना और वेंडरों को वेण्डिंग ज़ोन में व्यवस्थापित कराना है। सभी यातायात पुलिस कर्मी यातायात माह में अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों के बारे में बताएं और उन्हें जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक यातायात डा.एमपी सिंह ने कहा कि यातायात माह 2022 में प्रत्येक दिवस आम जनता को सुरक्षित यातायात के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से नियमित कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.गौरव ग्रोवर, पुलिस अधीक्षक उतरी मनोज कुमार अवस्थी, क्षेत्राधिकारी कैंट-कोतवाली समेत अन्य मौजूद रहे।

# साहब! मनमाने तरीके से काटा जा रहा चालान, कुछ कीजिए

## जिला उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों ने डीएम व एसएसपी के समक्ष उठाई आवाज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिला उद्योग बंधु की बैठक में मनमाने चालान को लेकर उद्यमियों का गुस्सा फूट पड़ा। डीएम कृष्णा करुणेश की अध्यक्षता में बैठक के दौरान कई उद्यमियों ने एक साथ शिकायत की कि मनमाने तरीके से चालान काटा जा रहा है।

कहा, एक गलती पर कई ऐसे मानकों को भी शामिल कर चालान की राशि बढ़ा दी जा रही है, जिसकी गलती संबंधित व्यक्ति द्वारा की ही नहीं गई हैं। इससे आम आदमी तो परेशान है ही उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है।

डीएम और एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने इसे गंभीरता से लिया। एसएसपी ने तत्काल एसपी यातायात डॉ एमपी सिंह को निर्देश दिया कि रोजाना 10 हजार रुपये से अधिक के पांच चालान की वह खुद समीक्षा करें। एसएसपी ने कहा कि दो चालान की वह भी समीक्षा करेंगे। यदि कहीं भी मनमानी कार्रवाई सामने आई तो संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



विकास भवन के मनरेगा सभागार में उद्योग बंधु के साथ बैठक करते डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, जीडीए वीसी अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी। संवाद

उद्यमियों की मांग पर यह भी तय हुआ कि हर दो महीने पर पुलिस के साथ उनकी बैठक होगी। दिन में माल लेकर आने वाले वाहनों का समय ठंड में दोपहर एक से तीन बजे तक करने की सलाह दी गई।

पिछले महीने दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने मनमाने चालान पर सख्ती दिखाते हुए इस पर लगाम लगाने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके चालान को लेकर शिकायतों का सिलसिला जारी है।

बैठक में उद्यमियों की समस्याओं के साथ ही अगले पांच साल के औद्योगिक विकास पर भी चर्चा हुई। डीएम ने उद्यमियों से उनकी समस्याएं पूछी। उद्यमियों ने बताया कि यहां फूड पार्क विकसित किया जाना जरूरी है। खाद्य प्रसंस्करण इकाई के रूप में फ्लोर मिल एवं राइस मिल ही हैं जबकि कई अन्य उत्पादों के लिए भी इकाइयां स्थापित हो सकती हैं।

प्लास्टिक पार्क को लेकर भी चर्चा हुई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर उद्यमियों ने जरूरत बताई तो जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव बनाया जा रहा है।

**अब रोज 10 हजार से अधिक के पांच चालान की समीक्षा का एसएसपी ने दिया निर्देश**

### गीडा सेक्टर 13 में नए सिरे से उपकेंद्र बनाने पर मंथन

**बैठक** के दौरान बिजली की समस्या पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उद्यमियों ने गीडा सेक्टर 13 के विद्युत उपकेंद्र को नए सिरे से बनाने का प्रस्ताव दिया। उद्यमियों ने बिजली की दरों को कम करने की जरूरत भी बताई। बैठक में गीडा की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर आवाज उठी। डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करने को कहा। इस दौरान चैंबर आफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विष्णु अजीत सरिया, पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरएन सिंह, भोला जायसवाल, सुमित कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।

# छह घंटे जाम रहा गोरखपुर वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग



गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम में फंसे वाहन। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बड़हलगंज।** गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के बड़हलगंज स्थित पटना चौराहे पर मंगलवार को भीषण जाम लग गया। करीब छह घंटे तक लगे जाम से यात्री हलकान रहे। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह पुलिसकर्मियों ने लोगों को जाम से निजात दिलाई।

मंगलवार सुबह दस बजे बड़हलगंज-दोहरीघाट पुल के पास अचानक एक ट्रक खराब हो गया जिसके चलते वाहनों का जाम लगना शुरू हो गया। देखते ही देखते जाम लंबा होता गया। दो घंटे बाद किसी तरह पुलिस ने खराब ट्रक को हटवाया तभी पटना चौराहे के पास एक बस खराब हो गई। जिसके बाद भीषण जाम लग गया। बड़हलगंज मे बाईपास व कॉलेज रोड से लेकर दोहरीघाट तक हाइवे पर वाहनों का रेला लग गया। इस दौरान गोरखपुर, वाराणसी, आजमगढ़, गाजीपुर, इलाहाबाद की तरफ आने जाने वाली बसें भी फंसी रही। आटो व छोटे वाहनों का आवागमन बाजार की तरफ से होने लगा।

घंटों मशक्कत के बाद गंतव्य को रवाना हो सकी। वाराणसी से कोलकाता के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहे जीतबंधन का कहना था कि दो घंटे फंसा रहा। कुछ इसी तरह के हालात अन्य कई यात्रियों की भी रही। सायं साढ़े चार बजे के बाद स्थिति सामान्य हुई। बहरहाल पटना चौराहे पर लगातार जाम की स्थिति बनने से लोग परेशान है।

बदलाव

जिले के 25 थाने को 50 फीसदी से अधिक वोट

# जनता की नजर में सुधरी पुलिस की छवि, कैंट व शाहपुर अव्वल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जनता की नजर में गोरखपुर पुलिस की छवि सुधरी है। कैंट और शाहपुर थाने की पुलिस के कामकाज पर 65 फीसदी से अधिक लोगों ने भरोसा जताया है। जिले के 25 थाने तय मानक 50 फीसदी से अधिक मत पाए, सिर्फ तीन थाने के कामकाज पर जनता ने कम भरोसा जताया है। इसमें महिला थाना, झंगहा और कोतवाली शामिल है। एसएसपी इन तीन थानों की पुलिस की काउंसिलिंग कर कामकाज और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक, कैंट थाना (प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय) को 70.28 और शाहपुर थाना (प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा) को 66.23 प्रतिशत मत मिले हैं। बेलघाट के चंद्रभान सिंह के कामकाज को 65.83, तिवारीपुर के थानेदार मदन मोहन मिश्रा के कामकाज पर 65.61 लोगों ने भरोसा जताया।

कैंपियरगंज के भूपेंद्र सिंह, उरुवा के सुनील कुमार, गगहा के संदीप सिंह, बांसगांव के सत्यप्रकाश सिंह, हरपुर-बुदहट के विज्ञानकर सिंह और सिकरीगंज थानेदार दीपक सिंह के कामकाज पर 60 फीसदी से अधिक लोगों ने भरोसा जताया।

## पहले कई थाने थे 50 फीसदी से नीचे

**इसके** पहले की रेटिंग में कई थानों के मत प्रतिशत 50 फीसदी से कम थे। एडीजी अखिल कुमार ने सभी को चेतावनी भी दी थी। एडीजी आदेश भी जारी कर चुके हैं कि अगर तीन बार लगातार 50 फीसदी से कम मत रहे तो थानेदारी जाएगी। महिला थाने का अंक इससे पहले भी कम रहा है।

पुलिस के काम में सुधार आए और इसे जनता बताएं, इसके लिए ही यह सिस्टम लागू किया गया है। पहले से काफी सुधार देखने को मिल रहा है। जिस थाने का अंक 50 फीसदी से कम लगातार तीन बार रहेगा, उस पर कार्रवाई भी की जाएगी।



**- अखिल कुमार,** एडीजी जोन

# तस्करी के आरोपी भाइयों की दुकान व गोदाम खुला

## हाईकोर्ट से अरेस्ट स्टे मिलने के बाद ड्रग व प्रशासन की टीम ने ताला खुलवाया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। हाईकोर्ट से अरेस्ट स्टे मिलने के बाद नशीली दवाओं के तस्करी के मामले में आरोपी गुप्ता बंधुओं की दोनों दुकानों व गोदाम का ताला खुल गया। मंगलवार को ड्रग विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने ताला खुलवाया। इस दौरान पांच दवाओं के नमूने लिए गए। दोनों दुकान और गोदाम करीब ढाई महीने तक बंद थे।

गीडा थाना क्षेत्र में बीते छह व सात अगस्त को दो करोड़ रुपये की नशीली दवा पकड़ी गई थी। इस मामले में छह लोग गिरफ्तार हुए। इसका आरोप भालोटिया के दवा व्यापारी अमित गुप्ता और उनके भाई आशीष गुप्ता पर लगा। तभी से दोनों भाई दुकान बंद कर फरार हो गए। इसके बाद प्रशासन ने 15 अगस्त को आशीष मेडिकल एजेंसी, आशीष ट्रेडर्स और उनके गोदाम को सील कर दिया।

दोनों व्यापारी भाइयों ने इस मामले में हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। हाईकोर्ट ने दोनों की गिरफ्तारी पर फौरी तौर पर रोक लगा दी है।

# घर से लापता दो भाइयों को पुलिस ने खोज निकाला

**गोरखपुर।** शाहपुर पुलिस ने घर से लापता दो भाइयों को मंगलवार को सीसीटीवी कैमरे की मदद से खोज कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, शाहपुर के चरगांवा निवासी 12 से 14 साल के दो भाई छठ के दिन घर से लापता हो गए। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की तो गोरखनाथ में एक मेडिकल स्टोर पर मिले। दोनों भाइयों ने बताया कि घर से 40 रुपये लिए थे, लेकिन नानी ने 500 रुपये चोरी का आरोप लगा दिया। इसके बाद दोनों भाई घर से निकल गए। ब्यूरो

# पीपीगंज में एक ही रात पांच घरों में चोरी

## घर के अंदर सोते रहे लोग, सामान समेट कर फरार हो गए चोर

अमर उजाला ब्यूरो

**जंगल कौड़िया।** पीपीगंज थाना क्षेत्र पलिया और बगल के गांव जिंदापुर में पांच घरों में सोमवार की रात चोरी हो गई। घरवाले अंदर सोते रहे और चोर आराम से ग्रील काटकर सामान समेट ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पलिया गांव के राकेश के घर में घुसे चोर जेवर व 70 हजार रुपये चुरा ले गए। बगल के अंगूर यादव, बिंद्रेश कुमार यादव और सत्यपाल यादव के घर से भी आभूषण तथा



चोरी के बाद बिखरा सामान। संवाद

नकदी चोर उठा ले गए है।

इसी रात में जिंदापुर गांव के लहगीबारी टोला निवासी रमाकांत के घर से भी चोर जेवरात, नकदी, सामान उठा ले गए। सभी को मंगलवार सुबह चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर चौबे ने बताया कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### कुंडी काटकर चोरी

**खोराबार।** इलाके के सिक्टौर के करमहिया टोला निवासी विशाल सिंह के बंद मकान की कुंडी काटकर चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। जानकारी के मुताबिक, विशाल सिंह मां व छोटी बहन को लेकर अपने गांव देवरिया के जोगन गए थे। मंगलवार सुबह जानकारी हुई। ब्यूरो

# गाय चोरी के आरोप में युवक को पकड़ा

**झुमिला बाजार।** बड़हलगंज थाना क्षेत्र के महुलिया पोयल गांव में सोमवार रात गाय चोरी करने आए युवकों में से एक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक, रात एक बजे के करीब गांव में महावीर दुबे की गोशाला में बंधी गाय तथा बरामदे में रखी साइकिल चुराकर चार लोग लेकर जा रहे थे। खटपट की आवाज होने पर महावीर दुबे जग गए और शोर मचाने लगे। ग्रामीण चोरों के पीछे लग। करीब डेढ़ किलोमीटर बाद दो युवकों को पकड़ लिया गया। इनमें से एक युवक दांत काटकर भाग गया। ब्यूरो

# नदी में डूबे किशोर का शव मिला

**सिकरीगंज।** इलाके के कुवानो नदी के बनकटा घाट पर रविवार को नहाने के दौरान डूबे किशोर का शव मंगलवार को मिला। जानकारी के मुताबिक, भेउसा निवासी सेवा लाल निषाद (16) पुत्र गणेश निषाद छठ पर्व पर गया था। इस दौरान वह नदी में नहाने चला गया और गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गया था। एनडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को शव बरामद किया। ब्यूरो

# दो युवकों ने किशोरी से की छेड़खानी, केस दर्ज

**खोराबार।** इलाके के एक गांव में किशोरी से छेड़खानी के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जानकारी के मुताबिक, 29 अक्तूबर की शाम 13 वर्षीय किशोरी खेत की तरफ शौच के लिए जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान दो युवकों ने मुंह दबाकर अश्लील हरकत की। झाड़ी की ओर खींचकर ले जाने लगे। शोर मचाने पर दोनों छोड़कर फरार हो गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ब्यूरो

# पुलिस के हाथ तो लंबे हो गए, पर स्वास्थ्य महकमा अब भी बेखबर

## डीआईजी के पत्र के बाद मारपीट होने पर दर्ज किया गया 308 का केस, सीटी स्कैन मशीन खराब होने का हवाला देकर पुलिस झाड़ देती थी पल्ला

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** मारपीट के मामलों में अब मेडिकल रिपोर्ट की अड़चन को पुलिस ने दूर कर दिया, लेकिन स्वास्थ्य महकमा अब भी बेखबर है।

डीआईजी जे. रविंद्र ने मामले का संज्ञान लिया और मारपीट के गंभीर मामलों में अपराध के हिसाब से कार्रवाई का आदेश जारी किया था।

इसका असर रहा कि पुलिस मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देकर मामले को टालने की जगह मानव जीवन को संकट में डालने की धारा 308 के तहत केस दर्ज कर रही है और आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा रही है। अब बदमाशों को सीटी स्कैन मशीन खराब होने का फायदा नहीं मिल पा रहा।

जानकारी के मुताबिक, 10 सितंबर से (50 दिनों से अधिक) जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन खराब है। इस वजह से आम मरीजों के साथ ही पुलिस केस में भी परेशानी हो रही थी। आम मरीज तो फिर भी महंगे में बाहर से जांच करा ले रहे थे, लेकिन मेडिकल रिपोर्ट सरकारी मशीन की मान्य होने की वजह से परेशान घूम रहे हैं। दूसरे, मारपीट के गंभीर मामलों में भी पुलिस मारपीट का केस दर्ज कर आरोपी का शांतिभंग में चालान कर देती थी। जिससे तुरंत ही जमानत मिल जाती है।

मामले को अमर उजाला ने उठाया तो डीआईजी ने संज्ञान लेकर रेंज के सभी एसपी (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज) को पत्र लिखकर मारपीट के मामलों में चोट को देखते हुए जांच के आधार पर धारा लगाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

इसके बाद पुलिस ने आदेश का पालन भी शुरू कर दिया है।



31 अक्तूबर के अंक में छपी खबर।

**अमर उजाला इंपैक्ट**

**केस 1** गोला इलाके में सोमवार को हुई मारपीट के मामले में पुलिस मारपीट, धमकी (धारा 323, 504, 427, 324) के साथ ही मानव जीवन को संकट में डालने की धारा 308 भी लगा दी। इसका असर रहा कि पकड़े गए आरोपी अमित कुमार को जमानत नहीं मिल पाई और जेल भेजा गया।

**केस 2** गगहा इलाके में रविवार को हुई मारपीट के मामले में भी पुलिस ने मारपीट व धमकी (धारा 323, 504, 506) के साथ ही मानव जीवन को संकट में डालने की धारा 308 लगाया। अभियुक्त गगहा के गुरम्ही निवासी अमित कुमार उर्फ अमिताभ को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा।



पुलिस को निर्देशित किया गया है कि मारपीट के मामलों में साक्ष्यों के आधार पर धारा लगाकर कार्रवाई करें। किसी भी कीमत पर बदमाश को मशीन खराब होने का फायदा नहीं मिलना चाहिए। इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी पुलिस अफसर करेंगे। कहीं शिकायत आई तो कार्रवाई की जाएगी।

\- जे. रविंद्र गौड़, डीआईजी

# जारी हुआ था वारंट, वृद्ध की मौत

बड़हलगंज कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित पुराना गोला मोहल्ला निवासी 92 वर्षीय भिखारी भुज की मंगलवार को मृत्यु हो गई. कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि मृतक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज था. दो दिन पहले न्यायालय से वारंट जारी हुआ था.

# कार की चपेट में आने से युवक की मौत

खोराबार थाना क्षेत्र के जगदीशपुर कस्बे में कार की चपेट में आने से मंगलवार को एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. जगदीशपुर चौकी पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. उसकी पहचान कस्बे के ही ब्रह्मा नाथ पांडेय पुत्र कन्हैया के रूप में हुई. वह किसी काम से जगदीशपुर बाजार गया था. घर आते समय कुशीनगर से गोरखपुर की तरफ जा रही कार की चपेट में आ गया.

# गिरफ्तारी के लिए एसएसपी से मिले वकील

राम्गढ़ताल एरिया के कजाकपुर में 19 अक्टूबर को स्कूल परिसर में हुए जलभराव में बच्ची की डूबकर मौत हो गई. परिजन ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई. बच्ची के अधिवक्ता पिता जगदीश प्रसाद शुक्ला का कहना है कि पुलिस आरोपित को गिरफ्तार नही कर रही है. मंगलवार को पिता अधिवक्ताओं के साथ एसएसपी से मिले और आरोपित की गिरफ्तार की मांग की.

# फूड पार्क से होगा विकास राइस-फ्लोर मिल भी हो पास

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



● डीएम की अध्यक्षता में हुई मीटिंग.

**डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक में भविष्य के औद्योगिक विकास पर चर्चा**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1 Nov):** प्रत्येक माह डीएम की अध्यक्षता में होने वाली जिला उद्योग बंधु की बैठक रस्मी बैठकों से कुछ अलग रही. उद्यमियों की समस्याओं के साथ गोरखपुर में अगले पांच वर्ष में औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर चर्चा की गई. कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण उद्यमियों ने फूड पार्क विकसित करने पर जोर दिया तो गोरखपुर व आसपास के क्षेत्रों में विकास को पंख लेंगे. उद्यमियों ने राइस मिल एवं फ्लोर मिल से अलग ईकाइयां लगाने की जरूरत बताई.

## विकास के मांगे सजेशन

बैठक में डीएम कृष्णा करुणेश ने उद्यमियों से उनकी समस्याएं पूछने के साथ ही औद्योगिक विकास के लिए क्या-क्या किया जा सकता है, इसपर उनके विचार भी आमंत्रित किए. उद्यमियों ने बताया कि सांसद रहते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूड पार्क को स्वीकृति दिलाई थी, लेकिन कतिपय कारणों से योजना आगे नहीं बढ़ सकी. खाद्य प्रसंस्करण इकाई के रूप में फ्लोर मिल एवं राइस मिल ही हैं जबकि कई अन्य उत्पादों के लिए भी ईकाइयां स्थापित हो सकती हैं.

## प्लास्टिक पार्क पर भी चर्चा

बैठक में प्लास्टिक पार्क को लेकर भी चर्चा हुई. यहां उद्यमियों को विशेष छूट देने की सलाह दी गई, जिससे बड़ी ईकाइयां आ सकें. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर उद्यमियों ने जरूरत बताई तो जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि इसके लिए 100 एकड़ जमीन मांगी गई है. इस जमीन पर ऐसा प्लांट लगाया जाएगा, जिसमें शहरवासियों से लेकर उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का भी निराकरण हो जाएगा.

## बिजली की समस्या पर हुआ डिस्कशन

बिजली की समस्या को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि लोड बढ़ता जा रहा है और बरहुआ से आगे लाइन ले जाने में परेशानी हो रही है. गीडा सेक्टर 13 के विद्युत उपकेंद्र को नए सिरे से बनाने पर भी चर्चा हुई. इसके लिए करीब तीन करोड़ रुपए की जरूरत होगी. उद्यमियों ने बिजली की दरों को कम करने की जरूरत भी बताई. बैठक में गीडा की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद की गई. डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करने को कहा. इस दौरान चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विष्णु अजीतसरिया, पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरएन सिंह, भोला जायसवाल, सुमित कक्कड़ आदि उपस्थित रहे.

## प्रतिदिन 10 हजार रुपए से अधिक के चालान की समीक्षा करेंगे एसपी यातायात

बैठक में उद्यमियों ने बताया कि चालान खूब काटा जा रहा है और एक गलती है तो उसमें कई ऐसे मानकों को भी शामिल किया जा रहा है, जिसका पालन हो रहा है. यह बात उठाए जाने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने एसपी यातायात डॉ. एमपी सिंह को निर्देश दिया कि प्रतिदिन 10 हजार रुपये अधिक के पांच चालान की वह समीक्षा करें. वह स्वयं ऐसे दो चालान की समीक्षा करेंगे. उद्यमियों की मांग पर यह तय हुआ कि हर दो महीने पर पुलिस के साथ उनकी बैठक होगी. बैठक में दिन में माल लेकर आने वाले वाहनों का समय ठंड में दोपहर एक से तीन बजे तक करने की सलाह दी गई.

# यातायात माह का आगाज, एडीजी ने अवेयरनेस रैली को दिखाई हरी झंडी

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

## पुलिस लाइन से निकली रैली, 30 नवंबर तक मनाया जाएगा यातायात माह

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1Nov):** यातायात माह की मंगलवार को शुरुआत हो गई. एडीजी जोन अखिल कुमार ने पुलिस लाइंस से बाइक जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यातायात माह एक से 30 नवंबर तक मनाया जाएगा. इस दौरान लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरुक किया जाएगा, साथ ही ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरती जाएगी. एडीजी ने कहा, दुर्घटनाओं से बचने के लिए लोगों को यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है. यातायात माह में लोगों को नियमों के अनुपालन के लिए जागरुक करें. जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके. दुर्घटना से बचने के लिए दोपहिया वाहनों पर हेलमेट अवश्य लगाकर चलें. बाइक पर तीन सवारी न बैठाएं. वहीं, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट जरूर लगाएं. शराब पीकर गाड़ी न चलाएं. ओवर स्पीड से बचें.



झंडी दिखाते एडीजी अखिल कुमार.



## पूरे महीने चलेगा ट्रैफिक अभियान

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा, पूरे माह ट्रैफिक नियमों के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान चलाया जाएगा. साथ ही स्कूलों से लेकर दफ्तरों और संस्थाओं में जाकर पुलिसकर्मी लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरुक करेंगे. एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने इस मौके पर यातायात के नियमों की विस्तृत जानकारी भी दी. इस मौके पर अधिकारियों के साथ ही पुलिसकर्मी और अन्य लोग मौजूद थे.

**सतर्कता** रेलवे स्टेशन एरिया में धड़ल्ले से चल रही प्राइवेट कार, जिम्मेदार बने हैं गैरजिम्मेदार

# सावधान ! प्राइवेट कार टैक्सी के बीच लुटेरों की भी गाड़ी है

**रेलवे स्टेशन के आस-पास प्राइवेट कार से घूम रहे लुटेरे**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (1 Nov): गोरखपुर रेलवे स्टेशन चोर लुटेरों के टारगेट पर रहता है. इसका उदाहरण सोमवार को पकड़े गए वीआईपी लुटेरे हैं. जो बिहार से एसी कार लेकर गोरखपुर रेलवे स्टेशन लूट करने आते थे. इससे पहले भी कुछ लुटेरे पकड़े गए थे, जो रेलवे स्टेशन के आस-पास ही अपना ठिकाना बनाए हुए थे. इतना सबकुछ होने के बाद भी रेलवे स्टेशन के बाहर 50 से अधिक से प्राइवेट कार टैक्सी के रूप में फर्राटा भर रही हैं. हैरान कर देने वाली बात ये है कि बगल में पुलिस चौकी और ट्रैफिक कार्यालय भी है. जो स्टेशन के बाहर सड़क पर लाइन से खड़ी गाड़ियों की कभी खोज खबर लेने नहीं आते हैं.

## रोड पर खड़ी थी लाइन से कार

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट टीम इसका रियल्टी चेक करने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के बाहर महाराणा प्रताप मूर्ति के पास पहुंची. दोपहर में एक बजे महाराणा प्रताप मूर्ति से यातायात चौक की तरफ जाने वाली रोड पर लाइन से कार खड़ी थी. जिनके ड्राइवर बाहर भीड़ लगाकर सड़क पर ही गपशप कर रहे थे. वहीं इसी समय गोलघर एरिया में नगर निगम का बुलडोजर सड़क पर खड़ी गाड़ियों को पुलिस लाइन ले जाते दिखा. वहीं बस स्टेशन और पर्यटन विभाग से लगाए कार्मल स्कूल तक भी सड़क किनारे एक से बढ़कर एक लग्जरी गाड़ियां दिखीं. जिनके ड्राइवर कार बुक करने के लिए कस्टमर सेट करते नजर आए.

## स्टेशन रोड पर नहीं होती कार्रवाई

एक तरफ गोलघर एरिया में सड़क पर खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई होती है, वहीं दूसरी तरफ यातायात से महज कुछ कदमों की दूरी पर स्थित रेलवे स्टेशन के बाहर मंहगी-मंहगी कार जो टैक्सी में चल रही हैं, वे आधी सड़क कब्जा कर आवागमन को भी प्रभावित करती हैं, इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है.

## हर जगह के लिए अवेलेबल कार

दिल्ली, लखनऊ, कुशीनगर, बिहार, पटना, बनारस, सोनौली बॉर्डर, नेपाल और काठमांडू के लिए रेलवे स्टेशन के आस-पास से गाड़ियां बुक होती हैं. सड़क पर खड़ी अधिकतर गाड़ियां टैक्सी में पास न होकर प्राइवेट नंबर पर ही फर्राटा भरती हैं.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

**i ALERT**



रेलवे स्टेशन के आसपास लगा रहता है प्राइवेट वाहनों का जमावड़ा.

### प्रमुख घटनाएं

- 26 अक्टूबर को एक व्यक्ति को कार में बैठाकर 8 हजार रुपए की लूट.
- 28 अक्टूबर को रेलवे स्टेशन पर कार लेकर आए लुटेरों ने यहां से लौटते समय आर्मी पब्लिक स्कूल के पास से गोरखपुर छावनी स्टेशन से बाहर आते एक व्यापारी को कार में बैठाकर 6.54 लाख रुपए लूट लिया.
- इसी तरह अभी दो माह पहले एक गैंग रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा गया था, जो बच्चों से भीड़ भाड़ वाली जगहों पर चोरी करवाता था.

**प्राइवेट गाड़ियां अगर कॉमर्शियल में चल रही हैं तो ये गलत है. इसकी जांच कराकर ऐसी गाड़ियों पर कार्रवाई की जाएगी. पब्लिक को भी ऐसी गाड़ियों से परहेज करना चाहिए. टीम बनाकर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.**

अनीता सिंह, आरटीओ

**यातायात माह की शुरुआत हो गई है. रेलवे स्टेशन के आस-पास की जगहों को गाड़ियों से मुक्त कराया जाएगा. सड़क पर जो भी गाड़ियां खड़ी करता है, उसका चालान किया जाता है. रेलवे स्टेशन के आस-पास चेकिंग अभियान चलेगा.**

डॉ. एमपी सिंह, एसपी ट्रैफिक

# सास-ससुर समेत चार पर मुकदमा

GORAKHPUR: गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम खुटहन दक्षिण टोला निवासी एक महिला ने मंगलवार को थाना पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारने-पीटने का आरोप लगाया. पुलिस ने तहरीर के आधार पर सास, ससुर, ननद समेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया. महिला का पति बाहर रहकर रोजगार करता है.

# महिलाओं समेत छह का शांति भंग में चालान

गुलरिहा थाने में जमीनी विवाद को लेकर थाने पहुंचे लोगों का परिसर में हंगामा करने के आरोप में मंगलवार को पुलिस ने चार महिला समेत छह लोगों का शांतिभंग में चालान किया. थाना प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि हरसेवकपुर नंबर दो के नरिया टोला से जमीन विवाद में दो पक्ष थाना पहुंचे थे. इस दौरान दोनो पक्ष आपस में ही विवाद करने लगे. इस पर उनके ऊपर शांतिभंग में कार्रवाई की गई है.

# मानुष बने चौरीचौरा सीओ

गोरखपुर। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने आईपीएस मानुष पारीक को चौरीचौरा सी ओ बनाया है जबकि सी ओ चौरीचौरा रहे अंजनी पांडेय को सीओ क्राइम बनाया है।

# पत्रकार पर हमले के दो अभियुक्त गिरफ्तार

पीपीगंज। रास्ता खाली कराने को लेकर हुए विवाद में दर्ज मुकदमें में दो और आरोपियो को पीपीगंज पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। धनतेरस की रात कस्बा निवासी पत्रकार अम्बुज गुप्ता पर हमा हुआ था। मंगलवार को अभियुक्तगण बृजेश पुत्र उदयराज, अजीत कुमार पुत्र फकीरे निवासी हुमायूंपुर उत्तरी सुभाषनगर थाना गोरखनाथ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# सहजनवा के युवक को नेपाल पुलिस ने किया गिरफ्तार

## लूट मामला

घघसरा, हिसं। सहजनवा थाना क्षेत्र के घघसरा कस्बा निवासी एक युवक को मंगलवार को नेपाल के रूपमदेही शहर की पुलिस ने लूट मामलें में गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ जिले में भी कई थानों में गम्भीर धाराओं में केस दर्ज है।

सहजनवा थाना क्षेत्र के पुण्डा गांव के मूल निवासी बिन्देश्वरी कई वर्षो से घघसरा कस्बा में घर बनवाकर रहते हैं। उनके बेटे शशिकान्त भट्ट को नेपाल के रूपमदेही जिले की पुलिस ने लूट के मामले में गिरफ्तार किया है। शशिकान्त भट्ट के खिलाफ गोरखपुर जिले के सहजनवा, पीपीगंज, संतकबीरनगर के खलीलाबाद कोतवाली सहित अन्य थानों में लूट, फ्रॉड, आर्म्स एक्ट, मारपीट सहित अन्य मामलों में केस दर्ज है।

गोरखपुर पुलिस ने उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पुलिस इन मामलों में उसे कई बार जेल भेज चुकी है। नेपाल पुलिस ने उसे लूट के मामले में गिरफ्तार किया है। उसकी जानकारी अभी उसके परिवारीजनों को नहीं मिल सकी है। थानेदार नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया युवक के गिरफ्तारी की जानकारी नहीं है।

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

सहजनवा। सहजनवा पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मंगलवार अपराह्न 3.15 बजे पुलिस टीम वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकली थी। तभी जानकारी मिली कि किशोरी के साथ को अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी शोएब पुत्र अहमद अली निवासी लुचुई थाना सहजनवा लुचुई पुल के पास खड़ा है। पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# महिला व कोतवाली थानेदार पर पब्लिक की नजर टेढ़ी

- पब्लिक रेटिंग में कैंट नंबर एक और दूसरे पायदान पर शाहपुर थाना
- एसएसपी ने मंगलवार को जारी की सितंबर माह की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जनता के प्रति अपना रवैया बेहतर करने में महिला, कोतवाली व झंगहा थाने की पुलिस नाकाम साबित हुई है। सितंबर माह की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में तीनों थाने के प्रभारी को 50 प्रतिशत से कम अंक मिला है। ऐसे में अब इन थानों पर तैनात थानेदारों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

एडीजी ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग 50 प्रतिशत से कम होने पर थानेदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जनता की नजर में जिले की कैंट थाना पुलिस नंबर एक व शाहपुर थाना पुलिस दूसरे पायदान पर है। डायरेक्ट पोल में जनता ने प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय के काम को सर्वाधिक सराहा है। शाहपुर के थानेदार रणधीर मिश्रा दूसरे, बेलघाट के चंद्रभान सिंह तीसरे, तिवारीपुर के थानेदार मदन मोहन मिश्रा चौथे, कैंपियरगंज के भूपेंद्र सिंह पांचवें, उरुवा के सुनील कुमार छठे, गगहा के संदीप सिंह सातवें, बांसगांव के सत्यप्रकाश सिंह आठवें, हरपुर-बुदहट के विज्ञानकर सिंह नौवें और सिकरीगंज थानेदार दीपक सिंह दसवें नंबर पर हैं। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि जिन थानेदारों का प्रदर्शन ठीक नहीं है उनकी काउंसिलिंग की जाएगी।

# धार्मिक चबूतरा तोड़ने व प्रतिमा गायब करने का आरोप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। राजघाट थाना क्षेत्र के बंगाली काली बाड़ी के पीछे स्थित एक धार्मिक चबूतरा को तोड़ने और उस पर स्थित दुर्गा मूर्ति को गायब करने का कुछ लोगों ने एक परिवार पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह कार्य राजघाट पुलिस की सह पर उस परिवार ने किया है। राजघाट पुलिस को एक पुलिस अफसर ने कहा था।

पुलिस अफसर दूसरे जिले में तैनात हैं। बंगाली कालीबाड़ी समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह समेत अन्य ने इस मामले में थाना पर शिकायत करने के साथ ही अन्य उच्चाधिकारियों से और सीएम पोर्टल पर भी शिकायत की है। एसएचओ राजघाट ने बताया कि चबूतरा पर त्योहार पर अस्थाई प्रतिमा रखी जाती है। स्थाई प्रतिमा रखने को लेकर मोहल्ले के लोगों में विवाद है। मामले को हल कराने के लिए दोनों पक्षों को समाधान दिवस में बुलाया गया है। बाकी किसी तरह के आरोप का कोई मतलब नहीं है।

# यातायात नियमों का पालन करें: एडीजी

**यातायात माह**

गोरखपुर, निज संवाददाता। यातायात नियमों का पालन कर लोग सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचें। वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। शराब पीकर वाहन कभी न चलाएं। ये बातें मंगलवार को एडीजी अखिल कुमार ने पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित यातातात माह के शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहा।

उन्होंने कहा कि लोग वाहनों को सावधानी पूर्वक व नियमानुसार चलाएं। बाइक चलाते समय हेलमेट व कार चलाते समय सीट वेल्ट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सबसे पहली प्राथमिकता पार्किंग स्थलों का शहर से बाहर चिह्निकरण करना एवं



यातायात माह का शुभारंभ करते एडीजी अखिल कुमार।

वेंडर को वेंडिंग जोन में व्यवस्थित करना है। एसपी ट्रैफिक डॉ. महेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि यातायात माह एक से 30 नवंबर तक चलेगा। इस मौके पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी, प्रवर्तन दल नगर निगम कर्नल सीसी सिंह, सीओ कैंट श्यामदेव, सीओ कोतवाली, प्रतिसार निरीक्षक, टीआई समेत अन्य यातायात कर्मी मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न में सास-ससुर समेत चार पर मुकदमा

**जासं, भटहट** : गुलरिहां थाना क्षेत्र के ग्राम खुटहन दक्षिण टोला निवासी एक महिला ने मंगलवार को थाना पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारने-पीटने का आरोप लगाया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर सास, ससुर, ननद समेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। महिला का पति बाहर रहकर रोजगार करता है।

**चार महिलाओं समेत छह का शांति भंग में चालान** : गुलरिहा थाने में जमीनी विवाद को लेकर थाने में हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने चार महिला समेत छह लोगों का शांतिभंग में चालान किया। थाना प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि हरसेवकपुर नंबर दो के नरिया टोला से दो पक्ष थाना पहुंचे थे। इस दौरान दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए।

# यूपी पुलिस का प्रतीक चिह्न लांच

लखनऊ। पुलिस महानिदेशक देवेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय में यूपी पुलिस के प्रतीक चिह्न का अनावरण किया। वर्दी के दाहिने हिस्से में नेम प्लेट के ऊपर यूपी पुलिस अपने प्रतीक चिह्न को लगाएगी। प्रतीक चिह्न में नेवी ब्लू व लाल रंग को शामिल किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने 15 अगस्त 2022 को प्रतीक चिह्न बनाने का फैसला किया था। यूपी पुलिस दुनिया में सबसे बड़ा पुलिस बल है।

# एक नजर में

## मारपीट में मुकदमा दर्ज

मुंडेरा बाजार : मरचहवा गांव के केवटान टोला निवासी अरविंद कुमार ने तहरीर देकर दो नामजद व दो अज्ञात लोगों पर दरवाजे पर चढ़कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। (जासं)

## नम आंखों से सिपाही को दी अंतिम विदाई

पोस्टमार्टम के बाद अभिषेक का शव पुलिस लाइन पहुंचा। नम आंखों से पुलिसकर्मियों ने उसे अंतिम विदाई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने श्रद्धांजलि दी। देर शाम स्वजन शव लेकर बलिया रवाना हो गए। स्वजन के साथ आए रिश्तेदारों ने बताया कि एक माह पहले अभिषेक की मां की मौत हो गई थी, जिसके बाद से वह काफी परेशान था।

**टूट गई थी सीने की पसली, सिर में आगे थी चोट :** दो डाक्टरों की टीम ने वीडियो रिकार्डिंग के साथ सिपाही का पोस्टमार्टम किया, जिसमें पता चला कि सिर में आगे की तरफ चोट लगने से मौत हुई है। इसके अलावा बाएं तरफ सीने की पसली टूटने के साथ ही गर्दन पर चोट के निशान थे। मेडिकल कालेज में मौजूद स्वजन खामोश रहे। पूछने पर उन्होंने कुछ भी बोलने से मना कर दिया।

# नेपाल में गोरखपुर के दो बदमाश गिरफ्तार

**जासं, भैरहवा (नेपाल):** नेपाल के रुपंदेही में लूट की घटना को अंजाम देने के आरोप में गोरखपुर जिले के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों की गिरफ्तारी नेपाल पुलिस ने सोमवार की देर शाम रुपंदेही जिला के कोटही माई पालिका के वार्ड नंबर एक सिपवा गांव से की।

रुपंदेही जिले के डीएसपी श्याम् आर्यल ने बताया कि 10 दिन पूर्व लुंबिनी नगर पालिका के वार्ड 11 में मोबाइल फोन की दुकान से 10.90 लाख की लूट हुई थी। जांच में भारत के गोरखपुर के भगवानपुर (थाना चिलुआताल) निवासी सुनील कुमार साहनी और उसके साथी सहजनवा थानाक्षेत्र के घघसरा रिठ्वाखोर निवासी शशिकांत भट्ट की संलिप्तता पाई गई। नेपाल पुलिस ने गोरखपुर पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि सुनील साहनी हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ कई थाने में मुकदमे पंजीकृत हैं। दोनों की लोकेशन रुपंदेही जिला के कोटही माई गांव पालिका के सिपवा में मिलने पर सोमवार की देर शाम नेपाल पुलिस ने भारतीय नंबर प्लेट की गाड़ी के साथ पकड़ लिया। उनके पास से मैगजीन, अत्याधुनिक पिस्टल व तमंचा बरामद हुआ।

**यह और अन्य खबरें देखें-**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

- **लुंबिनी में मोबाइल की दुकान से लूटे थे 10.90 लाख**
- **चिलुआताल व सहजनवा क्षेत्र के रहने वाले हैं आरोपित**



35 बदमाशों ने बार्डर पार सीमावर्ती जिलों में ली शरण, सिद्धार्थनगर के तीन हिस्ट्रीशीटर बेच रहे थे फल

## कानून के डंडे से डरे अपराधी देश छोड़ भाग रहे नेपाल

100 दिन में जब्त हुई 73.11 करोड़ की संपत्ति

जागरण में प्रकाशित खबर।

## सुनील व शशिकांत समेत 35 ने नेपाल में ली है शरण

**जासं, गोरखपुर :** जिले में लूट की घटनाओं से सनसनी फैलाने वाले सुनील व शशिकांत ने पुलिस के शिकंजा कसने पर देश छोड़ दिया था। इन दोनों के अलावा गोरखपुर जोन के 33 अन्य बदमाशों ने पुलिस के ढूंढने पर नेपाल में शरण ली है।

भगवानपुर, लिलहवा टोला का रहने वाला सुनील कुमार साहनी चिलुआताल थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ गुलरिहा, पीपीगंज, पिपराइच थाने में हत्या, हत्या की कोशिश, जालसाजी, रंगदारी वसूलने, धमकी देने के सात मुकदमे दर्ज हैं। आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय सुनील की पुलिस ने तलाश शुरू की तो देश छोड़कर चला गया। सहजनवां के घघसरा निवासी शशिकांत भट्ट उर्फ गोलू पर सहजनवां, पीपीगंज, पिपराइच, चिलुआताल थाने में लूट, जालसाजी, आर्म्स व गैंगस्टर एक्ट के पांच



नेपाल में गिरफ्तार लूट के आरोपित सुनील साहनी व शशिकांत ●सौ. नेपाल पुलिस

मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के पूछने पर स्वजन ने हैदराबाद में होने की जानकारी दी थी, लेकिन शशिकांत गिरोह के सदस्यों के साथ नेपाल चला गया था और लुंबिनी में मोबाइल की दुकान से 10.90 लाख रुपये लूट लिए।

तीन माह पहले नेपाल पुलिस ने सिद्धार्थनगर जिले के रहने वाले तीन हिस्ट्रीशीटरों को असलहे के साथ पकड़ा था। तीनों बदमाश नेपाल के रुपनदेही जिले में रहकर फल बेचने के साथ ही अपराध कर रहे थे।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 02-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 02/11/22

# चोरी की घटना का पर्दाफाश

देवरिया। महुआडीह थाना के नौतन हथियागढ़ स्थित जनसेवा केन्द्र दुकान का 18/19 अक्टूबर की रात ताला तोड़कर हुई चोरी का पर्दाफास करते हुए पुलिस टीम ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तारकर चोरी के सामान भी बरामद कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों का पुलिस ने सुसंगत धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त चोरी के मामले में दर्ज मुकदमें के दौरान जांच में पुलिस को सुराग मिल गये थे। तभी मुखबीर की सूचना पर नौतन हथियागढ़ पुल पर सुबह तकरीबन 5.10 बजे आकाश पटेल पुत्र सुभाष पटेल निवासी सहोदरपट्टी , मो.फैज उर्फ मो.सैफ पुत्र मो.अलीबास निवासी सहोदरपट्टी, संदीप कुशवाहा पुत्र भरथ कुशवाहा, निवासी बसावन टोला कोटवा व दिलीप कुमार पुत्र लोरिक निवासी बसावन टोला कोटवा, थाना महुआडीह को मय चोरी के सामान एक अदद बैट्री, एक अदद प्रिन्टर, इन्वर्टर व घटना में संलिप्त एक अदद अपाचीमोटरसायकिल यूपी-52,बीआर/9745 के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना, महेन्द्र चर्तुवेदी, उ.नि.मान सिंह, का. अजीत यादव, का.शिवसूरत यादव, का.संजय पटेल, का.राहुल यादव, का. जितेन्द्र कुमार, म.का. प्रीती कुमारी व रश्मि सिंह शामिल रही।

दवा से देवरिया की ओर जा रहे कृषिमंत्री सूर्यप्रताप शाही को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रीय सहारा दि. 02/11/22

# यातायात माह शुभारम्भ, निकली जागरूकता रैली



देवरिया-हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली रवाना करते एसपी।

**देवरिया(एसएनबी)**। मंगलवार को एसपी संकल्प शर्मा ने यातायात माह नवम्बर 2022 का शुभारंभ किया। इसके अनतर्गत यातायात नियमों के पालन हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात श्रीयश त्रिपाठी की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में कुल 150 अटो पर यातायात नियमों से संबन्धित पोस्टर लगाया गया था। रैली देवरिया नगर के प्रमुख बाजारों सहित रूद्रपुर मोड़, रेलवे स्टेशन, भीखमपुर रोड, पूरवा तिराहा, सुभाष चौक होते हुए पुलिस लाइन्स में समापन किया गया। रैली के दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा उन्हे यातायात नियमों संबन्धित पम्पलेट का वितरण किया गया।

रैली में प्रभारी यातायात उ.नि. गुलाब सिंह, उ.नि. यातायात सलामुद्दीन, मु.आ. सफदर अली, मु.आ. शैलेन्द्र कुमार, मु.आ. कैलाशनाथ यादव, मु.आ. लवकेश यादव, कां. रामभजन यादव, कां मनोज जायसवाल, कां. शम्भू, कां. समीर सिंह, कां.रामनिवास सैनी, कां. संतोष प्रियदर्शी शामिल रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि० 02/11/22

# एससीएसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डहरौली निवासी भीम भारती पुत्र हरिबंश ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि आरोपी द्वारा वादी जो पेट्रोल पम्प से 30 लीटर डीजल लेकर घर आ रहा था कि रास्ते में रोक कर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गुत्ता देते हुए मारना पीटना व जानमाल की धमकी देते हुए वादी के पास मौजूद डीजल भरे डब्बे को जमीन पर गिरा दिया व जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया। इस मामले में पुलिस ने शमशेर सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह ग्राम करनपूरा थाना रुद्रपुर पर धारा 323, 504, 506, 427 व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर आपसी पुरानी रंजिश को लेकर पुलिस ने वादी रिंकी देवी पत्नी अरुण सोनकर निवासी रामचक बेरईया के तहरीर पर उपरोक्त गांव निवासी अरुण सोनकर पुत्र रामअशीष, रामअशीष पुत्र स्व. रामसुभग, वरुण पुत्र रामअशीष, मुन्नी देवी पत्नी रामअशीष, विनय पुत्र रामअशीष, सुधा पुत्री रामअशीष के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर पट्टीदारों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर वादी के पुत्र लोकनाथ को मछली मारकर आंते समय रास्ते में ही मारापीटा गया व जानमाल की धमकी दी गयी। इस मामले में रुद्रपुर पुलिस ने वादी प्रेम साहनी पुत्र बंशराज निवासी लखना घाट के तहरीर पर उपरोक्त गांव निवासी लालमोहन यादव पुत्र मुन्ना, रामभुआल पुत्र मुन्ना, चतुरी पुत्र रामअवध, मुन्ना पुत्र रामअवध के खिलाफ धारा 323, 324, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि. 02/11/22



हरी झंडी दिखा कर यातायात माह का शुभारंभ करते हुए एसपी संकल्प शर्मा।

# एसपी ने झंडी दिखा किया यातायात माह का शुभारंभ

देवरिया, निज संवाददाता। यातायात माह के पहले दिन मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए वाहन रैली निकाली जिसे एसपी संकल्प शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रत्येक वर्ष नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। पुलिस लोगों को जागरूक करने के साथ ही लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई भी करती है। यातायात माह के प्रथम दिन मंगलवार को यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली एसपी कार्यालय से पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, एएसपी राजेश सोनकर व सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सिविल लाइन रोड, गोरखपुर रोड, पुरवा तिराहा, सिंधीमिल, कसया रोड, भीखमपुर रोड, सुभाष चौक, मालवीय रोड, अमर ज्योति चौराहा, मेडिकल कालेज, रुद्रपुर मोड़ होते हुए पुलिस लाइन पहुंची।

हिन्दुस्तान 02/11/22

# गौरीबाजार थाना रेटिंग में रहा अव्वल

देवरिया। देवरिया जिले में पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में जिले के 21 थानों की रेटिंग में गौरीबाजार थाना को पहला स्थान मिला है, वहीं सलेमपुर कोतवाली को सबसे आखिरी स्थान मिला है।

एडीजी गोरखपुर जोन के आदेश के क्रम में पब्लिक अपूर्वल रेटिंग के अंतर्गत जिले के सभी 21थानों के सितम्बर महीने की कार्यप्रणाली के संबंध में अक्तूबर माह में ट्विटर पोल तथा डायरेक्ट पोल के माध्यम से वोटिंग करते हुए लोगों की राय ली गई।

**जिले के थानों की यह है रैंकिंग:** गौरीबाजार को पहला स्थान, महिला थाना को दूसरा स्थान, मईल थाना को तीसरा स्थान, खुखुन्दू को चौथा स्थान, भाटपाररानी को 5 वां स्थान, सदर कोतवाली को 6 वां स्थान, तरकुलवा थाना को सातवां स्थान, महुआडीह थाना को आठवां स्थान, रुद्रपुर कोतवाली को नौवां स्थान, खामपार थाना को 10 वां स्थान, रामपुर कारखाना को 11 वां स्थान, बरियारपुर थाना को 12 वां स्थान, भलुअनी थाना को तेरहवां स्थान, मदनपुर को 14 वां स्थान, लार थाना को 15 वां स्थान, बघौचघाट थाना को 16 वां स्थान, भटनी थाना को 17 वां स्थान मिला है।

# छेड़खानी करने वाले युवक पर केस दर्ज

देवरिया। घर में अकेली महिला को देख कर एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी कर दिया। महिला ने इसका विरोध किया तो पिछले दिनों मनबढ़ ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाले एक महिला ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि घर के पास का रहने वाला एक युवक उसे काफी दिनों से परेशान करता है। पिछले दिनों घर में अकेला देख कर अंदर घुस गया। उसने रेप करने की कोशिश किया। इसका विरोध महिला ने किया तो युवक ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

हिन्दुस्तान दि. 02/11/22

# जनसेवा केंद्र में हुई चोरी का किया पर्दाफाश

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। पखवाड़े भर पहले एक जन सेवा केंद्र में हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। रामपुर कारखाना पुलिस ने चोरी के सामान के साथ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने मंगलवार को थाने पर पत्रकारवार्ता में चोरी के मामले का खुलासा किया।

महुआडीह के रामपुर दुल्लह गांव निवासी सुनील की रामपुर कारखाना के नौतन हथियागढ़ में जन सेवा केंद्र है। 18 अक्टूबर की रात चोरों ने जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर दो लैपटॉप, प्रिंटर मशीन, इनवर्टर, बैटरी और लेमिनेशन मशीन चुरा लिया। चोरों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद रामपुर कारखाना पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी हुई थी। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, दरोगा मानसिंह समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मियों ने छापेमारी कर चोरी के सामान के साथ बदमाशों को दबोच लिया। बदमाशों की पहचान महुआडीह थाना क्षेत्र के सहोदर पट्टी गांव निवासी आकाश पटेल व मोहम्मद फैज एवं कोटवा गांव निवासी संदीप कुशवाहा व दिलीप के रूप में हुई।

दैनिक जागरण दि. 02/11/22

# हत्यारोपित बंदी पुलिस अभिरक्षा से हुआ फरार

## उपचार के लिए मेडिकल कालेज में था भर्ती, शौचालय की खिड़की तोड़कर भागा, इंतजार करते रहे जेल के सिपाही

जासं, देवरिया: प्रेमिका के भाइयों को फंसाने के लिए दूसरी महिला की हत्या करने का आरोपित बंदी मंगलवार की रात करीब 8.20 बजे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। कैदी के फरार होने की जानकारी होते ही पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए।



फरार बंदी प्रवीन पाल • सौजन्य पुलिस

कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में बीते 28 सितंबर की रात पूजा (35) की हत्या के मामले में कुशीनगर पुलिस ने 28 अक्टूबर को अयोध्या जनपद के इनायतनगर-थाना क्षेत्र के गहनी खिहारन बारून बाजार के रहने वाले प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल को गिरफ्तार करने के बाद जिला जेल में दाखिल किया था। पुलिस के अनुसार सोमवार की शाम कैदी प्रवीन की तबीयत खराब हो गई। पुलिस कस्टडी में उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया के मेडिकल वार्ड के बेड-नंबर 17 पर भर्ती कराया। मंगलवार की शाम को करीब साढ़े सात बजे वह शौचालय के लिए गया था। काफी देर बाद जब वह शौचालय का दरवाजा नहीं खोला तो सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को शक हुआ तो आवाज देने लगे। अंदर से जवाब न मिलने पर दरवाजे को धक्का देकर खोला तो देखा कि खिड़की टूटी हुई और प्रवीन गायब है। यह देख पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए।



मेडिकल कालेज के शौचालय की खिड़की तोड़कर भागा बंदी • जागरण

पुलिस के अनुसार वह रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में बीते 28 सितंबर की रात वह अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था लेकिन मुलाकात न होने पर चुपके से जाकर पूजा के घर में छिप गया। इसके बाद देर रात अपनी प्रेमिका के भाइयों को फंसाने के लिए बिस्तर पर सो रही पूजा की हत्या कर दी। वह कुछ माह पहले मुंबई से कुशीनगर के रामकोला के मेहदीगंज आया था। मुंबई में ही उसकी प्रेमिका रहती थी। बाद में वह मेहदीगंज आ गई।

इस संबंध में सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपित बंदी पुलिस कस्टडी से फरार हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। उसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। जिले में पुलिस की तलाशी जारी है।

दैनिक जागरण दि॰ 2/11/22

# जानलेवा हमले के मामले में 20 लोगों के विरुद्ध मुकदमा

जासं, गौरीबाजार: युवक पर जानलेवा हमला के मामले में पुलिस ने 13 नामजद समेत 20 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। युवक की बेरहमी से पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

गौरीबाजार थानाक्षेत्र के ग्राम भटौली खुर्द के रहने वाले झन्नू चौहान पुत्र रामदेव चौहान को हमलावरों ने बेरहमी से लाठी डंडे व राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने युवक के पिता की तहरीर पर गांव के प्रभाकर यादव, सुधाकर यादव, राजू यादव, सचिन यादव, उपेंद्र यादव, विशाल यादव, त्रिदेव यादव, सागर, प्रद्युम्न यादव, बृजेश यादव, राहुल यादव, सोनू यादव, पंकज यादव व सात अज्ञात लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही हैं।

**कार ने बाइक में मारी ठोकर, दो घायल: खुखुंदू:** सरयां गांव के समीप मंगलवार को कार ने बाइक में ठोकर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। गौरा गांव के रहने वाले राकेश कुमार पुत्र प्रेम कुमार व राम उदार बाइक से देवरिया की तरफ जा रहे थे।

दैनिक जागरण, 02/11/22

## नौ लोगों के विरुद्ध छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**देसही देवरिया :** दीपावाली की रात हुए मारपीट व छेड़खानी के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर में आरोप लगाया कि दीपावली की रात उनके घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की गई। उनकी पत्नी, माता व पुत्रवधू को भी पीटा व छेड़खानी की। पुलिस ने गांव के ही सुरेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, पतिराज यादव, उमापति यादव, संध्या, प्रभावती, विनय, अरुण पर मुकदमा दर्ज किया। (जासं)

## आठ पर बलवा का मुकदमा

**बरहज :** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम नवापार के रहने वाले विजय चौहान के घर में घुसकर उनके पिता जयराम, माता मंजू देवी, भाई अजय चौहान की आरोपितों ने पिटाई की। दरवाजे पर रखा ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित विजय चौहान की तहरीर पर पुलिस ने अमेरिका यादव, रितेश यादव, मनीष यादव, तेज नारायण यादव, गोलू, सोहन यादव, आकाश यादव, राज गिरी के विरुद्ध कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है। (जासं)

## पिटाई मामले में पति समेत छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : घर में रखे सामान क्षतिग्रस्त करने व महिला की पिटाई मामले में पुलिस ने पति समेत छह के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के रामचक बरइया गांव की रहने वाली रिंकी देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति अरुण सोनकर, ससुर रामअशीष, सास मुन्नी देवी, वरुण, विनय, सुधा के विरुद्ध कार्रवाई की है। (जासं)

## युवक के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा

रुद्रपुर : अनुसूचित जाति के युवक की पिटाई मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डहरौली के रहने वाले भीमसेन भारती ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया था कि करनपुरा के रहने वाले शमशेर सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह ने पुरानी रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। 50 लीटर डीजल भूमि पर गिरा दिया। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। (जासं)

# तेज रफ्तार से बचें, नियमों का करें पालन

## यातायात माह का शुभारंभ, एसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना

जसं, देवरिया: एसपी कार्यालय परिसर से मंगलवार को एसपी संकल्प शर्मा ने यातायात माह का शुभारंभ किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि सड़क पर चलते समय वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। तेज रफ्तार में वाहन न चलाएं। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर व चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर ही चलें। वह

उन्होंने कहा कि राहगीर सदैव सड़क के बायीं तरफ पटरी पर चलें। सड़क पार करने से पूर्व दायें व बायें जरूर देखें। दोपहिया वाहन पर दो से अधिक लोगों का बैठना दंडनीय अपराध है। बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। वाहन चलाने के पूर्व ब्रेक व लाइट आदि की जांच करें। रात को बिना लाइट के वाहन चलाने पर कार्रवाई की जाएगी। वाहन के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस लेकर चलें। रात के समय डीपर का प्रयोग करें। वाहन के लाइटों का फोकस नीचे की तरफ रखें। रुकने या मुड़ने से पहले संकेत दें, ताकि हादसा न हो। साइकिल सवार सड़क पर सदैव बाएं तरफ चलें। यदि दुर्घटना होती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। नियमों का सही ढंग से पालन करने पर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। रैली में 150 आटो व बाइक पर यातायात नियमों से संबंधित पोस्टर लगाए गए थे। रैली शहर के रुद्रपुर मोड़, रेलवे स्टेशन, भीखमपुर रोड, पुरवा तिराहा, सुभाष चौक होते हुए पुलिस लाइन पहुंची, जहां समापन हुआ। इस दौरान लोगों में यातायात नियमों से संबंधित पम्फलेट बांटा गया। इस मौके पर एएसपी डा.राजेश सोनकर, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी, टीएसआइ गुलाब सिंह, एसआइ सलामुद्दीन, सफदर अली, शैलेंद्र कुमार, कैलाशनाथ यादव, लवकेश यादव, रामभजन यादव, मनोज जायसवाल, शम्भू, समीर सिंह, रामनिवास सैनी, संतोष प्रियदर्शी आदि उपस्थित रहे।


जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा • जागरण


शहर के बस स्टेशन के सामने बिना हेलमेट के दो लोगों को बैठाकर बाइक चलाता युवक • जागरण

### यातायात नियमों का नहीं हो रहा पालन

देवरिया: नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। मंगलवार को इसकी शुरुआत हो गई, लेकिन सड़कों पर लोग वाहन चलाते समय लापरवाह दिखे। एक ही बाइक पर तीन से अधिक लोग बैठे व बिना हेलमेट के दिखे। इसी तरह चारपहिया चालक भी बिना सीट बेल्ट के दिखे।

अमर उजाला 02/11/20

# जन सेवा केंद्र में हुई चोरी का पुलिस ने किया पर्दाफाश

रामपुर कारखाना। 15 दिन पहले एक जन सेवा केंद्र में हुई चोरी का पुलिस ने मंगलवार को पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी के सामान के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

**चार आरोपी गिरफ्तार सामान बरामद**

सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि महुआडीह थाना क्षेत्र के रामपुर दुल्लह गांव निवासी सुनील कुमार की रामपुर कारखाना के नौतन हथियागढ़ में जन सेवा केंद्र है। 18 अक्तूबर की रात चोरों ने जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर दो लैपटॉप, प्रिंटर मशीन, इनवर्टर, बैटरी और लेमिनेशन मशीन चुरा लिया। चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद रामपुर कारखाना पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी हुई थी।

थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, दरोगा मानसिंह समेत सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने छापेमारी कर चोरी के सामान के साथ बदमाशों को दबोच लिया। बदमाशों की पहचान महुआडीह थाना क्षेत्र के सहोदर पट्टी गांव निवासी आकाश पटेल व मोहम्मद फैज एवं कोटवा गांव निवासी संदीप कुशवाहा व दिलीप कुमार के रूप में हुई। संवाद

अमर उजाला 02/11/22

# यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं: एसपी



यातायात जागरुकता रैली को रवाना करते एसपी संकल्प शर्मा । संवाद

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंगलवार को यातायात माह का शुभारंभ किया। उन्होंने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि सर्वाधिक मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हो रही हैं। इसलिए चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं और खासतौर पर दोपहिया चालक हेलमेट लगाकर ही चलें।

उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने की जरूरत है कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग किसी भी दशा में न करें। यह उनके लिए कष्टकारी हो सकता है। साथ ही शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की।

## सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने कहा, वाहन चलाते समय लापरवाही न बरतें

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर ने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करें।

क्षेत्राधिकारी नगर व यातायात श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि वाहन चलातें समय लापरवाही न बरतें। रैली रूद्रपुर मोड़, रेलवे स्टेशन, भीखमपुर रोड, पूरवा तिराहा, सुभाष चौक होते हुए पुलिस लाइंस पहुंची। इस दौरान प्रभारी यातायात उप निरीक्षक गुलाब सिंह, दरोगा सलामुद्दीन, सफदर अली, शैलेंद्र कुमार, कैलाशनाथ, लवकेश आदि मौजूद रहे। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-11-2022

# एसपी ने यातायात माह का किया शुभारंभ

- स्कूली बच्चों व ई-रिक्शा के साथ रवाना की जागरूकता रैली
- सड़क पर सुरक्षा उपकरण के साथ निकलने में ही भलाई

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने मंगलवार को रविन्द्रनगर धूस यातायात कार्यालय से एक महीने तक चलने वाले यातायात सुरक्षा माह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने हरी झंडी दिखाकर स्कूल बच्चों व ई रिक्शा की यातयात जागरुकता रैली को रवाना किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि सड़क पर जब भी वाहन लेकर निकलें तो सुरक्षा उपकरणों के लैश होकर ही निकलें। नियमों का पालन करने में ही सभी की भलाई है।

यातायात जागरुकता रैली रवाना करने से पूर्व पुलिस अधीक्षक ने सेन्ट जैवियर्स स्कूल पडरौना के छात्र-छात्राओं व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को यातायात नियमों से सम्बंधित जानकारियां दी। कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शासन के निर्देशानुसार नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कराने हेतु लोगों को हेलमेट पहनने, सेफ्टी बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित करते हुए एसपी ने लोगों से अपील की कि सावधानी पूर्वक रोड पर चलें व यातायात नियमों का पालन जरूर करें। रोड सेफ्टी के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने के दौरान जरा सी लापरवाही जिंदगी के लिए खतरनाक बन जाती है।

सावधानी से चलें तो हम सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचते हैं। अंत में उन्होंने जनपदवासियों से यातायात नियमों के प्रति जागरुक रहकर उनका पालन करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात उमेश चन्द भट्ट, क्षेत्राधिकारी सदर कुन्दन कुमार सिंह, आरआई आरटीओ आरडी प्रसाद वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रुपेश कुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक इंसपेक्टर गिरिजेश तिवारी, निरीक्षक यातायात सत्यसान्याल शर्मा व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।



हरी झंडी दिखा एसपी धवल जायसवाल ने यातायात जागरूकता रैली को किया रवाना।

# विशुनपुरा पुलिस जनता के फीडबैक में जिले में अव्वल

कुशीनगर। अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार द्वारा कराये गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग व सर्वेक्षण में कुशीनगर जिले की विशुनपुरा पुलिस जिले में अव्वल आयी है। जिले के सभी थानों के बारे में कुल 26251 लोगों ने अपना फीडबैक दिया है।

इसी प्रकार क्रमशः दूसरे स्थान पर थाना नेबुआ नौरंगिया, तीसरे स्थान पर थाना पटहेरवा, चौथे स्थान पर थाना खड्डा, पांचवें स्थान पर थाना बरवापट्टी, छठें स्थान पर कप्तानगंज, सातवें स्थान पर रामकोला, आठवें स्थान पर जटहां बाजार, नौवें स्थान पर अहिरौली बाजार, दसवें स्थान पर कसया, ग्यारहवें स्थान पर कोतवाली पडरौना, बारहवें स्थान पर तरयासुजान, तेरहवें स्थान पर कुबेरस्थान, चौदहवें स्थान पर तुर्कपट्टी, पंद्रहवें स्थान सेवरही, सोलहवें स्थान पर हनुमानगंज , सत्रहवें स्थान पर हाटा, अठारहवें स्थान पर तमकुहीराज तथा अंतिम स्थान पर महिला थाना रहा।

# वारंटी गिरफ्तार

कुशीनगर। कप्तानगंज पुलिस ने मंगलवार को एससी, एसटी एक्ट व रेप से संबंधित वारण्टी सुरेन्द्र प्रसाद निवासी महुअवा बुजुर्ग थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया है।

टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय, दरोगा मृत्युंजय सिंह, हवलदार अजीत सिंह तथा सिपाही रवीन्द्र यादव शामिल रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** सेवरही पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त अमित कुमार निवासी पकड़ियार पूरब पट्टी टोला बेलवारी पट्टी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। केस दर्ज होने के बाद से ही वह फरार था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संजय कुमार, दरोगा सभाजीत सिंह, सिपाही इशरार अहमद, रमेश चन्द्र चौधरी तथा मोहम्मद समीम शामिल रहे।

# चोरी की रिक्शा बरामद, एक गिरफ्तार

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली की पुलिस ने पिछले दिनों नगर से चोरी गये रिक्शे के साथ अभियुक्त गणेश गौड़ निवासी वार्ड नंबर 25 कस्बा हाटा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक प्रतिबंधित चाकू बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा प्रविन्द कुमार राय, अभय राय, सिपाही दीपक पासवान तथा सतीश चन्द शामिल रहे।

# प्रेमी जोड़े को किया परिजनों के हवाले

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव से भाग रहे बालिग प्रेमी जोडे को पुलिस ने खड्डा रेलवे स्टेशन से बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया है। खड्डा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति के यहा गांव का ही एक युवक आता जाता था।

इसी दौरान उक्त व्यक्ति की लड़की से युवक की करीबी हो गयी। मंगलवार की दोपहर युवक मौका देख युवती को लेकर फरार हो गया।

# हत्या की झूठी सूचना, हलकान रही पुलिस

**नेबुआ नौरंगिया।** मंगलवार को नेबुआ नौरंगिया पुलिस के नम्बर पर एक महिला ने फोन करके बताया कि मेरे पिता की हत्या कर दी गई है।

थानाध्यक्ष तत्काल उसका पता पूछ कर भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए। लोकेशन लेने लगे तो सूचना देने वाली महिला का मोबाइल स्विच आफ मिला। पुलिस उस गांव के ग्रामीणों से उक्त प्रकरण के बिषय में जानकारी ली तो ग्रामीणों ने इस प्रकार की किसी घटना से इनकार किया।

# पिस्टल लेकर नाच रहे युवक का वीडियो वायरल, गिरफ्तार

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में डीजे बजाकर कुछ युवकों के डांस का वीडियो वायरल हो गया। इसमें शामिल एक युवक के हाथ में पिस्टल दिख रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक की पहचान कर ली और शाम को उसे दबोच लिया। मामले में युवक पर केस अवैध असलहा लहराने का दर्ज कर लिया गया है।

मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। यह वीडियो पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। वीडियो में एक युवक हाथ में पिस्टल लेकर थिरकता नजर आ रहा है। उसके साथ कुछ और युवक भी डांस कर रहे हैं। वीडियो क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय गया। वीडियो पुलिस

- **पटहेरवा थाने के एक गांव में कुछ युवक डीजे पर कर रहे थे डांस**
- **पुलिस ने युवक की पहचान की, दर्ज किया मुकदमा**

तक भी पहुंचा। एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने जांच शुरू करा दी और शाम तक युवक की पहचान माधोपुर निवासी विकास गोंड के रूप में हुई। पुलिस टीम गांव के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। अवैध असलहा भी उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया गया। एसओ ने बताया कि विकास गोंड के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उसे जेल भेजा जाएगा।

# पुलिस ने दिलाया सुरक्षा का विश्वास

**जागरण संवाददाता, सेवरही** : सेवरही कस्बा इंचार्ज मंगेश मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल मार्च कर नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। मंगलवार को सायं सात बजे कस्बा सेवरही के सर्राफा बाजार, तमकुहीरोड स्टेशन, मालगोदाम तिराहा आदि भीड़ भाड़ वाले व्यस्ततम स्थानों पर पुलिस फोर्स मार्च कर शरारती तत्वों को कड़ा संदेश दिया। चौकी इंचार्ज ने कहा कि अराजक तत्व पुलिस के रडार पर हैं। शांति व कानून व्यवस्था भंग करने वालों के प्रति कत्तई नरमी नहीं बरती जाएगी। नागरिकों की सुरक्षा व सहयोग के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। इस दौरान कांस्टेबल रोशन त्रिपाठी, कमलेश यादव, दिलीप चौरसिया, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# यातायात माह का शुभारंभ, निकाली रैली

## सड़क हादसों को रोकने के लिए पूरे माह आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार को जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर यातायात माह का शुभारंभ किया। स्कूली छात्र छात्राओं ने स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। सभी से यातायात नियमों के पालन करने का आह्वान किया गया।

एसपी ने ई-रिक्शा वाहनों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट लगाकर चलने की अपील की। बताया कि यातायात नियमों को तोड़ने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया जाएगा।



यातायात माह जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

रैली में शामिल सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने मुख्यालय व आसपास के मुख्य मार्गों, बाजारों में यातायात नियमों का पालन करने जैसे-नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने आदि के संबंध में स्लोगन-पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया।

एसपी ने कहा कि नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। सड़क हादसों को रोकने के लिए पूरे माह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि सड़क पर चलते समय गति नियंत्रित रखें। तेज रफ्तार के चलते आए दिन हादसे सामने आ रहे। अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को बाइक न दें। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, सीओ यातायात उमेशचंद भट्ट, आरआई आरटीओ आरडी प्रसाद, आरआई रूपेश कुमार, कोतवाल पडरौना राजप्रकाश सिंह, प्रभारी यातायात सत्य सान्याल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विशुनपुरा पहले व नेबुआ-नौरंगिया थाना दूसरे स्थान पर

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार की पहल पर जनता की मांगी गई प्रतिक्रिया में जनपद के थानों की पुलिस की कार्य-प्रणाली अच्छी तो खराब भी है। नागरिकों की राय में थाना विशुनपुरा पहले पायदान पर है। वहीं नेबुआ-नौरंगिया को दूसरा तथा पटहेरवा थाने को तीसरा स्थान मिला है। नागरिकों की राय में तमकुहीराज व महिला थाने की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है।

थानों की कार्य-प्रणाली के बारे में राय जानने के लिए एसपी धवल जायसवाल ने बीते अक्टूबर में नागरिकों से वाट्सएप, फेसबुक तथा ट्विटर के माध्यम से प्रतिक्रिया मांगी थी। इसके अलावा आइजीआरएस तथा एफआइआर व एनसीआर दर्ज कराए लोगों से बात कर उनका फीडबैक लिया गया। निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली गई। शिकायतकर्ताओं से सुझाव मांगे गए। पूछा गया कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस की कार्रवाई से वे संतुष्ट हैं या नहीं। पब्लिक पोल में ट्विटर के माध्यम से 3463 लोगों ने प्रतिक्रिया दी। जबकि 18067 लोगों से बात कर उनकी राय जानी गई। इसी तरह एनसीआर, एफआईआर दर्ज कराए 296, पासपोर्ट और चरित्र प्रमाण-पत्र बनवाने वाले 3381 व आइजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराए 1044 लोगों से पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में पूछा गया। इस तरह कुल 26251 नागरिकों से मिली राय के आधार पर एडीजी जोन ने थानों की रैंकिंग तय की।

**26251 लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर व्यक्त की अपनी राय, तमकुहीराज व महिला थाने की कार्यप्रणाली ठीक नहीं**



## इन थानों को मिला स्थान

| | |
|---|---|
| विशुनपुरा | पहला |
| नेबुआ-नौरंगिया | दूसरा |
| पटहेरवा | तीसरा |
| खड्डा | चौथा |
| बरवापट्टी | पांचवां |
| कप्तानगंज | छठवां |
| रामकोला | सातवां |
| जटहाबाजार | आठवां |
| अहिरौलीबाजार | नौवां |
| कसया | 10वां |
| कोतवाली पडरौना | 11वां |
| तरयासुजान | 12वां |
| कुबेरस्थान | 13वां |
| तुर्कपट्टी | 14वां |
| सेवरही | 15वां |
| हनुमानगंज | 16वां |
| कोतवाली हाटा | 17वां |
| तमकुहीराज | 18वां |
| महिला थाना | 19वां |

पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नागरिकों से राय मांगी गई थी। प्राप्त सुझाव पर अमल कर कार्य-प्रणाली में और सुधार कर पुलिस व नागरिकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित किया जाएगा। नागरिकों से मिली राय पुलिस को और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

**धवल जायसवाल**, एसपी

# सावधान! बदमाश न कर जाएं घर साफ

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** दीपावली के साथ ही ठंड की दस्तक हो चुकी है। हल्की ओस भी रात में पड़ने लगी है। जल्द ही रात में कुहासा भी बढ़ने लगेगा। इसलिए सर्द रातों में और भी सावधान होना पड़ेगा, नहीं तो बंजारा जाति के लुटेरे घर साफ कर जाएंगे। पूर्व में गिरोह की सक्रियता उजागर होने को लेकर पुलिस सजगता बरत रही।

खतरनाक तरीके से लूटपाट करने वाले इन बदमाशों का मौसम दीपावली से शुरू हो जाता है। बंजारा जाति से संबंध रखने वाला यह गिरोह इस त्योहार के बाद वारदात को अंजाम देने की शुरुआत करता है।

फाजिलनगर व कप्तानगंज क्षेत्र में गिरोह द्वारा लूट की घटनाओं को अंजाम देने की पुष्टि हो चुकी है। यह देखते हुए पुलिस अलर्ट है। अफसरों ने रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ ही गांव-शहर में अस्थाई ठिकाना बनाकर रह रहे लोगों, खासकर नट बिरादरी पर नजर रखने को कहा है। सड़क किनारे टेंट लगाकर दुकान चलाने वालों की भी पहचान सुनिश्चित करने का निर्देश हुआ है।

**यह है अपराध का तरीका:** यह गिरोह दीपावली की रात अपने कुल देवी का पूजन-अर्चन करते हैं। फिर मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देते हैं। वारदात के दौरान घर में मौजूद लोगों पर वार कर लहूलुहान करना इनकी योजना में शामिल होता है। इसके पीछे मान्यता है कि अगर वारदात के दौरान खून-खराबा नहीं हुआ तो गिरोह के लिए अशुभ होगा। होली के दिन लुटेरे पुनः अपनी कुल देवी की पूजा कर वारदात को अंजाम देने से परहेज करते हैं।

## दीपावली के बाद बंजारों का गिरोह वारदात को देता है अंजाम, हाईटेक हुए लुटेरे, कच्छा-बनियान व डंडा बीते जमाने की बात

### रात में कोई मांगे मदद तो रहें सतर्क

घटना से पूर्व यह गिरोह घरों को चिन्हित कर रेकी करता है। रात के समय गिरोह के सदस्य घर का दरवाजा खुलवाने के लिए पीड़ित बन मदद की गुहार लगाते हैं। पीड़ित समझ लोग दरवाजा खोल देते हैं, जिससे वे आसानी से घरों में प्रवेश कर जाते हैं। कई बार दरवाजे पर इनके द्वारा पशु-पक्षी तथा बच्चों के रोने जैसी आवाज निकाली जाती है।

"ठंड का मौसम शुरू हो चुका है। बदलते मौसम को देखते हुए गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। घुमंतू लोगों के साथ साथ संदिग्धों पर पुलिस की कड़ी नजर है।

**धवल जायसवाल**, एसपी

### जनपद में हुई घटनाएं

- नवंबर, 2020 में खड्डा कस्बे में किराना दुकानदार के यहां लूटपाट। दुकानदार समेत घर के लोगों को बदमाशों ने राड से पीटकर किया था लहूलुहान।
- सितंबर, 2019 में कसया थाने के गांव पिपरा में लूटपाट की घटना आई थी सामने।
- दिसंबर 2018 में कप्तानगंज कस्बे में आधा दर्जन कच्छा-बनियान पहने लुटेरों ने लूटपाट की घटना को दिया था अंजाम।
- 10 अक्टूबर, 2016, कसया के अमियनगर मोहल्ले में सुभाष पांडेय के यहां किराए का मकान लेकर रह रहे बैंक प्रबंधक व आबकारी सिपाही के यहां लूटपाट की घटना सामने आई थी।
- नवंबर 2014, फाजिलनगर के कृष्णा सिंह के यहां लूटपाट। घर के लोगों को लहूलुहान कर गिरोह के सदस्यों ने फैला दी थी दहशत।

***

# बच्चों ने रैली निकाल यातायात के प्रति किया जागरूक

## रविंद्र नगर धूस स्थित ट्रैफिक कार्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



ट्रैफिक माह का शुभारंभ करते एसपी धवल जायसवाल। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** यातायात माह नवंबर का शुभारंभ मंगलवार को एसपी धवल जायसवाल ने किया। रविंद्र नगर धूस स्थित ट्रैफिक कार्यालय आयोजित कार्यक्रम में एसपी ने सभी नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलती है। हर किसी को जागरूक नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए। इस मौके पर एसपी ने जागरूकता रैली और ई-रिक्शा वाहन के चालकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यातायात माह नवंबर की शुरुआत एक नवंबर से होती है। इसमें पुलिस एक माह तक लोगों को जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील करती है। इस दौरान जांच अभियान चलाकर हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट न बांधने, तीन सवारी बाइक चलाने सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर पुलिस कार्रवाई करती है।

मंगलवार को यातायात माह का शुभारंभ करने के दौरान सेंट जेवियर्स स्कूल पडरौना के छात्रों सहित अन्य उपस्थित लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करते हुए सावधानी पूर्वक रोड पर चलने, यातायात नियमों का पालन करने और रोड सेफ्टी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

### जागरूकता रैली व ई-रिक्शा वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

इस मौके पर एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ यातायात उमेश चंद भट्ट, सीओ सदर कुंदन सिंह, आरआई आरटीओ आरडी प्रसाद वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रूपेश कुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक इंस्पेक्टर गिरिजेश तिवारी, निरीक्षक यातायात सत्य सान्याल शर्मा और अन्य लोग मौजूद थे।

सर्वेक्षण वोटिंग में कुशीनगर जनपद के सभी थानों के 26251 लोगों ने दिया फीडबैक

# जनता के फीडबैक में विशुनपुरा थाना को मिला पहला स्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कुशीनगर जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर अक्तूबर माह में हुए सर्वेक्षण में विशुनपुरा थाना को प्रथम स्थान मिला है। जनता की तरफ से दिए गए फीडबैक में महिला थाना 19वें स्थान पर हैं। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि जिन थानों की स्थिति खराब है। उनको सुधार का मौका दिया गया है। कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होने पर कार्रवाई तय है।

गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार की तरफ से हर माह जोन के सभी थानों का सर्वेक्षण कराया जाता है। इसको एडीजी जोन ने पब्लिक एप्रूवल रेटिंग नाम दिया है। पुलिस की कार्यप्रणाली पर आमजन ट्विटर, डॉयरेक्ट पोल, पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन, आईजीआरएस एवं जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत अभियोगों (प्रथम सूचना रिपोर्ट/एनसीआर) के संबंध में अपनी राय व्यक्त करते हैं। अक्तूबर माह में कुशीनगर जिले में कुल 26251 व्यक्तियों ने फीडबैक दिया।

*हर माह थानावार सर्वेक्षण कराया जा रहा है। कार्यप्रणाली नहीं सुधरने की दशा में संबंधित थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*
*- **धवल जायसवाल,** एसपी, कुशीनगर*

इसके आधार पर कुशीनगर पुलिस के कार्यों का मूल्यांकन कराया गया तो सबसे ज्यादा अंक पाकर विशुनपुरा थाना पुलिस पहले स्थान पर रही।

दूसरे स्थान पर थाना नेबुआ नौरंगिया, तीसरे स्थान पर थाना पटहेरवा पुलिस रही। इसके अलावा चौथे स्थान पर खड्डा, पांचवें पर बरवापट्टी, छठवें पर कप्तानगंज, सातवें पर रामकोला, आठवें पर जटहां बाजार, नौवें पर अहिरौली बाजार, 10वें पर कसया, 11वें पर कोतवाली पडरौना, 12वें पर तरयासुजान, 13वें पर कुबेरस्थान, 14वें तुर्कपट्टी, 15वें पर सेवरही, 16वें पर हनुमानगंज, 17वें पर हाटा, 18वें पर तमकुहीराज और 19वें स्थान पर महिला थाना पुलिस रही।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-11-2022

# अब यूपी पुलिस की वर्दी में प्रतीक चिह्न लगेगा

लखनऊ,विशेष संवाददाता। पुलिस महानिदेशक देवेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय में यूपी पुलिस के प्रतीक चिह्न का अनावरण किया। वर्दी के दाहिने हिस्से में नेम प्लेट के ऊपर यूपी पुलिस अपने प्रतीक चिह्न को लगाएगी। डीजीपी ने कहा ये चिह्न हमें पुलिस के कर्तव्यों की भी याद दिलाएगा। पुलिस महानिदेशक ने 15 अगस्त 2022 को प्रतीक चिह्न बनाने का फैसला किया।




यूपी पुलिस में लगभग 74 जिला पुलिस विभाग और 4 कमिश्नरेट हैं। पुलिस अधिनियम 1861 के तहत, सन् 1863 में संयुक्त प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय के रूप में स्थापित किया गया था। आज यह 159 वर्ष पुराना है। अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात अनुपम कुलश्रेष्ठ को प्रतीक चिह्न बनवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशान्त कुमार ने इसकी मॉनिटरिंग की। फैशन डिजाइनर पूर्णिमा भिक्ता ने इसे तैयार करने में मदद की।

## जिले में यातायात व सड़क सुरक्षा जागरूकता का शुभारंभ

# जीवन है अनमोल, ट्रैफिक नियमों का करें पालन

### अपील

महराजगंज, निज संवाददाता। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने मंगलवार को नगर के मुख्य तिराहा पर सड़क सुरक्षा व यातायात जागरूकता माह का शुभारम्भ किया। वाहन ड्राइविंग में सीट-बेल्ट व हेल्मेट की उपयोगिता की जानकारी दी। बताया कि कार्रवाई से बचने के लिए नहीं बल्कि खुद की सलामती व परिवार की खुशहाली के लिए यातायात नियम का पालन करना चाहिए। डीएम व एसपी ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीएम सत्येन्द्र कुमार ने कहा हर साल नवंबर माह को सड़क सुरक्षा व यातायात जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। पहली नवंबर से यातायात माह का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक ऐसा विषय है, जिसकी हम सामान्यतः उपेक्षा करते हैं। मुख्यमंत्री के वीडियो कांफ्रेंसिंग का हवाला देते हुए बताया कि कोरोना जैसे वैश्विक महामारी में भी देश में उतने लोगों ने प्राण नहीं गंवाया, जितने लोग प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवां देते हैं।



डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने मंगलवार को यातायात जागरूकता माह के अभियान का हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। • हिन्दुस्तान

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने सभी लोगों से यातायात नियमों के पालन करने और हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने तरबूज से सर की तुलना करते हुए उपस्थित छात्रों को हेलमेट ना लगाने की प्रवृत्ति के प्रति आगाह भी किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने 26/11 मुंबई हमले व अपने चिकित्सीय पेशे के अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन शमशुल हुदा ने किया।

**ट्रैफिक पुलिस ने माह भर की कार्ययोजना बनाई है:** यातायात प्रभारी हरि सिंह यादव ने बताया कि यातायात जागरूकता को लेकर पूरे नवंबर माह की कार्ययोजना बनाई गई है। हर दिन कार्ययोजना के मुताबिक लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्रवाई भी होगी। नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल ने भी सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में एडिशन एसपी आतिश सिंह, सीओ ट्रैफिक सुनील दत्त दुबे, सीओ सदर अजय सिंह आदि रहे।

# एसपी ने बदले दस थानों के एसओ, छह की गई थानेदारी

## फेरबदल

- इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक
- सुनील राय के हाथ में एसओजी की कमान सौंपी गई

महराजगंज, निज संवाददाता। छठ पर्व बीतते ही पुलिस कप्तान डॉ. कौस्तुभ ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए दस थानेदारों समेत पन्द्रह निरीक्षक/उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिले के दस थानों में नए थानाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। छह थानेदारों को अपनी थानेदारी गंवानी पड़ी। उनको एसपी ने दूसरे महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है। दो एसआई एसपी का विश्वास जीतने में सफल हुए हैं। पहली बार उनको थानाध्यक्ष बनाया गया है।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल ने बताया कि निचलौल थाना के प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह को श्यामदेउरवा थाना का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। श्यामदेउरवा के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता को निचलौल थाना का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। नौतनवा थाना के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय को एसओजी का प्रभारी बनाया गया है। फरेंदा थाना के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र को सर्विलांस सेल का प्रभारी बनाया गया है। बरगदवा थाना के प्रभारी निरीक्षक चंद्रहास मिश्र अब जन सुनवाई सेल के प्रभारी होंगे।

एसओजी प्रभारी स्वतंत्र कुमार सिंह को पनियरा थाना को एसओ बनाया गया है। पनियरा थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह को बरगदवा थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सिसवा बाजार के चौकी प्रभारी एसआई नीरज राय को घुघली का थानेदार बनाया गया है। घुघली के थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह को आईजीआरएस सेल व परसामलिक थानाध्यक्ष अजीत कुमार को मानीटरिंग सेल में तैनात किया गया है।

# तस्करी के लिए रखी गई 29 बोरी खाद बरामद

ठूठीबारी : कोतवाली पुलिस ने गड़ौरा बाजार के समीप सड़क के किनारे तिरपाल से ढककर रखी गई 29 बोरी यूरिया बरामद किया है। कार्रवाई कर उसे कस्टम को सौंप दिया गया है। (जासं)

## एक नजर में

# हेलमेट वितरित कर किया जागरूक

महराजगंज : मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर तिराहा पर जागरूकता अभियान चलाकर बिना हेलमेट यात्रा कर रहे बाइक चालकों को हेलमेट वितरित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। (जासं)

# सीट बेल्ट व हेलमेट का जरूर प्रयोग करें चालक

## रैली निकालकर यातायात के प्रति किया जागरूक, बोले डीएम– सभी चालक बरतें सावधानी



रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा. कौस्तुभ ● जागरण



यातायात माह के तहत रैली निकालते छात्र ● जागरण

**जासं, महराजगंज:** यातायात माह के अवसर पर मंगलवार को नगर पुलिस चौकी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने यातायात माह का शुभारंभ किया।


- **यातायात माह के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**
- **वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें : डा. कौस्तुभ**

जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात नियमों का सभी पालन करें। सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक ऐसा विषय है, जिसकी हम सामान्यतः उपेक्षा करते हैं। बताया कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री के द्वारा सड़क सुरक्षा के संदर्भ में एक वीडियो कांफ्रेंसी के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को लक्षित करते हुए कहा गया कि कोरोना जैसे वैश्विक महामारी में भी भारत में उतने लोगों ने प्राण नहीं गंवाया, जितने लोग प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवा देते हैं। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु का जिक्र करते हुए कहा कि ये मृत्यु लापरवाही नामक महामारी का परिणाम हैं। सड़क यातायात के दौरान लापरवाह प्रवृत्ति को छोड़ें और सीट बेल्ट/हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। इस छोटी सी सावधानी से ही हम प्रतिवर्ष हजारों जाने बचा सकते हैं। यह सावधानी ड्राइवर के साथ-साथ कार व बाइक पर बैठने वाले सभी लोगों को बरतनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वाहन स्वामी यातायात नियमों के पालन करें। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया। जो नगर के विभिन्न मार्गों पर लोगों को जागरूक करते हुए वापस पुलिस चौकी पहुंची। नपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, एएसपी आतिश कुमार सिंह, सीओ ट्रैफिक सुनील दत्त दुबे, सीओ सदर अजय सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व छात्र उपस्थित रहे।

## खत्म हो गया है माफिया का डर

# यूपी पुलिस को मिला प्रतीक चिह्न

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : यूपी पुलिस के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास रहा। उसे अपना पहला प्रतीक चिह्न मिल गया है। डीजीपी डा.डीएस चौहान ने प्रतीक चिह्न का अनावरण किया और उसे पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की वर्दी पर लगाया गया। यूपी पुलिस के प्रतीक चिह्न में पुलिस कलर (नीले व लाल रंग) का उपयोग किया गया है और उसमें अशोक की लाट के नीचे सत्यमेव जयते लिखा है। नीचे उत्तर प्रदेश पुलिस लिखा है और बीच में दो मछलियों की आकृति बनी हैं। अब डीजीपी से लेकर सिपाही तक पुलिस चिह्न को वर्दी में दाहिनी ओर सीने पर नेमप्लेट के ऊपर धारण करेंगे। अभी पुलिस अधिकारी व कर्मी वर्दी में बाजू पर उप्र प्रदेश शासन का चिह्न धारण करते हैं।



प्रतीक चिह्न जारी करते डीजीपी डीएस चौहान ● पुलिस मुख्यालय

उप्र पुलिस बल की स्थापना के 159 वर्ष बाद उसे अपना प्रतीक चिह्न मिला है। इसकी कल्पना इसी वर्ष पंद्रह अगस्त के अवसर पर की गई थी। वर्तमान में पंजाब, दिल्ली, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर व कुछ अन्य राज्यों की पुलिस के अपने प्रतीक चिह्न हैं। डीजीपी मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रीतक चिह्न का अनावरण किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस भारत गणराज्य के सबसे पुराने पुलिस विभागों में से एक है और दुनिया में सबसे बड़ा पुलिस बल है। इसे वर्ष 1863 में संयुक्त प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय के रूप में स्थापित किया गया था। प्रतीक चिह्न बनवाने में एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार व एडीजी यातायात अनुपम कुलश्रेष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतीक चिह्न को बनाने में फैशन डिजाइनर पूर्णिमा भिक्ता का भी सहयोग रहा।

# थाने पर आयोजित हुआ स्वागत व विदाई समारोह

**जासं, आनंदनगर:** फरेंदा कोतवाली परिसर में समारोह आयोजित कर नए थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार राय का स्वागत, जबकि निवर्तमान थानाध्यक्ष संजय मिश्रा को विदाई दी गई।

# 10 वर्ष पुराने आधारकार्ड को कराएं अपडेट

**जासं, महराजगंज:** जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा महराजगंज में आधार अपडेट के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि निवासी अपना आधार अपडेट आसानी से करा सकें। इसके लिए विशेष आधार कैंपो का आयोजन भी किया जा रहा है। आमजन 10 वर्ष पुराने आधारकार्ड को अपडेट करा लें, ताकि फोटो आदि पहचान में आसानी भी हो सके।

AADHAAR

- नजदीकी केंद्र पर निर्धारित शुल्क जमाकर ले सकते हैं सुविधा
- आनलाइन भी अपडेट कर सकते हैं लोग

उन्होंने बताया कि आधार एक अतिमहत्वपूर्ण दस्तावेज है और इसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है। आधार के अपडेट रहने से योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। उन्होंने बताया कि आधार को कोई भी व्यक्ति आसानी से अपडेट करा सकता है। विशेष तौर पर अपना पता व मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखें। आधार अपडेट के लिए अपने पते का प्रमाण (पीडीए) और पहचान का प्रमाण (पीओएल) लेकर अपने नजदीकी आधार केंद्र जाएं और निर्धारित शुल्क 50 रुपये जमा कर अपना आधार अपडेट करा लें। उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी व्यक्ति https://myaadhaar.uidai.gov.in/ से ऑनलाइन भी अपडेट कर सकता है। इसके लिए निर्धारित शुल्क 25 रुपये है। इसी प्रकार अपने नजदीकी आधार केंद्र का पता जानने के लिए https://appointments.uidai.gov.in/bookappointment.aspx पर लॉग इन करें। साथ ही आधार भुवन पोर्टल https://bhuvan.nrsc.gov.in/aadhaar के माध्यम से भी अपने नजदीकी आधार केंद्र की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# अफसर बोले-अपनी सुरक्षा के लिए सीट बेल्

## यातायात माह : डीएम एवं एसपी ने संयुक्त रूप से जागरुकता रैली को रवाना किया, हालांकि पहले दि

संवाद न्यूज एजेंसी





जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी डॉ. कौस्तुभ। कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम सत्येंद्र

**महराजगंज।** नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाने का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए नगर के सक्सेना चौक से जागरूकता रैली को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से रवाना किया। दोनो अधिकारियों ने लोगों को नियम का पालन के लिए जागरूक किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाना जरूरी है। यातायात माह का शुभारंभ इस उद्देश्य से किया जाता है कि लोग नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक हों। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक ऐसा विषय है जिसकी हम सामान्यतः उपेक्षा करते हैं।

उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि यातायात माह के दौरान लापरवाही छोड़ें और सीट बेल्ट/हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। इस छोटी सी सावधानी से ही हम प्रतिवर्ष हजारों जाने बचा सकते हैं। यह सावधानी चालक के साथ-साथ कार व मोटरसाइकिल पर बैठने वाले सभी लोगों को बरतनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया। उन्होंने तरबूज से सिर की तुलना करते हुए उपस्थित छात्रों को हेलमेट की उपयोगिता को बताया। पुलिस अधीक्षक ने 26/11 मुंबई हमले व अपने चिकित्सीय पेशे के अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन शमशुल हुदा ने किया।

इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक कुमार सिंह, सीओ ट्रैफिक सुनील दत्त दुबे, सीओ सदर अजय सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## यातायात माह शुरू पर पहले



मंगलवार को एक बाइक पर चार लोग नजर आए। कई

# ो सुरक्षा के लिए सीट बेल्ट लगाएं व हेलमेट प

रूप से जागरुकता रैली को रवाना किया, हालांकि पहले दिन सड़क पर यातायात नियमों का खूब उल्लंघन





दिखाकर रवाना करते डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी डॉ. कौस्तुभ। कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम सत्येंद्र कुमार। उधर, एक पुलिस कर्मी को हेलमेट पहनाते एएसपी आतिश कुमार सिंह। संवा

## यातायात माह शुरू पर पहले दिन ही टूटते दिखे नियम




मंगलवार को एक बाइक पर चार लोग नजर आए। कई लोग बिना हेलमेट के ही बाइक चलाते दिखे। संवाद

# अफसर बोले–अपनी सुरक्षा के लिए सीट बेल्ट लगाएं व हेलमेट पहनें

**यातायात माह : डीएम एवं एसपी ने संयुक्त रूप से जागरुकता रैली को रवाना किया, हालांकि पहले दिन सड़क पर यातायात नियमों का खूब उल्लंघन भी हुआ**

संवाद न्यूज एजेंसी





जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी डॉ. कौस्तुभ। कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम सत्येंद्र कुमार। उधर, एक पुलिस कर्मी को हेलमेट पहनाते एएसपी आतिश कुमार सिंह। संवाद

महराजगंज। नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाने का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए नगर के शास्त्री चौक से जागरूकता रैली को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से रवाना किया। दोनों अधिकारियों ने लोगों को नियम का पालन के लिए जागरूक किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाना जरूरी है। यातायात माह का शुभारंभ इस उद्देश्य से किया जाता है कि लोग नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक हों। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक ऐसा विषय है जिसकी हम सामान्यतः उपेक्षा करते हैं।

उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि यातायात माह के दौरान लापरवाही छोड़ें और सीट बेल्ट/हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। इस छोटी सी सावधानी से ही हम प्रतिवर्ष हजारों जानें बचा सकते हैं। यह सावधानी चालक के साथ-साथ कार व मोटरसाइकिल पर बैठने वाले सभी लोगों को बरतनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया। उन्होंने तरबूज से सिर की तुलना करते हुए उपस्थित छात्रों को हेलमेट की उपयोगिता को बताया। पुलिस अधीक्षक ने 26/11 मुंबई हमले व अपने चिकित्सीय पेशे के अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन शमशुल हुदा ने किया।

इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक कुमार सिंह, सीओ ट्रैफिक सुनील दत्त दुबे, सीओ सदर अजय सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।


## यातायात माह शुरू पर पहले दिन ही टूटते दिखे नियम






मंगलवार को एक बाइक पर चार लोग नजर आए। कई लोग बिना हेलमेट के ही बाइक चलाते दिखे। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-11-2022

# दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** दुष्कर्म के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुरानी बस्ती पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती में दुष्कर्म के मामले में धारा 376, 506 आईपीसी से संबंधित आरोपी मोहम्मद सलमान पुत्र मोहम्मद सिद्दीक निवासी रसूलनगर थाना पुरानी बस्ती को रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर 2 से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को थाने से जरूरी औपचारिकताओं को पूर्ण कराने के बाद अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक अरविंद कुमार यादव, आरक्षी सपन सिंह, आरक्षी यादव सुनील कुमार थाना पुरानी बस्ती शामिल रहे।

# हत्यारोपी पति गिरफ्तार

**बभनान (एसएनबी)।** कस्बे के वार्ड नंबर 12 महागौरी नगर निवासी नव विवाहिता की हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी पति रूबल कमलापुरी पुत्र राधेश्याम कमलापुरी को पुलिस ने बभनान-हर्रैया तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। गौर के थानाध्यक्ष बृजेन्द्र पटेल ने बताया कि मामले के आरोपी ससुर, जेठ व जेठानी फरार चल रहे है जिनकी तलाश जारी है।

# यातायात माह का किया शुभारम्भ

**बस्ती (एसएनबी)।** डीएम प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव द्वारा यातायात माह नवम्बर 2022 का शुभारंभ किया गया। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शासन के निर्देशानुसार नवंबर माह को यातायात माह के रूप में




मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि सड़क पर कहीं भी दुर्घटना हो तो हमें रुक कर यथासंभव मदद करनी चाहिए। ऐसे व्यक्ति को प्रति वर्ष गुड समेरीटन के नाम से पुरस्कार भी गणतन्त्र दिवस की परेड में दिया जाता है। सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कराने हेतु लोगों को हेलमेट पहनने, सेफ्टी बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित करते हुए सावधानी पूर्वक रोड पर चलने, यातायात नियमों का पालन करने हेतु सुझाव दिया गया एवं रोड सेफ्टी के प्रति लोगो को जागरुक किया गया तथा यातायात नियमो के प्रति जागरुक रहकर उनका पालन करने की अपेक्षा की गयी तथा यह भी बताया गया की यातायात नियमों का पालन करके ही वाहन दुर्घटनाओ में कमी लायी जा सकती व्यक्ति,यातायात प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मचारीगण मौजूद रहे। यातायात माह नवम्बर 2022 के दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों, कालेजों में यातायात पुलिस व स्वयं सेवी समूहों के सहयोग से एवं अन्य आयोजनों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा ।

# दो पक्ष आपस में भिड़े, क्रास केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बीडीओ द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यों की जांच के दौरान फोटो खींचने के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। जिसके बाद दोनो तरफ से जमकर मारपीट हुई। मामला थाने पहुंचा जहां पर पुलिस ने क्रास केस दर्ज करने की कार्यवाही किया है। लालगंज थाना क्षेत्र के बगहीं ग्राम पंचायत के बीडीओ कुदरहा द्वारा विकास कार्यों की जांच के दौरान फोटो खींचने की बात को लेकर कुछ लोगो का सोनू से विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपियों ने उन्हें गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सोनू पुत्र रामसिंह निवासी मरवटिया थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामजीत पुत्र शिवमूरत, महेन्द्र पुत्र प्रदीप कुमार, पारस पुत्र श्रीराम, मनोज कुमार पुत्र रामउजागिर, भोले पुत्र जवाहीर, बेचू पुत्र बासीर अली निवासीगण बगही थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से रामजीत पुत्र शिव मूरत निवासी बगही ने भी आरोप लगाया कि बीडीओ कुदरहा द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यों की जांच के दौरान फोटो खींचने की बात को लेकर अजीत उर्फ सोनू पुत्र रामसिंह चौधरी, अमित पुत्र रामसिंह, उत्तम यादव, सचिन यादव, राजेश चौधरी, लालजी चौधरी निवासीगण मरवटिया थाना लालगंज तथा रंजीत पुत्र चन्द्रप्रकाश, जितेन्द्र पुत्र सालिकराम निवासीगण बगही थाना लालगंज के अलावा तीन अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 147, 323 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# भूमि विवाद में मारपीट, पन्द्रह पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीनी विवाद तथा पट्टीदारी की रंजिश को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।लालगंज थाना क्षेत्र के हरखौलिया उर्फ मटियरिया गांव में जमीनी तथा पट्टीदारी की रंजिश को लेकर कुछ लोगो ने मिलकर फूलचन्द को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जानमाल की धमकी देते हुए मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। मामले में पीड़ित फूलचन्द पुत्र दशरथ निवासी हरखौलिया उर्फ मटियारिया थाना लालगंज ने माननीय न्यायालय में न्याय की गुहार लगायी। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर लालगंज पुलिस ने आरोपी महेन्द्र, नागेन्द्र, जितेन्द्र पुत्रगण हरीनाथ, हरीनाथ पुत्र जसई, तुलसी राम पुत्र बैजनाथ, केदार, परमेश्वर, सुबाष पुत्रगण बैजनाथ, चन्द्रसेन पुत्र केदारनाथ, इन्द्रसेन पुत्र परमेश्वर, बाबूराम पुत्र चन्द्रिका, शान्ती देवी पत्नी हरीनाथ, अनीता देवी पत्नी महेन्द्र निवासीगण हरखौलिया उर्फ मटियारिया थाना लालगंज तथा सचिन कन्नौजिया पुत्र रामधनी निवासी रघउपुर थाना लालगंज, संजय गुप्ता पुत्र बाबूराम निवासी बैसियाकला थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 147, 148, 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शराब पीकर छेड़खानी का आरोप, केस

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि मकान के सहन की कब्जेदारी की रंजिश को लेकर विपक्षियों ने शराब पीकर छेड़खानी की। जातिसूचक व अपशब्द कहते हुए उन्हें व उनके बेटे को मारपीट कर तोड़फोड़ की। पुलिस ने दीपू राय समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर सरायघाट निवासी ओमप्रकाश ने आरोप लगाया है कि पुराने विवाद को लेकर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया गया। पुलिस ने गांव की प्रमिला देवी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर मनोज जायसवाल ने आरोप लगाया है कि आपसी कहासुनी को लेकर अनिल कुमार व छह अन्य ने एक राय होकर मारापीटा व गले की सोने की चेन तोड़ दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# वाल्टरगंज में दो वारंटी समेत छह गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने दो वारंटी समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि मारपीट के अलग-अलग मुकदमे से सम्बन्धित वारंटी शिवसहाय निवासी बासापार व राम गोपाल निवासी देईपार खुर्द को गिरफ्तार किया गया है।

इसके अलावा अभिषेक मिश्र उर्फ बंटी निवासी गौरा, विशाल सिंह, नितिन सिंह निवासी अभयपुरा थाना कप्तानगंज और रिंकू निवासी श्रीपालपुर टोला पल्टनपुर थाना वाल्टरगंज सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई देवीशरण यादव, इन्द्रभूषण सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, हेड कांस रामबदन सिंह, कांस अवधेश यादव, भगवान दयाल, अम्बुज पाण्डेय, अभिमन्यु शर्मा, राहुल यादव व तबरेज आलम शामिल रहे।

# अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी को मिलाया

छावनी। छावनी पुलिस के प्रयास से 14 माह से अलग रह रहे पति पत्नी के बीच मनमुटाव दूर हुआ। गिले-शिकवे भूलकर दोनों मंगलवार को एक साथ घर गए। मंगलवार को पत्नी रीमा ने प्रार्थना पत्र दिया था।

थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम अजानडीह निवासी विनोद व उनकी पत्नी रीमा पिछले 14 महीने से मनमुटाव की वजह से अलग रहते हैं। आपसी व पारिवारिक बात को लेकर मतभेद हो जाने के कारण दोनों अलग हो गये। दोनों परिवार के सगे-संबंधियों तथा गांव के संभ्रांत व्यक्तियों को थाने में बुलाकर दोनों पक्ष की बात सामने रखी गई। पुलिस के भविष्य की चुनौतियों का अहसास कराने के बाद पति-पत्नी का रुख बदल गया।

# बीईओ संग अभद्रता की जांच करने पहुंची टीम

- बीईओ व शिक्षकों से जांच टीम ने बयान लिया
- कुदरहा ब्लॉक का वीडियो वायरल होने का मामला

कुदरहा (बस्ती), हिसं। बस्ती जिले के खंड शिक्षा अधिकारी कुदरहा के साथ अभद्रता मामले में वीडियो वायरल होने क बाद मंगलवार को तीन सदस्यीय जांच टीम बीआरसी कार्यालय कुदरहा पहुंची। जांच टीम ने शिक्षकों व खंड शिक्षा अधिकारी का बयान दर्ज किया। 'हिन्दुस्तान' वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

बीआरसी कुदरहा पर मंगलवार को अचानक तीन सदस्यीय जांच टीम के पहुंचने पर कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम में खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर मुसाफिर सिंह पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर नीरज सिंह और खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर अरुण कुमार यादव शामिल हैं। कुदरहा कार्यालय पहुंच सबसे पहले वहां मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी कुदरहा धीरेंद्र कुमार त्रिपाठी से जांच टीम ने घंटों पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया। बीएसए ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की लेकिन दो माह बाद भी रिपोर्ट नहीं मिली। वायरल वीडियो बेसिक शिक्षा सचिव, एडी बेसिक सहित कई उच्चाधिकारियों को टैग कर ट्वीट कर दिया गया। बीएसए डॉ. इंद्रजीत प्रजापति स्तर से प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

# दहेज हत्या में भाजपा नेता का बेटा गिरफ्तार

**बभनान।** दहेज हत्या के मामले में नामजद बभनान के भाजपा नेता के बेटे को गौर पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। मामले में भाजपा नेता राधेश्याम कमलापुरी, उनका बड़ा बेटा और बहू अभी भी फरार हैं।

29 अक्टूबर को गौर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 महागौरी नगर, नगर पंचायत बभनान निवासी मनोनीत पार्षद राधेश्याम कमलापुरी की बहु साक्षी कमलापुरी (20) का शव संदिग्ध हाल में घर की दूसरी मंजिल पर फांसी के फंदे से झूलता मिला था। मृतका साक्षी के पिता थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 बागेश्वर नगर निवासी सूरज लाल की तहरीर पर पुलिस ने पति रूबल कमलापुरी, ससुर राधेश्याम कमलापुरी, जेठ दीपक कमलापुरी व जेठानी नीलम कमलापुरी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एवं दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

# अब यूपी पुलिस की वर्दी में प्रतीक चिह्न लगेगा

लखनऊ,विशेष संवाददाता। पुलिस महानिदेशक देवेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय में यूपी पुलिस के प्रतीक चिह्न का अनावरण किया। वर्दी के दाहिने हिस्से में नेम प्लेट के ऊपर यूपी पुलिस अपने प्रतीक चिह्न को लगाएगी। डीजीपी ने कहा ये चिह्न हमें पुलिस के कर्तव्यों की भी याद दिलाएगा। पुलिस महानिदेशक ने 15 अगस्त 2022 को प्रतीक चिह्न बनाने का फैसला किया।

यूपी पुलिस में लगभग 74 जिला पुलिस विभाग और 4 कमिश्नरेट हैं। पुलिस अधिनियम 1861 के तहत, सन् 1863 में संयुक्त प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय के रूप में




स्थापित किया गया था। आज यह 159 वर्ष पुराना है। अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात अनुपम कुलश्रेष्ठ को प्रतीक चिह्न बनवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशान्त कुमार ने इसकी मॉनिटरिंग की। फैशन डिजाइनर पूर्णिमा भिक्ता ने इसे तैयार करने में मदद की।

# कोर्ट के आदेश पर हत्या का मुकदमा

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज के सूसीपार निवासी ऊषा देवी का आरोप है कि 30 जून 2021 को उनके बेटे प्रभात, महेश व अभिषेक कार से सूसीपार जा रहे थे।

डिलिया चौराहा के पास साइकिल को बचाने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। अभिषेक भाग गया, जबकि कार में बैठे प्रभात व महेश को गाड़ी से खींच कर लाठी-डंडे से मारापीटा व जातिसूचक शब्द कहा। घटनास्थल पर ही प्रभात की मौत हो गई और महेश को काफी चोट आई। कोतवाली में कोर्ट के आदेश पर बिरजू, रवि, सत्यप्रकाश, वेद प्रकाश, लालचंद्र व दस अन्य अज्ञात के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच सीओ सिटी को सौंपी गई है।

# मंत्री के काफिले में गाड़ी घुसाने पर केस

## कार्रवाई

- मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद के पीएसओ ने कोतवाली में दी तहरीर
- फ्लीट के बीच अचानक एक्सयूवी आने से असंतुलित हो गई थी गाड़ी

**बस्ती, निज संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए सोमवार को एक एक्सयूवी गाड़ी बीच में आ गई थी। इससे मंत्री की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची थी। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मतस्य मंत्री के पीएसओ सुरेश सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है। इसके आधार पर वाहन संख्या यूपी 32 एमपी 4528 के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने व गलत तरीके से गाड़ी रोकने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

प्रदेश के मतस्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के पीएसओ सुरेश सिंह ने तहरीर देकर बताया है कि मंत्री सोमवार को मतस्य विभाग गोरखपुर से सुल्तानपुर जाने के लिए निकले थे। दोपहर करीब दो बजे फोरलेन पर बस्ती जिले में कोतवाली क्षेत्र स्थित मड़वानगर टोल प्लाजा क्रास करते समय एकाएक मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद की स्कोर्ट और वीआईपी गाड़ी के बीच में एक नीले रंग की एक्सयूवी गाड़ी यूपी 32 एमपी 4528 जबरदस्ती फ्लीट के बीच में घुस गई। इसके कारण उनकी गाड़ी असंतुलित हो गई। चालक की तत्परता से गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गई।

हादसे के बाद वाहन को ट्रेस कर बस्ती पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया था। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी थी। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक्सयूवी के चालक के खिलाफ आईपीसी 279 व 341 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच एसआई जयविन्द यादव को सौंपी गई है।

# डीएम और एसपी ने यातायात माह का किया उद्घाटन

# सड़क हादसे रोकने के लिए सबका प्रयास जरूरी

**अपील**

- शास्त्री चौक पर आयोजित कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोग हुए शामिल
- अफसर बोले-हर दिन यातायात नियमों के पालन से बनेगी बात



शास्त्री चौक पर मंगलवार को यातायात माह का फीता काटकर शुभारंभ करतीं डीएम प्रियंका निरंजन, साथ में एसपी आशीष श्रीवास्तव। • हिन्दुस्तान

**बस्ती, निज संवाददाता।** नवंबर को जागरूकता माह के रूप में मानने की शुरुआत मंगलवार को शास्त्री चौक पर आयोजित कार्यक्रम से हुई। डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान रोड सेफ्टी के प्रति लोगों को जागरुक करने के साथ यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया।

डीएम व एसपी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। नवंबर माह में आम लोगों को यातायात के नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा। लेकिन जरूरी यह है कि हम एक दिन, एक माह के बजाय हर दिन को यातायात जागरूकता की नजर से देंखे। खुद नियमों का पालन करने के साथ ही दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कहा कि पुलिस कर्मियों को सबसे पहले अपने घर व परिवार के लोगों से यातायात नियमों का पालन कराने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान रोड सेफ्टी के तहत ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करने व अन्य यातायात नियमों के अनुपालन में सहायक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने की बात कही गई। एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, एआरटीओ पंकज सिंह, कोतवाल शशांक शेखर राय, प्रभारी यातायात कामेश्वर सिंह ने यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



बड़ेवन चौराहे के पास बिना रोकटोक के वाहन में सवारी बैठाते चालक। • हिन्दुस्तान

# नियम ताक पर रख अवैध स्टैंड से ढोई जा रही सवारी

- बड़ेवन ओवरब्रिज के पास टैक्सी व डग्गामार वाहनों की रहती है भरमार
- मिलीभगत से चल रहा अवैध स्टैंड, यातायात माह का भी उड़ा रहे खिल्ली

**बस्ती, निज संवाददाता।** नगर पालिका बस्ती के अभिलेख में बंद हो चुके टैक्सी स्टैंड का संचालन बदस्तूर जारी है। अवैध स्टैंड से सवारियां भरकर ढोई जा रही हैं। यातायात माह का भी ख्याल इन डग्गामार वाहन और टैक्सी संचालकों को नहीं है।

एक नवंबर से पुलिस व यातायात के कर्मी यातायात संबंधित नियमों का पाठ पढ़ाने के साथ ही वाहनों के अवैध पार्किंग आदि की रोकथाम के लिए जागरूक करेंगे और साथ ही चालान की कार्रवाई भी करेंगे। मंगलवार को यातायात माह का शुभारंभ हो गया लेकिन पूर्व की तरह ही बड़वेन ओवरब्रिज के पास अवैध स्टैंड का खेल अभी भी जारी है। यहां से छोटी-बड़ी बसों के अलावा डग्गामार वाहनों को खड़ा करके सवारियां बैठाई जा रही हैं। यहां हर वक्त डग्गामार वाहनों की भरमर रहती है। वैसे बड़ेवन ओवरब्रिज के नीचे पुलिस चौकी के साथ ही यातायात प्रशिक्षण कार्यालय भी खुला है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के नाक के नीचे अवैध तरीके से स्टैंड का संचालन हो रहा और वह आंख मूंदे हुए हैं। टीएसआई कामेश्वर सिंह का कहना है कि अवैध तरीके से जहां भी टैक्सी स्टैंड बनाकर सवारी बैठा रहे हैं, वहां पर जांच की जाएगी। ऐसे वाहन यदि मिलेंगे तो उनको सीज किया जाएगा।

# कमीशनखोरी नहीं रुकी तो प्रधान देंगे त्यागपत्र

**बस्ती, निसं।** बस्ती सदर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की बैठक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत पांडेय की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में हुई।

बैठक में समस्यायों पर विचार के साथ ही निर्णय लिया गया कि यदि ब्लॉक स्तर पर कमीशनखोरी बंद न हुई तो ग्राम प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिलकर समस्याओं के निस्तारण का आग्रह करेगा। यदि आवश्यकता पड़ी तो गोरखपुर जाकर मुख्यमंत्री के समक्ष समस्याओं को रखेंगे। प्रशांत पांडेय ने कहा कि मनरेगा से सम्बंधित कार्यों के लिए कच्चे कार्य हेतु नौ प्रतिशत और पक्के कार्य के लिए 13 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती है। जो ग्राम प्रधान कमीशनखोरी का विरोध करते हैं, उनके कार्य स्वीकृत नहीं किए जाते और जांच कराने की धमकी दी जाती है।

दीपा पांडेय, राधिका सिंह, प्रेम उपाध्याय, अब्दुल रऊफ, समद खान, राकेश त्रिपाठी, राजेश चौधरी, लल्लन चौधरी, सुभाष चंद्र, राम बुझारत, अनिल यादव आदि बैठक में शामिल रहे।

# कैबिनेट मंत्री के काफिले में घुसी कार, दर्ज हुआ मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: कैबिनेट मंत्री संजय निषाद सोमवार को बस्ती जिले में चौकड़ी टोल प्लाजा के पास उस समय सकते में आ गए, जब एक कार काफिले को ओवरटेक कर लहराते हुए उनके आगे जा रूकी। नाराज मंत्री ने मामले में एसपी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस क्रम में मंत्री के पीएसओ सुरेश सिंह की तरफ से कोतवाली बस्ती में नीले रंग की एक्सयूवी के चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

इसके साथ ही मंत्री के नाराजगी की एक वजह और भी थी। गोरखपुर से सुल्तानपुर जाते समय सभी थानों को स्कोर्ट में लगाया गया। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में उनकी कार पहुंची तो थानाध्यक्ष वहां नहीं पहुंच पाए। मंत्री का काफिला मड़वानगर टोल प्लाजा के पास पहुंचा तो यह वाकया हो गया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जब तक माजरा समझ पाते तब तक वह ओवरटेक करने वाली कार निकल गई। कार लखनऊ के अलीगंज की एक कंपनी के नाम पंजीकृत है जिसका नंबर यूपी 32 एमपी 4528 हैं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेख राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मंत्री की सुरक्षा में पुलिस स्कोर्ट साथ चल रही थी। टोल प्लाजा के पास कोई वाहन लहराता हुआ आगे पहुंच गया, जिससे मंत्री को अपनी गाड़ी रोकवानी पड़ी। मंत्री के पर्सनल सिक्योरिटी अफसर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है। वहीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि प्रकरण की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की गई है। इसमें एडीएम व एएसपी शामिल है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



# रेल ट्रैक पर मिला युवक का शव, हुई शिनाख्त

**वाल्टरगंज,बस्ती :** वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के उसका गांव के सामने रेल ट्रैक पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने में जुट गई। थोड़ी ही देर बाद शव की शिनाख्त 26 वर्षीय अजय पुत्र स्वर्गीय राजकुमार निवासी दुर्जनपुर थाना कोतवाली के रूप में हो गई ।मृतक की मां इंद्रावती देवी ने मृतक की पहचान अपने मझले बेटे अजय के रूप में की ।घटना के बाद मां, भाई व परिवार के अन्य लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

---

# बिना स्ट्रा रीपर के नहीं चलेगी कंबाइन मशीनें

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अब कंबाइन मशीनों में सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम या अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर का उपयोग जरूरी होगा। बिना इसके कंबाइन मशीनों का संचालन नहीं होने पाएगा। यह कहना है जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन का। वह मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कंबाइन संचालकों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहीं थीं। लेखपाल तथा ग्राम सचिवों को निर्देशित किया है कि वह पराली न जलाने के लिए किसानों को प्रेरित करेंगे और इसके लिए प्रत्येक गांव में गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। पराली जलाने से मिट्टी, जलवायु, एवं मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानियों से किसानो को अवगत कराया जाएगा।

डीएम ने बताया कि पराली जलाने पर सर्वोच्च न्यायालय तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा जुर्माना लगाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसमें दो एकड़ से कम क्षेत्र पर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक करती डीएम प्रियंका निरंजन •जागरण

2500, दो से पांच एकड़ क्षेत्र पर 5000 तथा पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 15,000 रुपये तक जुर्माना की वसूली के निर्देश हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सर्वोच्च न्यायालय तथा एनजीटी के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

उन्होंने कंबाइन चालकों को बताया कि इन-सीटू योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा 14 प्रकार के यंत्र अनुदान पर दिए जाते है, जिसके लिए आनलाइन आवेदन करना होता है। कंबाइन चालक अनुदान पर सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रा रीपर प्राप्त कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि पराली निकट के गोशाला या गो सरक्षण केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा के अंतर्गत कराई जाएगी। इसे भूसे के रूप में प्रयोग किया जाएगा। इसके अलावा पशुओं के बिछावन या अन्य उपयोग में भी इसे लाया जाएगा। जिले में पराली दो, खाद लो कार्यक्रम का संचालन वृहद पैमाने पर किया जाएगा।

**उपनिदेशक कृषि को कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश:** डीएम ने उप निदेशक कृषि अनिल कुमार को अपने कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाने का निर्देश दिया है। यहां पर बिना सुपर स्ट्रा सिस्टम या स्ट्रा रीपर के कंबाइन चलने की सूचना प्राप्त होगी। उन्होंने एआरटीओ को भी निर्देशित किया है कि बिना रीपर के चलने वाले कंबाइन का चालन करें। लेखपालों को निर्देशित किया है कि धान कटाई के दौरान सजगता एवं सतर्कता बरतें तथा बिना रीपर के चल रहे कंबाइन के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित करें। बाहरी जनपदों से आकर कोई कंबाइन से धान की कटाई करता है, तो भी सूचित करें। कृषि विभाग के रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 91 कंबाइन संचालक है। एडीएम कमलेश चंद्र, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी मनीष सिंह, कृषि वैज्ञानिक डा. बी.के. सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, जिला गन्ना अधिकारी मंजू सिंह तथा कंबाइन संचालक उपस्थित रहे।

*******

# न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा

**बस्ती**: कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने के सूसीपार गांव की रहने वाली उषा देवी का आरोप है कि 30 जून 2021 को उनके बेटे प्रभात, महेश व अभिषेक कार से सूसीपार जा रहे थे। डिलिया चौराहा के पास साइकिल को बचाने के चक्कर में कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान मौके पर जुटी भीड़ आक्रामक हो गई। अभिषेक भाग गया, जबकि कार में बैठे प्रभात व महेश को गाड़ी से खींच कर लाठी-डंडे से मारापीटा और जातिसूचक शब्द कहा।

# मारा पीटा और गले की चेन तोड़ दी

**बस्ती**: पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के संजय कालोनी रेहरवा निवासी मनोज जायसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि आपसी कहासुनी को लेकर अनिल कुमार व छह अन्य ने एक राय होकर उन्हें मारापीटा व गले की सोने की चेन तोड़ दी।

---

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा

**जासं, मुंडेरवा, बस्ती**: मुंडेरवा थाना क्षेत्र के पड़ियापार गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडेरवा ले गई, किंतु जख्म गहरे होने के कारण चिकित्सक ने छह घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।



घायल सलमा खातून जागरण



घायल उमर जागरण



घायल मेराज जागरण

पड़ियापार निवासी मोहम्मद सब्बीर ने बताया कि उनकी बेटी बनकटी में स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा है।वह प्रतिदिन पढ़ाई करने के लिए विद्यालय जाती है। गांव निवासी मेराज पुत्र उमर आए दिन उनकी बेटी को को परेशान करता था। इस बात की शिकायत उन्होंने मुंडेरवा पुलिस से किया तो पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर सुलह समझौता करवा दिया था। इसके बाद भी दोनों पक्षों में तनाव बरकरार था। सोमवार को कहासुनी हुई जो मंगलवार को मारपीट में बदल गई। मारपीट में सात लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने विवाद को शांत कराया। सब्बीर अहमद ने मोहम्मद मेराज,जब्बार, रियाज और उमर के खिलाफ और दूसरे पक्ष के मोहम्मद उमर की तहरीर पर शब्बीर अहमद, मजीद अहमद, सलमा खातून के विरुद्ध तहरीर दी है।

प्रभारी निरीक्षक परमार्शकर यादव ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। मामले में क्रास केस दर्ज किया गया है।

# कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी का मुकदमा

**बानपुर, बस्ती:** लालगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि मकान के सहन की कब्जेदारी की रंजिश को लेकर विपक्षियों ने शराब पीकर छेड़खानी की। जातिसूचक शब्द कहते हुए उन्हें व उनके बेटे को मारा पीटा तथा तोड़फोड़ की। पुलिस ने दीपू राय समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। (जासं)

# मंत्री के काफिले में घुसी कार, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**मड़वानगर टोल प्लाजा के पास से सोमवार को जा रहे थे मंत्री संजय निषाद**

**फ्लीट के बीच अचानक गाड़ी आने से असंतुलित हो गई थी मंत्री की गाड़ी**

**बस्ती।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री संजय कुमार निषाद के काफिले के बीच बड़ेवन टोल प्लाजा पर सोमवार को एक कार के आ जाने से असहज स्थिति बन गई थी। इसमें मंत्री की कार दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बची।

जानकारी होने पर पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने कैबिनेट मंत्री के सुरक्षा अधिकारी सुरेश सिंह की तहरीर पर पंजीकरण संख्या के आधार पर कार चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि कार के मालिक व चालक की पहचान कराई जा रही है।

तहरीर में लिखा गया है कि मंत्री सोमवार को मत्स्य विभाग गोरखपुर से सुल्तानपुर जाने के लिए निकले थे। दोपहर करीब दो बजे फोरलेन पर बस्ती जिले में कोतवाली क्षेत्र स्थित मड़वानगर टोल प्लाजा पार करते समय एकाएक मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद की स्कोर्ट और वीआईपी गाड़ी के बीच में एक नीले रंग की कार अचानक घुस गई। इस कारण मंत्री की कार असंतुलित हो गई। चालक की तत्परता से गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई।

उसके बाद वाहन को ट्रेस कर पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी थी।

# सात आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** अलग-अलग मामलों में पुरानी बस्ती व वाल्टरगंज पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इसी क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद सलमान पर दुष्कर्म व धमकाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपी को पुलिस टीम ने मंगलवार को दिन में रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो के पास से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, वाल्टरगंज पुलिस ने दो वारंटी समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि मारपीट के अलग-अलग मुकदमे से संबंधित वारंटी शिवसहाय निवासी बांसापार और राम गोपाल निवासी देईपार खुर्द को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# आज आधी रात तक सील रहेगा अयोध्या-गोरखपुर हाईवे

संवाद न्यूज एजेंसी

**अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के लिए बड़े वाहनों का आवागमन बंद रहेगा**

**बस्ती।** अयोध्या में मंगलवार से शुरू हुई 14 कोसी परिक्रमा के लिए लखनऊ-गोरखपुर मार्ग को डायवर्ट कर दिया गया है। सोमवार की आधी रात से ही डायवर्जन लागू किया गया है। बुधवार को आधी रात तक यह जारी रहेगा।

इस दौरान सरकारी वाहनों, एंबुलेंस और शव लेकर आने-जाने वाहनों को ही छूट रहेगी।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आवश्यक जगहों पर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। आवागमन पर पुलिस व प्रशासन की नजर बनी हुई है।

लखनऊ से गोरखपुर जाने वाले वाहनों को बाराबंकी से जरवल रोड, करनैलगंज, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए भेजा जा रहा है। वहीं, गोरखपुर से लखनऊ मार्ग पर जाने वाले वाहनों को डुमरियागंज से उतरौला, जरवल रोड, करनैलगंज, बाराबंकी होते हुए भेजा जा रहा है। आंबेडकरनगर मार्ग से अयोध्या होते हुए बस्ती, गोरखपुर जाने वाले वाहनों को आंबेडकरनगर से टांडा, बस्ती होते हुए गोरखपुर भेजा जा रहा है।

गोंडा से अयोध्या मार्ग के वाहनों को लकड़मंडी से बस्ती हाईवे की तरफ मोड़ दिया जा रहा है। उन्हें कलवारी टांडा, गोसाईंगंज होते हुए भेजा जा रहा है।

## पुरानी रंजिश में छप्पर उजाड़ने का आरोप

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर भूमि व पट्टीदारी की रंजिश में मारपीट करने, मोबाइल फोन तोड़ने, धमकी देने और छप्पर उजाड़कर नुकसान करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि हरखौलिया उर्फ मटियरिया निवासी फूलचंद्र की तहरीर पर गांव के महेंद्र, नागेंद्र, जितेंद्र समेत पंद्रह लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

## शराब पीकर छेड़खानी का आरोप, केस

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि मकान के सहन की कब्जेदारी की रंजिश में विपक्षियों ने शराब पीकर छेड़खानी की। जातिसूचक व अपशब्द कहते हुए उन्हें व उनके बेटे को पीट दिया था और तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने दीपू समेत चार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

## पुराने विवाद को लेकर मारपीट

बस्ती। कोतवाली में तहरीर देकर सरायघाट निवासी ओमप्रकाश ने आरोप लगाया है कि पुराने विवाद में अपशब्द कहते हुए उन्हें पीटकर धमकाया गया। पुलिस ने गांव की प्रमिला देवी पर केस दर्ज किया है। वहीं, पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर मनोज ने आरोप लगाया है कि आपसी कहासुनी में अनिल कुमार व छह अन्य ने पीट दिया और गले की सोने की चेन तोड़ दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है। संवाद

## पुलिस ने दंपती के बीच मनमुटाव दूर कराया

**विक्रमजोत।** 14 माह से अलग रह रहे पति-पत्नी के बीच मनमुटाव छावनी पुलिस के प्रयास से दूर हुआ।

गिले-शिकवे भूलकर दोनों मंगलवार को एक साथ घर गए। मंगलवार को पत्नी ने प्रार्थनापत्र दिया था। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि पिछले 14 महीने से मनमुटाव की वजह से दंपती अलग रहते थे। उनका दो साल का बेटा भी है। दोनों परिवार के सगे-संबंधियों तथा गांव के संभ्रांत लोगों को थाने में बुलाकर बात सामने रखी गई। दोनों को समझाया गया। पति-पत्नी ने आश्वासन दिया कि मिल-जुलकर रहेंगे। संवाद

# पिटाई से मौत के मामले में हत्या का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**30 जून 2021 की घटना में सोमवार को दर्ज की गई एफआईआर**

**बस्ती।** दुर्घटना के बाद कार चालक की पिटाई से मौत हो जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की है।

लालगंज के सूसीपार निवासी उषा देवी ने बताया कि तीस जून 2021 को उनके बेटे प्रभात, महेश व अभिषेक कार से सूसीपार जा रहे थे। कोतवाली थानाक्षेत्र के डिलिया चौराहे के पास साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कुछ लोगों को चोटें आ गईं। घटना के बाद भीड़ आक्रामक हो गई।

अभिषेक वहां से भाग गए, लेकिन कार में बैठे उनके बेटे प्रभात व महेश को लोगों ने गाड़ी से खींच कर लाठी-डंडे से पीटा और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करके अपमानित किया। घटनास्थल पर ही प्रभात की मौत हो गई और महेश को काफी चोटें आईं।

उषा देवी के मुताबिक, वह इस मामले का मुकदमा दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर देने गई थीं। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसके बाद न्यायालय में अर्जी दी।

कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर बिरजू, रवि, सत्यप्रकाश, वेद प्रकाश, लालचंद्र व दस अज्ञात पर एससीएसटी एक्ट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज कर लिया गया है।

# यातायात नियमों का खुद करें पालन, दूसरों को भी करें प्रेरित

## डीएम और एसपी की मौजूदगी में यातायात जागरुकता माह की हुई शुरुआत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नवंबर भर चलने वाले यातायात जागरूकता माह की मंगलवार को शुरुआत हुई। पहले दिन शास्त्री चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया।

डीएम व एसपी ने कहा कि नवंबर माह में आम लोगों को यातायात के नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा।

जरूरी यह है कि हम एक दिन, एक माह के बजाय हर दिन को यातायात जागरुकता की नजर से देखें। खुद नियमों का पालन करने के साथ ही दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कहा कि पुलिस कर्मियों को सबसे पहले अपने घर व परिवार के लोगों से यातायात नियमों का पालन कराने का संकल्प लेना चाहिए।



शास्त्री चौक पर डीएम ने अभियान का शुभारंभ किया। संवाद

इसके साथ ही हर किसी को यातायात माह के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। एसपी ने कहा कि यातायात नियमों का अगर हर कोई पालन करता है तो सड़क हादसों में बड़ी संख्या में लोगों की जान बचाई जा सकती है।

अक्सर हादसों में यह देखने को मिलता है कि हेलमेट या सीट बेल्ट न लगाने के चलते सिर में गंभीर चोट आती है, जिससे जान का खतरा बढ़ जाता है। सड़क हादसे में घायलों की मदद के लिए आमजन को प्रेरित करते हुए बताया कि ऐसे लोगों को हर साल गणतंत्र दिवस की परेड में पुरस्कार दिया जाता है।

### शास्त्री चौक पर आयोजित कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोग हुए शामिल

इस दौरान रोड सेफ्टी के तहत ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करने व अन्य यातायात नियमों के अनुपालन में सहायक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने की बात कही गई। एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, एआरटीओ पंकज सिंह, कोतवाल शशांक शेखर राय, प्रभारी यातायात कामेश्वर सिंह ने यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# सिपाही से डीजीपी तक की वर्दी पर एक जैसा प्रतीक चिह्न

लखनऊ। डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने मंगलवार को सिपाही से लेकर डीजी रैंक तक के अफसरों के लिए एक प्रतीक चिह्न लांच किया। अब तक अलग-अलग रैंक के पुलिस कर्मियों के लिए अलग-अलग प्रतीक चिह्न थे।

अब सिपाही से लेकर डीजीपी तक की वर्दी पर एक जैसा नेवी ब्लू और लाल रंग में डिजाइन इनसाइनिया (प्रतीक चिह्न) नजर आएगा। अभी यह चिह्न सब इंस्पेक्टर या उससे ऊपर की रैंक के अफसर लगाते थे। लेकिन अब यह प्रतीक चिह्न सभी पुलिस कर्मियों को अपनी वर्दी पर दाहिने ओर नेमप्लेट के ऊपर लगाना होगा। समारोह में प्रतीक चिह्न जारी किया गया। इस मौके पर डीजी जेल आनंद कुमार समेत अन्य अधिकारियों व कर्मियों को प्रतीक चिह्न लगाया गया। ब्यूरो

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 02-11-2022

# उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन में खेसरहा थाना अव्वल

खेसरहा (एसएनबी) - सभी थानों के बीच माह सितम्बर की कार्यप्रणाली समीक्षा में खेसरहा थाने ने अन्य थानों को पछाड़ते हुए अव्वल स्थान प्राप्त किया। जनपद में थानावार समीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शुभचिन्तकों व क्षेत्रवासियों ने खेसरहा पुलिस को बधाई दिया है। एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार द्वारा थानावार कराये गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सर्वेक्षण के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों के पुलिस की कार्य प्रणाली ट्विटर, डयरेक्ट पोल, पासपोर्टचरित्र सत्यापन, आईजीआरएसव जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत् अभियोगों के सम्बन्ध में माह सितम्बर, 2022 की कार्यप्रणाली की वोटिंग में कुल 12678 व्यक्तियों द्वारा अपना-अपना फीड बैक दिया गया था।जनपद के समस्त थानों के कार्यो का थानावार कराए गए मूल्यांकन में खेसरहा थाने को प्रथम स्थान मिला। वहीं थाना मिश्रौलिया ने दूसरा स्थान तथा थाना मोहाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। थाना शिवनगर डिडई पांचवा, बांसी नौवां गोल्हौरा सोलहवाँ तथा पथरा बाजार को सत्रहवां स्थान मिला है।

# कब होगी इटवा में अग्निशमन केंद्र की स्थापना ?

■ इटवा।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

तहसील का दर्जा मिलने के 3 दशक से अधिक का समय बीतने के बाद भी इटवा तहसील मुख्यालय पर शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की घोर उदासीनता के चलते अब तक अग्निशमन केंद्र की स्थापमा नहीं की जा सकी है। जिसके कारण तहसील क्षेत्र में अग्निकांड की घटना होने पर डुमरियागंज अथवा सिद्धार्थनगर से बड़े वाहन को आग बुझाने के लिए बुलाना पड़ता है।

वर्ष 1990 में इटवा तहसील अस्तित्व में आ चुका है। तब से लेकर अब तक यहां अति महत्वपूर्ण सेवा अग्निशमन केंद्र की स्थापना नहीं किया जा सका है। जबकि प्रतिवर्ष अग्निकांड की घटना में कई लाख रूपये की क्षति होती रहती है। विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एक जीप के साथ दो स्टाफ को अस्थायी तौर पर इटवा में तैनात करके खानापूर्ति की जा रही है। इस वाहन पर छोटापंप होने के कारण यह अग्निकांड स्थल के निकट तालाब में पानी होने अथवा बोरिंग मिलने पर ही आग बुझाने का कार्य कर पाता है। जबकि टैंकर वाले वाहन में पूरा टैंक पानी से भरा होने कारण यह तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने के बाद आग बुझाने का काम सफलता पूर्वक आसानी से कर लेता है। प्रतिवर्ष इटवा तहसील क्षेत्र में अग्निकांड की घटना में लाखों रूपये का नुकसान होता रहता है। इस वर्ष भी लगभग एक हजार बीघे गेहूं की फसल तथा एक दर्जन मकान आकस्मिक आग लगने की घटना में राख हो चुका है। इसे बुझाने के लिए 50 किमी.सिद्धार्थनगर अथवा 15किमी. डुमरियागंज से टैंकर बुलाना पड़ा है। यदि इटवा में ही अग्निशमन केंद्र की स्थापना हो जाती तो ऐसी घटना होने पर कम ही समय में उक्त वाहन घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में जरूर सफलता मिलती। इस महत्वपूर्ण आवश्यकता की तरफ शासन प्रशासन तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जिससे इसकी स्थापना अब तक नहीं हो पा है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकार हरिशचन्द्र ने कहा कि वे शीघ्र इसके लि पुलिस अधीक्षक से वार्ता करके समाध कराने का प्रयास करेंगे।

# एडीजे जोन गोरखपुर द्वारा कराए गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में खेसरहा थाने को मिला पहला स्थान

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा जनपद के सभी थानो का कराये गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में खेसरहा थाना ने पहला, मिश्रौलिया ने दूसरा तथा थाना मोहाना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा थानावार कराए गए वोटिंग में 12678 लोगों ने अपना फीडबैक दिया। इनमें सर्वाधिक अंक प्राप्त कर थाना खेसरहा ने प्रथम स्थान हासिल किया। मिश्रौलिया दूसरे व थाना मोहाना तृतीय स्थान पर रहा।

थानों के पुलिस की कार्य प्रणाली ट्विटर, डायरेक्ट पोल, पासपोर्ट-चरित्र सत्यापन, आईजीआरएस पंजीत अभियोग के फीडबैक लेने के लिए सितम्बर माह में कार्यप्रणाली की वोटिंग करायी गयी। समस्त थानों को सीधे पोल पर 6749, ट्विटर पोल पर 3612, वादियों के मुकदमा से जुड़े 287; पासपोर्ट और चरित्र प्रमाणपत्र में 1734 व आइजीआरएस के मामलों में 296 लोगों ने फीड बैक दिया। इसके पश्चात एसपी अमित कुमार आनन्द ने कार्यो का थानावार मूल्यांकन कराया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय के बाद चौथे स्थान पर कपिलवस्तु, शिवनगर डिड़ई पांचवां, लोटन छठा, चिल्हिया सात, ढ़ेबरुआ आठ, बांसी नौ, त्रिलोकपुर 10, उसका बाजार11, महिला थाना 12, इटवा 13, डुमरियागंज 14, जोगिया उदयपुर 15, गोल्हौरा 16, पथरा बाजार 17, सदर 18, कठेला समयमाता 19, भवानीगंज 20 और शोहरतगढ़ थाने ने 21वां स्थान प्राप्त किया ।

# दो वारण्टी गिरफ्तार

भवानीगंज (एसएनबी)। गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना भवानीगंज के नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत भवानीगंज पुलिस ने शांति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए दो नफर वारण्टी वाद संख्या 1160/19 धारा 323, 504 व वाद सं. 757/19 धारा 323, 504, 426 के तहत अभियुक्त राधेश्याम पुत्र मुरली दूबे निवासी बनगवा नानकार थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर व सालिक राम पुत्र झिनकन निवासी देईपार थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर आदि को गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया।



# सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए करें यातायात के नियमों का पालनः एसपी

**पुलिस अधीक्षक ने किया यातायात माह नवम्बर-2022 का शुभारंभ**

**हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता रैली को रवाना**

**सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)।** यातायात माह का नवम्बर-2022 शुभारम्भ अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई।रैली को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा मंगलवार को पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जागरूकता रैली के माध्यम से पुलिस कर्मियों ने लोगो को यातायात के नियमों का पालन करने का अपील किया।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने कहा कि यातायात के नियमो का पालन करके काफी हदतक सड़क हादसे पर अंकुश लगाया जा सकता है,उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करें।वाहन चलाते समय शराब का सेवन कत्तई न करें, मोबाइल से बात न करे तथा वाहन चलाते समय हेलीमेट हरहाल में लगाएं।तीन सवारी बाइक पर न चले।चार पहिया वाहन से चलते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करने से सड़क हादसों के आंकड़ो की संख्या में कमी आई है।माह सितंबर 2021में कुल 16 सड़क दुर्घटना हुई,जिसके सापेक्ष वर्ष 2022 में 12 सड़क दुर्घटना हुई।इसी प्रकार वर्ष 2021के सितंबर माह सड़क हादसे में 13 लोगो की जान चली गई थी,जिसके सापेक्ष वर्ष 2022 सितंबर माह में मृतकों की संख्या मात्र 7 रही।उन्होंने कहा कि आप जीवन बहुत ही अमूल्य है,अपने परिवार की खुशियों के लिए यातायात के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करे।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ,सीओ सदर अखिलेश वर्मा,सीईओ यातायात देवी गुलाम,सीओ प्रशिक्षु गर्वित सिंह,प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता,यातायात प्रभारी अमरेश यादव आदि उपस्थित रहे।





हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना करते पुलिस अधीक्षक, जागरूकता रैली में शामिल पुलिस कर्मी

# बाबा दरियाशाह की मजार पर मांगी दुआ

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। खुनियांव क्षेत्र के उड़वलिया गांव के पश्चिम दरियाशाह उर्फ मलंग बाबा के मजार पर दो दिवसीय 28वां सालाना उर्स का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। बड़ी संख्या में आए अकीदतमंदों ने बाबा के मजार पर चादरपोशी कर मन्नतें मांगीं।

मजार के पास लगे मेले में बच्चों व महिलाओं ने जमकर लुत्फ उठाया। महिलाएं-बच्चे झूला व सर्कस के साथ ही चाट पकौड़ी, फल, हलुआ पूड़ी का आनंद लिया। वहीं दुकानों पर पहुंच कर खिलौने, सिंगार प्रसाधन के सामान, खजला, लाई भूजा आदि की खरीदारी भी की।

मेला आयोजक मनव्वर हुसैन खां ने बताया कि किसी प्रकार की दिक्कतें न होने पाए इसके लिए मेले के अंदर



मंगलवार को बाबा दरियाशाह की मजार पर अकीदतमंदों ने चादर पोशी की। यहां लगे मेले में लोगों ने खूब खरीदारी की । ● हिन्दुस्तान

बाहर कमेटी के तीन दर्जन युवा वालियंटियर के रूप में लगे हैं। वहीं मजार शरीफ के आसपास व मेले के अंदर बाहर चारो तरफ पुलिसकर्मी भी निगहबानी कर रहे हैं। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि पुलिस कर्मी सुरक्षा में लगे हैं। मॉनिटरिंग की जा रही है।

# बिजली चोरी रोकने को छापेमारी, हड़कंप

शोहरतगढ़। बिजली चोरी रोकने व बकाया बिल जमा कराने को लेकर मंगलवार को विद्युत सतर्कता विभाग संग अफसरों ने कस्बा में छापामारी की। इससे उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया।

भारत माता चौक व गोलघर में पुलिस फोर्स की संख्या अधिक देख लोग सहम गए। बाद में पता चला कि विद्युत विभाग व बिजलेंस विभाग की टीम अवैध कनेक्शन व विद्युत बिल का बकाया न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के घरों की जांच कर रही है। अधिशासी अभियंता आरके कुशवाहा ने कहा कि विद्युत चोरी को रोकने के लिए यह अभियान पूरे जिले में चल रहा है।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में खेसरहा थाना अव्वल

- 12678 लोगों ने वोटिंग में प्रतिभाग लेकर दिया फीडबैक
- भवानीगंज 20वें व शोहरतगढ़ थाना 21वें स्थान पर रहा

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान संवाद। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार द्वारा पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत थानावार कराए गए वोटिंग में सिद्धार्थनगर पुलिस को 12678 लोगों प्रतिभाग किया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करके थाना खेसरहा प्रथम, मिश्रौलिया दूसरे व थाना मोहाना तृतीय स्थान पर रहा।

पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मिले फीडबैक के अनुसार खेसरहा प्रथम, मिश्रौलिया दूसरे, मोहाना तृतीय, कपिलवस्तु चौथे, शिवनगर डिडई पांचवें, लोटन छठे, चिल्हिया सातवें, ढ़ेबरुआ आठवें, बांसी नौंवे, त्रिलोकपुर 10वें, उस्का बाज़ार 11वें, महिला थाना 12 वें, इटवा 13वें, डुमरियागंज 14वें, जोगिया उदयपुर 15वें, गोल्हौरा 16वें, पथरा बाजार 17वें, सिद्धार्थनगर 18वें, कठेला समयमाता 19वें, भवानीगंज 20वें व शोहरतगढ़ थाना 21वें स्थान पर रहा।




मंगलवार को एसपी ने जागरूकता वाहन को झंडी दिखाकर यातायात माह की शुरुआत की। ● हिन्दुस्तान

# यातायात माह का शुभारंभ, पूरे माह किया जाएगा जागरूक

- एसपी ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- एसपी बोले- शासन सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। मंगलवार से शुरू हुए यातायात माह की शुरुआत पुलिस लाइंस से की गई। एसपी अमित कुमार आनंद ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शासन सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है।

एसपी ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के लिए जागरूकता वाहन पूरे माह चलेगा। यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जाएगी। कहा कि यातायात माह के दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों, कालेजों में यातायात पुलिस व स्वयं सेवी समूहों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबंध लेखन व अन्य आयोजनों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के प्रति जागरुकता का ही नतीजा है कि माह सितंबर 2021 में हुई 16 सड़क दुर्घटनाओं के सापेक्ष 2022 में कुल 12 ही हुई जिसमें 25 फीसदी की कमी है। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश वर्मा, सीओ यातायात देवी गुलाम, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी गर्वित सिंह, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता, यातायात प्रभारी अमरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# दो परिवार बिखरने से बचे

सिद्धार्थनगर। महिला थाना पर मंगलवार को आयोजित नई-किरण में दो परिवारों को बिखरने से बचाया गया। थाने पर आयोजित नई किरण में चार मामले आए। इसमें से दो परिवारों से बातचीत कर उन्हें बिखरने से बचा लिया गया इसमें गोरखपुर के कैंपियरगंज थाना के सुहिला गांव निवासी खुशबू पत्नी बृजभूषण व शोहरतगढ़ के चंपापुर निवासी पूनम पत्नी प्रभु प्रसाद शामिल हैं।

# बिजली चोरी करने वालों पर होगी कार्रवाई- एसडीओ

**शोहरतगढ़(एसएनबी)।** बिजली चोरी करने वाले विधुत उपभोक्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी नगर पंचायत शोहरतगढ के भारत माता चौक सुनारी मुहल्ला में बिजली चोरी की गहन जाँच के दौरान एसडीओ आशुतोष अग्रहरि ने कहीं। एसडीओ का कहना है कि बिजली खर्च के सापेक्ष बिजली बिल जमा धनराशि आधी हो रही है जिससे विभाग पर आर्थिक दबाव बहुत बढ़ रहा है। जिसे देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गहन जाँच की जा रही है।परसिया विधुत उपकेंद्र अंतर्गत स्थानीय नगर पंचायत शोहरतगढ में दूकानों व घरों में बिजली कनेक्शन और पुराना बकायेदारों की गहनता से जाँच की गई। मौके पर जाँच कर रहे जेई रितेश यादव ने बताया है कि बिजली इस्तेमाल में उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही अनियमितताओं के साथ बड़े बकायेदारों पर आरसी की कार्रवाई की जा रही है। बीस हजार रुपए वाले छोटे बकायदादारों को नोटिस देकर बिजली बिल एक सप्ताह में जमा करने की अपील की जा रही है। विभाग का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा बिजली बिल जमा कराना है।उन्होंने बताया है कि किसी भी उपभोक्ता के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया जा सकता है।लेकिन उपभोक्ताओं को बिजली बिल समय पर अदा करने के लिए प्रेरित जरूर किया जा रहा है। इस मौके पर थाना शोहरतगढ की पुलिस बल के अलावा पीएसी की एक बटालियन मौजूद रही।बिजली जाँच का यह सिलसिला लगातार चलता रहेगा।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में शोहरतगढ़ व भवानीगंज थाना फिसड्डी

- 12678 **लोगों ने विभिन्न माध्यमों से बतायी पुलिस की कार्यप्रणाली**
- **खेसरहा प्रथम, मिश्रौलिया दूसरे और मोहाना को मिला तीसरा स्थान**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत थानावार कराए गए वोटिंग में 12678 लोगों ने अपना फीडबैक दिया। इनमें शोहरतगढ़ और भवानीगंज थाने फिसड्डी रहे। इन्हें क्रमशः 20 व 21वां स्थान मिला। इनमें सर्वाधिक अंक प्राप्त कर थाना खेसरहा ने पहला स्थान हासिल किया। मिश्रौलिया दूसरे व मोहाना थाना तृतीय स्थान पर रहा।

थानों के पुलिस की कार्य प्रणाली ट्विटर, डायरेक्ट पोल, पासपोर्ट-चरित्र सत्यापन,आईजीआरएस पंजीकृत अभियोग के फीडबैक लेने के लिए सितम्बर माह में कार्यप्रणाली की वोटिंग करायी गयी।

समस्त थानों को सीधे पोल पर 6749, ट्विटर पोल पर 3612, वादियों के मुकदमा से जुड़े 287, पासपोर्ट और चरित्र प्रमाणपत्र में 1734 व आइजीआरएस के मामलों में 296 लोगों ने फीड बैक दिया।

इसके पश्चात एसपी अमित कुमार आनन्द ने कार्यों का थानावार मूल्यांकन कराया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय के बाद चौथे स्थान पर कपिलवस्तु, शिवनगर डिड़ई पांचवां, लोटन छठा, चिल्हिया सात, ढ़ेबरुआ आठ,बांसी नौ, त्रिलोकपुर 10,उसका बाज़ार11,महिला थाना 12, इटवा 13, डुमरियागंज 14, जोगिया उदयपुर 15, गोल्हौरा 16, पथरा बाजार 17, सदर 18, कठेला समयमाता 19वां स्थान हासिन करने में फसलता पायी।

# दुर्घटना रोकने के लिए करें नियमों का पालन

## पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर यातायात माह का किया शुभारंभ, दी सलाह

**जासं, सिद्धार्थनगर:** पुलिस लाइन से मंगलवार को यातायात माह का शुभारंभ किया। एसपी अमित कुमार आनन्द एवं एएसपी सिद्धार्थ ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह हाइडिल तिराहा से होते हुए सिद्धार्थ तिराहा, बांसी स्टैंड तिराहा होते हुए सनई तक गई। लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इसके पूर्व एसपी ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिसकर्मियों को अपनी ड्यूटी ईमानदारी से करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने कहाकि बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं। यातायात नियमों का पालन करके ही वाहन दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है। यातायात नियमों का पालन करना भी हमारी जिम्मेदारी है। यातायात माह के दौरान जिले के सभी स्कूल, कालेज में यातायात पुलिस व स्वयं सेवी समूहों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबंध लेखन एवं अन्य आयोजनों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। एएसपी ने कहा कि दुर्घटना जोन पर आवश्यक स्पीड ब्रेकरों का निर्माण किया जाएगा। इससे सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाया जा सके। उन्होंने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए पालन के लिए उन्हें संकल्प दिलाया। क्षेत्राधिकारी यातायात देवीगुलाम ने बताया कि वाहन बनाने वाले लोगों ने वाहन को दुर्घटना से बचाने के लिये सभी उपकरण बनाए हैं। लेकिन आम जनमानस नियम को आत्मसात करने में रूचि नहीं रखती है। इसकी वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं। नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचा जा सकता है। सीओ सदर अखिलेश कुमार यादव, सीओ प्रशिक्षु गर्वित सिंह, सदर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय यादव, निरीक्षक ट्रैफिक अमरेश यादव आदि मौजूद थे।




पुलिस लाइन में यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ● जागरण

# व्यापार मंडल ने किया दिवाली स्नेह मिलन समारोह

## समारोह में एक-दूसरे को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी गईं

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिस्कोहर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के मुख्य कस्बा स्थित श्रीकेदारनाथ मंदिर में सोमवार रात व्यापार मंडल की तरफ से दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। व्यापार मंडल के मंत्री रोहित गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में एक-दूसरे को तिलक लगाकर शुभकामना दी गई।

व्यापार मंडल बिस्कोहर के संरक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है।

वरिष्ठ भाजपा नेता व व्यापार मंडल के संरक्षक सुधीर कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्नेह मिलन समारोह से सामाजिक समरसता बढ़ती है। कहा कि राम का जीवन हमें एक-दूसरे की मदद की प्रेरणा देता है।

अध्यक्ष प्रभात जायसवाल ने कहा कि व्यापार मंडल के लोगों ने भट्टा मजदूरों, रिक्शा चालकों व उनके बच्चों को कपड़े व मिठाइयां देकर दिवाली का पर्व मनाया। इंस्पेक्टर त्रिलोकपुर शशि प्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी बिस्कोहर सर्वेश कुमार यादव, भाजपा जिलामंत्री अजय गुप्ता, व्यापार मंडल महामंत्री राज किशोर सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह, चंद्र प्रकाश गुप्ता, अरविंद गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, जगराम लोहिया, शिवम कौशल आदि मौजूद रहे।



नगर पंचायत बिस्कोहर के मुख्य कस्बा स्थित श्रीकेदारनाथ मंदिर के भवन में व्यापार मंडल की तरफ से दीपावली स्नेह मिलन समारोह को संबोधित करते व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रभात जायसवाल। संवाद

# बड़े बकाएदारों को आरसी, छोटों को नोटिस जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** विद्युत विभाग के एसडीओ आशुतोष अग्रहरि के नेतृत्व में मंगलवार को कस्बे की दुकानों व घरों में लगे कनेक्शन एवं बकाया बिल की जांच की गई।

बकाएदारों को नोटिस देकर बिजली बिल एक सप्ताह में जमा करने की अपील भी की। जेई रितेश यादव ने कहा कि बड़े बकाएदार का आरसी और बीस हजार रुपये तक के बकाएदादारों को नोटिस जारी किया गया है।

## घरों में कनेक्शन व बकाया बिल की जांच की गई

एसडीओ आशुतोष अग्रहरि ने कहा कि बिजली खर्च की तुलना में आध बिल जमा हो रहा है।

इससे विभाग पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गहन जांच की जा रही है।



शोहरतगढ़ कस्बे में कनेक्शन की जांच करते विद्युत विभाग के अधिकारी। संवाद

# चोर बेखौफ, चोरियां रोक पाने में पुलिस नाकाम

## इस साल सितंबर तक चोरी की 64 वारदातें हो चुकी हैं, कुछ मामलों में केस दर्ज नहीं, कई का अभी पर्दाफाश होना बाकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** चोरों की धमक रोक पाने में पुलिस नाकाम हैं। जिले में हर माह चोरी की औसतन सात वारदातें हो रही हैं। पुलिस वारदातों को रोक नहीं पा रही है। कई घटनाओं का पर्दाफाश करने में भी पुलिस असफल है।

गांव से लेकर शहर तक चोरी की घटनाएं हो रहीं। आंकड़ों के मुताबिक, जनपद में सितंबर माह तक घरों और दुकानों में चोरी की 64 वारदातें हो चुकी हैं। छह से अधिक चोरी की घटनाएं इस माह में हुईं। ये वे घटनाएं हैं, जिनमें केस दर्ज हुआ है। कई ऐसे मामले भी रहे, जिनमें केस नहीं दर्ज हुआ। कई मामलों में केस तो दर्ज हुए, लेकिन उनका पर्दाफाश बाकी है।

मई माह में सदर थाना क्षेत्र के थरौली गांव में रहने वाली सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य के घर का ताला तोड़कर आभूषण, कपड़ा और नकदी सहित आठ लाख रुपये से अधिक का सामान चोर उठा ले गए। बेटी की शादी में देने के लिए आभूषण, कपड़े आदि सामान रखे गए थे। अब तक पुलिस चोरी का पर्दाफाश नहीं कर सकी।

पुलिस लाइंस से महज पांच सौ मीटर दूरी पर स्थित बसडिलिया गांव के पास रहने वाले मिष्ठान कारोबारी के घर का ताला 30 मई की रात चोरों ने तोड़ दिया। पीड़ित के मुताबिक, 14 लाख रुपये से अधिक का आभूषण चोर उठा ले गए। केस दर्ज करके पुलिस शांत है। मामले का पर्दाफाश नहीं हो पाया।

### चक्कर लगाते रहे, नहीं दर्ज हुआ केस

नगर के भीमापार में किराए के कमरे में रहने वाले बृजेश सिंह एक कंपनी के मैनेजर हैं। अगस्त माह के आखिरी सप्ताह में उनके पिता की तबीयत खराब हो गई। वह घर चले गए थे। वापस लौटे तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। पांच लाख रुपये से अधिक की चोरी हुई थी। वह लगातार थाने के चक्कर लगाते रहे, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। ऐसे कई लोग हैं, जो दौड़ते हैं, लेकिन कार्रवाई की बात दूर, मुकदमा दर्ज तक नहीं किया जाता है।

चिल्हिया थाना क्षेत्र के सूर्यकुड़िया गांव में एक सितंबर को घर का ताला तोड़कर चोर नकदी, आभूषण सहित चार लाख रुपये से अधिक का सामान उठा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर केस तो दर्ज हुआ, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

नगर के पूरब पड़ाव मोहल्ले में ठेकेदार विवेक सिंह के घर का ताला 21 सितंबर की रात चोरों ने तोड़ दिया। उसके बाद घर में घुसकर नकदी सहित 20 लाख रुपये से अधिक का आभूषण चोर उठा ले गए। जल्द मामले का पर्दाफाश का दावा करने वाले पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं।

> चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। पुलिस चोरों को पकड़ने में जुटी हुई है। रात में पुलिस गश्त कर रही है और टेक्नोलॉजी के प्रयोग से भी चोरों का पता लगाया जा रहा है। बीते दो वर्ष कोरोना का प्रकोप था और वर्तमान में सामान्य स्थिति है। इस कारण भी चोरी के केस बढ़े हैं।
>
> **-अमित कुमार आनंद,** पुलिस अधीक्षक

# जिन्हें करना है आगाह, वही नियमों की कर रहे अनदेखी

## यातायात माह का आगाज, पुलिस लाइंस गेट पर बिना हेलमेट ट्रिपल राइडिंग करते मिले लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए पुलिस की ओर से मंगलवार को यातायात जागरुकता माह का आगाज किया गया।

पुलिस लाइंस से जागरुकता रैली निकाली गई। लेकिन, ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले जागरुकता अभियान पर भारी दिखे। जिनके कंधों पर यातायात नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी है, वहीं पुलिसकर्मी अभियान को भूलकर बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग (तीन सवारी) करते देखे गए। चालान काटकर कोटा पूरा करने वाली पुलिस जागरुकता के मामले में विफल नजर आई। तीन स्थानों की पड़ताल में 50 प्रतिशत से अधिक वाहन चालक बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करते देखे गए।

सड़क हादसों को रोकने के लिए आए दिन नियम में बदलाव किया जा रहा है। कानून को सख्त बनाया जा रहा है। जुर्माने की राशि कई गुना बढ़ा दी गई। बावजूद इसके सड़क हादसे कम होने के बजाय हर साल बढ़ रहे हैं। लोगों में जागरुकता का कोई असर नहीं दिख रहा है।

एसपी अमित कुमार आनंद की ओर से हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की गई। लेकिन, जहां से अभियान की शुरुआत हुई, वहीं जागरुकता अभियान बेअसर नजर आया। पड़ताल में पाया गया कि बिना हेलमेट और पुलिस के सामने ही ट्रिपल राइडिंग करते दिखे। उसमें पुलिसकर्मी भी थे।



पुलिस लाइंस परिसर में यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी अमित कुमार आनंद। स्रोत: पुलिस

वे खुद बिना हेलमेट के वाहन चलाते देखे गए। पड़ताल में पाया गया कि 50 प्रतिशत से अधिक वाहन चालक बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करते मिले, लेकिन नियम का पालन कराने वाले बेखबर रहे। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि यातायात नियमों को तोड़ने वाले पुलिस कर्मियों का भी चालान किया जाएगा। यातायात माह में लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि लोग अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें।

**चालान की राशि हर दिन 40 हजार पार :** पुलिस के रिकॉर्ड पर गौर करें, तो चालान की प्रक्रिया यहां तेज है। प्रतिदिन 40 हजार रुपये से अधिक का चालान काटा जा रहा है। जानकारों का कहना है कि जिस तन्मयता से पुलिस चालान काटती है, उतने मनोयोग से लोगों को जागरूक किया जाए, तो सड़क हादसे कम हो सकते हैं।

### पुलिस लाइंस गेट

पुलिस लाइन गेट पर सुबह 11 से 11:15 बजे 97 बाइक सवार गुजरे। इनमें 47 बिना हेलमेट के थे, जबकि 22 बिना हेलमेट ट्रिपल राइडिंग करते मिले। सात पुलिसकर्मी भी बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए देखे गए, जबकि 28 लोग हेलमेट लगाकर यात्रा करते हुए दिखे।

### हाईडिल तिराह

नगर के हाईडिल तिराहा व्यस्ततम स्थानों में शामिल है। सुबह 11:20 से 11:35 बजे तक 107 बाइक सवार गुजरे। इनमें 63 बिना हेलमेट के चलते हुए मिले। 28 बिना हेलमेट और तीन सवारी चलते हुए दिखे। जबकि 26 लोग हेलमेट लगाकर यात्रा करते देखे गए। कमोबेश यही हाल अन्य स्थानों का भी रहा।


यातायात माह में शहर में बाइक पर हेलमेट को हाथ में लेकर और एक हाथ छोड़कर आवागमन करते बाइक पर तीन सवार। संवाद



यातायात माह में नियम का उल्लंघन कर रही पुलिस, पुलिस लाइंस गेट के सामने बिना हेलमेट के आवागमन करते पुलिसकर्मी। संवाद



पुलिस लाइंस के सामने बिना हेलमेट के आवागमन करते बाइक पर पांच सवार।


अशोक मार्ग पर बिना हेलमेट के आवागमन करते बाइक पर चार सवार। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-11-2022

## आवास के लाभार्थियों के खाते से उड़ाया नकदी

# प्रधान, प्रधानपति और पंचायत सचिव नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** हैंसर ब्लाक क्षेत्र के गाई बसन्तपुर गांव में प्रधानमंत्री आवास के तीन लाभार्थियों के खाते से फर्जी आईडी तैयार कर तत्कालीन प्रधान, प्रधानपति और पंचायत सचिव ने मिलकर आवास की सरकारी धनराशि उड़ा दिया। जानकारी मिलने पर लाभार्थी जब उलाहना देने लगे तो तत्कालीन प्रधान, प्रधानपति और पंचायत सचिव लाभार्थियों और उनके परिजनों को जाति सूचक गाली और जानमाल की धमकी भी देने लगे।

**हैंसर ब्लाक क्षेत्र के गाई बसन्तपुर गांव का मामला**

जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के गाई बसन्तपुर गांव निवासी दलित कलावती पत्नी बुधिराम, लालमति पत्नी इन्द्रजीत तथा अनीता पत्नी वृजभान को बीते पंचवर्षीय में प्रधानमंत्री आवास मिला था। उस वक्त गाई बसंतपुर गांव की प्रधान विजयलक्ष्मी थी। प्रधान विजयलक्ष्मी के मति अर्जुन पुत्र रामसुख जनसेवा केन्द्र का संचालन करता है। आरोप है कि प्रधानपति अर्जुन ने फर्जी आईडी तैयार कर जालसाजी करते हुए पीएम आवास की लाभार्थी कलावती पत्नी बुधिराम के बैंक खाते में आई आवास के किस्त की धनराशि मेसे 40 हजार रूपये, अनीता पत्नी वृजभान के बैंक खाते से आवास के किस्त की धनराशि मेंसे 30 हजार रूपये तथा लालमति पत्नी इन्द्रजीत के खाते मेंसे आवास के किस्त की धनराशि मेंसे 40 हजार रूपये प्रधान विजयलक्ष्मी और तत्कालीन पंचायत सचिव संजय पुत्र महातम की मिलीभगत से उड़ा दिया जिसके बारे में पीएम आवास के उक्त तीनों लाभार्थियों को तत्काल कानो-कान खबर तक नहीं लग सकी। बाद में खाते से नकदी उड़ाए जाने की जानकारी मिलने पर परेशान तीनों लाभार्थी जब बैंक में पहुंचे तब पता चला कि प्रधानपति अर्जुन ने उनके खाते से फर्जी आईडी तैयार कर जालसाजी से उक्त धनराशि की निकासी कर ली है।

पीएम आवास की पीड़ित लाभार्थी अनीता ने बताया कि जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस समेत पुलिस उच्चाधिकारियों को उसके द्वारा प्रार्थनापत्र दिया गया लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो वह थक-हार कर न्यायालय की शरण में पहुंची जहां वाद दाखिल कर न्यायालय से उक्त दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई। न्यायालय ने सुनवाई करने के बाद स्थानीय पुलिस को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया है।

पुलिस ने अनीता पत्नी वृजभान की तहरीर पर तत्कालीन प्रधान विजयलक्ष्मी, प्रधानपति अर्जुन तथा पंचायत सचिव संजय के खिलाफ आईपीसी की धारा 419, 420, 406, 504, 506 तथा 3 (1) (द) व 3 (1) (ध) एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पुलिस ने नाकाबंदी कर तीन लोगों को दबोचा

**सेमरियावां (एसएनबी)।** दुधारा थानाक्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी वाघनगर पर वायरलेस पर प्रसारित फ्राड कर भाग रहे तीन आरोपियों को चौकी इंचार्ज बाघनगर रजनीश राय के नेतृत्व में लगभग 6 बजे पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने एक मारूति आल्टो कार समेत तलाशी के दौरान लैपटाप एवं डायरी समेत अन्य सामान बरामद किया है। पकड़े गए तीनों आरोपी अपने आप को पत्रकार भी बता रहे थे। आरोपियों को चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में तत्काल दुधारा थाने पर भेज दिया गया। पकड़े गए तीनों युवक कानपुर देहात के रहने वाले हैं और तीनों युवक श्रम कार्ड बनाने के नाम लोगों से आधार कार्ड लेकर फिंगर प्रिंट के माध्यम से बैंक अकाउंट से पैसा निकाल लेते थे। दुधारा थाना क्षेत्र देवापार गांव में आरोपियों द्वारा श्रम कार्ड बनाने के बहाने दो महिलाओं शकुंतला देवी एवं जासमती के खाते से ६ 10 हजार एवं ६ 20 हजार निकाल लिया गया है। दोनों महिलाओं के पतियों के मोबाइल फोन पर ६ निकलने का मैसेज जाने के बाद महिलाओं के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसकी भनक लगते ही उक्त तीनों लोग भागने लगे। पुलिस ने वाघनगर चौकी पर नाकाबंदी कर तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि उक्त तीनों के द्वारा अन्य लोगों के साथ भी इस तरह का फ्राड किया है।

# 130 ली. कच्ची शराब बरामद, 13 गिरफ्तार

**मेंहदावल (एसएनबी)।** अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री के खिलाफ मेंहदावल पुलिस की कार्रवाई के दौरान 130 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा अभियान के दौरान अवैध कच्ची शराब के साथ 13 अभियुक्तों जलंधर पुत्र श्रवण कुमार निवासी सरहरी, थाना मेंहदावल, लाल साहब उर्फ अशोक कुमार पुत्र नन्दलाल बारी निवासी नायलटोला कस्बा मेंहदावल, हरिकेश पुत्र रामनयन निवासी गगनईराव थाना मेंहदावल, राजकुमार साहनी पुत्र जगन्नाथ साहनी निवासी साहनी केवटलिया थाना मेंहदावल, अजय पुत्र महंथ निवासी साहनी केवटलिया थाना मेंहदावल, विजय निषाद पुत्र सूर्यभान निषाद निवासी कौवाठोर थाना मेंहदावल पर कार्रवाई की गई। इसके साथ ही धर्मेन्द्र पुत्र रामकरन निवासी पीपीगंज, उपेन्द्र पुत्र फेकू निवासी बेलवनवा थाना मेंहदावल, राहुल गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता निवसी कौवाठोर, नागेन्द्र पुत्र इन्द्रजीत निषाद निवासी विशुनपुरा कैम्पियरगंज, सूरज पुत्र श्रीराम निवासी नौगो थाना मेंहदावल, झिनकू साहनी पुत्र कल्पनाथ निवासी जलारे, थाना कैम्पियरगंज, सुभाष मौर्य पुत्र पल्लर मौर्या निवासी नहुनीठोड़ थाना मेंहदावल को खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वालों में उ.नि. लालजी यादव, उ.नि. प्रवीण कुमार, उ.नि. ओमप्रकाश यादव, कां. अखिलेश पाण्डेय, कां. रत्नेश सिंह, कां. धर्मेन्द्र यादव, कां. बब्लू कुमार सहित आदि लोग शामिल रहे।

# यातायात का किया शुभारंभ

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** यातायात माह नवम्बर 2022 का मंगलवार को यातायात कार्यालय मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद पर जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह और एआरटीओ डा. आन्जनेय सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर गोष्ठी का उद्‌घाटन किया। अधिकारियों ने यातायात जागरुकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील की। अधिकारियों ने कहा कि अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश भदौरिया, प्रभारी यातायात बृजेश यादव व यातायाय के समस्त के अधिकारी/कर्मचारी सहित अन्य सम्मानित जनमानस उपस्थित रहे।

# माह सितम्बर की ऑनलाइन पोलिंग में थाना धर्मसिंहवा को प्रथम स्थान

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** माह सितम्बर की समस्त थानों की कार्यप्रणाली के संदर्भ में ऑनलाइन पोल कराया गया। जिसमें आमजनमानस को पुलिस व मीडिया के माध्यम से जागरूक करते हुए ट्विटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर-एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन किया गया। आमजन द्वारा इस पोल के माध्यम से ट्विटर पर 1225 वोट, डायरेक्ट पोल पर 3816, एफआईआर-एनसीआर वादी द्वारा 172, आईजीआरएस पर 758 व पासपोर्ट-चरित्र सत्यापन के 1879 मामलों पर अपनी राय व्यक्त की गई। जिसके आधार पर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा जनपद संतकबीरनगर में थाना धर्मसिंहवा को प्रथम स्थान और थाना बेलहर कला को द्वितीय स्थान दिया गया है। सबसे खराब स्थिति में थाना बखिरा रहीं जिसे नौवां स्थान प्रदान किया गया है। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने बताया कि संतकबीरनगर जिले में माह सितम्बर की समस्त थानों की कार्यप्रणाली के बारे में दिनांक 11.10.2022 से 17.10.2022 तक एक ऑनलाइन पोल कराया गया। जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि वे केस दर्ज होने के बाद कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। इस ऑनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम ट्विटर, फेसबुक, वाट्सएप्प आदि पर-लिंक भेजकर ऑनलाइन पोल भी कराया गया जिसके आधार पर सभी थानों की रैंकिंग तय की गई है। इस वोटिंग का उद्देश्य आम जनमानस से प्राप्त सुझावों का उपयोग कर संकबीरनगर पुलिस के थानों की कार्यप्रणाली में सुधार कर अधिक जनप्रिय एवं व्यवहारकुशल बनाना है। उन्होंने बताया कि आम जनमानस के इस पोल के माध्यम से अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा जनपद संतकबीरनगर के थाना धर्मसिंहवा को प्रथम स्थान व थाना बेलहरकला को द्वितीय स्थान दिया गया है। साथ ही थाना महिला थाना को तृतीय, थाना मेंहदावल को चतुर्थ, थाना दुधारा को पांचवा, थाना कोतवाली खलीलाबाद को छठा, थाना धनघटा को सातवां, थाना महुली को आठवां व थाना बखिरा को नौवां स्थान प्रदान किया गया है।

# दहेज हत्यारोपी पति गिरफ्तार

**बखिरा (एसएनबी)।** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने और दहेज न देने पर पत्नी की हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी पति को बखिरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया। बीते 18.10.2022 को वादी अंगद प्रसाद चौधरी पुत्र रामकरन चौधरी द्वारा लिखित सूचना दिया गया कि उसकी पुत्री शालिनी चौधरी को उसके पति अरुण, ससुर विश्वम्भर, सास व जेठानी निवासीगण खुखुन्दा थाना बखिरा के द्वारा दहेज की मांग को लेकर बार बार प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज न देने पर वादी की पुत्री की हत्या कर दी गयी थी। घटना के संबंध मे थाना बखिरा पर मु.अ.सं. 327/2022 धारा 498(ए), 304(बी) भादवि व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत कराया गया था। उक्त प्रकरण में प्रभारी चौकी बखिरा उ.नि. कल्पनाथ सिंह ने कां. मंजीत कुमार के साथ वांछित अभियुक्त अरुण कुमार पुत्र विश्वम्भरनाथ निवासी खुखुन्दा थाना बखिरा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# तमंचा के साथ युवक धराया

**मेंहदावल (एसएनबी)।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों को दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मेहदावल पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर, 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को उ.नि. लालजी यादव अपने हमराही हे.का. जयचन्द्र कनौजिया, कां. बृजेश सिहं और कां. शत्रुधन सिंह के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुकेश राम पुत्र लौटू राम निवासी अमरहा थाना धर्मसिंहवा के पास से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद की गई। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के विरूद्ध थाना मेंहदावल पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की गई।

# चोरी की चेन बरामद तीन महिलाएं गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** खलीलाबाद शहर में मेंहदावल बाईपास रोड पर दिन दहाड़े तीन महिलाओं के द्वारा एक महिला के गले से सोने की चेन चुरा लेने के मामले में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। उक्त महिला अभियुक्तों के पास से एक चेन पीली धातु बरामद की गई। उक्त मामले में मंगलवार को अभियुक्ताओं को पुलिस ने न्यायालय-जेल रवाना किया। स संबंध में पूछे जाने पर थाना कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय ने बताया कि पीड़िता फरहीन खान पुत्री जावेद अहमद निवासिनी मोतीनगर थाना कोतवाली खलीलाबाद ई-रिक्शा से गोला बाजार से अपने घर की ओर जा रही थी कि मेंहदावल बाईपास रोड के पास तीन महिलाओं द्वारा उसके गले से सोने का चेन चुरा लिया गया। शक होने पर शोर की। शोर मचाने पर उक्त महिलाएं भागने लगी जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े जाने के पश्चात वादिनी द्वारा महिलाओं की तलाशी के दौरान सोने की चेन प्राप्त होने पर अपशब्द कहते हुए मारपीट की गयी। जिससे वादिनी के दाहिने हाथ में चोट लग गयी। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने अपने भाई व बहन के सहयोग से उक्त तीनों महिलाओं मीना पत्नी भुल्लर, संध्या पत्नी राघव एवं संजना पुत्री भुल्लर निवासीगण एकला खास थाना गीडा जनपद गोरखपुर को थाना कोतवाली खलीलाबाद लाया गया। जहां पर उक्त घटना के क्रम में केस दर्ज कर अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# 130 लीटर शराब संग 13 गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाया। छापे मारकर 130 लीटर शराब के साथ 13 आरोपितों को दबोचा। थाना मेंहदावल पुलिस ने अभियान के दौरान अवैध कच्ची शराब के साथ जलंधर पुत्र श्रवण कुमार निवासी सरहरी, लाल साहब उर्फ अशोक पुत्र नन्दलाल बारी निवासी नायलटोला कस्बा मेंहदावल, हरिकेश पुत्र रामनयन निवासी गगनईराव, राजकुमार साहनी पुत्र जगन्नाथ साहनी निवासी साहनी केवटलिया, अजय पुत्र महंथ निवासी साहनी केवटलिया, विजय निषाद पुत्र सूर्यभान निषाद निवासी कौवाठोर, धर्मेन्द्र पुत्र रामकरन निवासी पीपीगंज गोरखपुर, उपेन्द्र पुत्र फेंकू निवासी बेलबनवा, राहुल गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता निवासी कौवाठोर, नागेन्द्र पुत्र इन्द्रजीत निषाद निवासी विशुनपुरा कैम्पियरगंज गोरखपुर, सूरज पुत्र श्रीराम निवासी नौगो, झिन्कू साहनी पुत्र कल्पनाथ निवासी जलारे को गिरफ्तार किया।

# यातायात माह के शुभारंभ पर जागरूकता रैली निकाली



यातामाह माह के शुभारंभ पर हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते एसपी।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने मंगलवार को दीप प्रज्ज्वलन कर यातायात माह का शुभारम्भ किया। हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। एसपी ने सभी लोगों से सड़क पर वाहन चलाने के दौरान यातायात नियम का पालन करने की अपील की।

खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाइपास स्थित यातायात कार्यालय पर एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में यातायात माह नवम्बर 2022 का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होने यातायात जागरूकता वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एसपी ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरूक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न एसपी ने स्वदेशी एमएपीपीएलएस (मैप माई इंडिया) एप के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश भदौरिया, प्रभारी यातायात बृजेश यादव व यातायात पुलिस के समस्त के अधिकारी व कर्मचारी सहित अन्य सम्मानित जनमानस उपस्थित रहे।

एसडीएम ने पोखरे की जमीन को आबादी में दर्ज करने की कार्रवाई को किया निरस्त, डेढ़ दर्जन प्रतिष्ठान आएंगे कार्रवाई की जद में

# मंदिर की जमीन पर बने होटल व दुकानें होंगी ध्वस्त

## समय माता मंदिर

संतकबीरनगर, जिस संवाददाता। समय माता मंदिर पोखरे की जमीन पर हुआ अवैध कब्जा हटेगा। शहर के बीच में स्थित इस पोखरे की 437 एयर भूमि पर लोगों ने गलत तरीके से कब्जा जमाया है। इस पर होटल, रेस्टोरेंट के साथ ही शहर के कई नामी लोगों की दुकानें भी बनी हैं। इस कार्रवाई से करीब डेढ़ दर्जन भवन जमींदोज होंगे। तहसील प्रशासन ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दिया है। एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने कूटरचित तरीके से जारी पोखरे की जमीन को आबादी में दर्ज करने के तत्कालीन तहसीलदार के आदेश को निरस्त करते हुए उक्त भूमि को फिर से पोखरे के रूप में खतौनी पर दर्ज कर दिया है। साथ ही तहसीलदार को निर्देश दिया है कि बेदखली की नोटिस जारी करते हुए अवैध अतिक्रमण को जल्द से जल्द खाली कराएं।

एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि समय माता मंदिर पोखरा गाटा संख्या 1522 में है। जिसका कुल रकबा 2.83 हेक्टेयर [illegible] एकड़ है। लेकिन मौके पर इस पर अवैध कब्जा है। उन्होंने बताया कि पोखरे के विवाद को लेकर जब अभिलेखों की जांच की गई तो पता चला कि वर्ष 1986 के तत्कालीन तहसीलदार के कूटरचित आदेश के क्रम में पोखरे के कुल रकबा में से 0.437 हेक्टेयर भूमि को आबादी दर्ज कर दिया गया है। जो कि पूरी तरह से गलत है। उन्होंने बताया कि तालाब, पोखरे की जमीन को आबादी दर्ज करने का कोई नियम ही नहीं है। साथ ही किसी भी प्रकार की भूमि को आबादी में दर्ज करने का तहसीलदार के पास कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि जांच में आदेश कूटरचित प्रतीत हुआ, क्योंकि रिकार्ड में कोई भी पत्रावली इस आदेश से संबंधित नहीं है। इसके साथ ही जो आदेश पारित किया गया है उस पर कोई केस नंबर भी दर्ज नहीं है। इससे उक्त आदेश पूरी तरह से कूटरचित है।

### 36 साल बाद पकड़ी गई चोरी

36 साल पहले हुए खेल को अब तक कोई पकड़ नहीं सका। इसका खुलासा तब हुआ जब एसडीएम सदर की ईओ का सिटी मजिस्ट्रेट [illegible] ने प्रभार मिला। उन्होंने पोखरे के विवाद के लिए अभिलेख खंगालने शुरू किए तो कूटरचित तरीके से जारी तहसीलदार का आदेश सामने आया। आदेश पर शक हुआ तो उन्होंने विधिवत जांच की। जांच में पूरा मामला खुलकर सामने आ गया।



बेदखली की कार्रवाई की जद में आने वाले दुकानें व प्रतिष्ठान।

**1986** में 437 एयर जमीन आबादी में कर दी गई थी दर्ज

"समय माता मंदिर पोखरे की 0.437 हेक्टेयर भूमि को कूटरचित तरीके से आबादी दर्ज कर दिया गया था। कूटरचित आदेश को निरस्त करते हुए फिर से पोखरे के रूप में दर्ज कर दिया गया है। तहसीलदार को निर्देश दिया गया है कि बेदखली की कार्रवाई करते हुए सभी को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई करें।"

अजय कुमार त्रिपाठी
एसडीएम, सदर

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का दिया हवाला

एसडीएम ने अपने आदेश में हिंचलाल बनाम कमला देवी के प्रकरण में वर्ष 2001 में हुए आदेश का भी हवाला दिया है। जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि 1951 के बाद जो भी भूमि तालाब, आबादी पोखरे के रूप में अभिलेख में दर्ज है, उस पर किसी भी तरह का कोई संशोधन नहीं किया जाएगा।

### 1951 से अभिलेखों की हुई जांच

तहसीलदार के आदेश के निस्तारीकरण से पहले एसडीएम अजय त्रिपाठी ने वर्ष 1951 से लेकर अब तक के अभिलेखों की पूरी जांच की। अभिलेखागार से सभी पुराने दस्तावेज निकाले गए, उनका गहनता से परीक्षण किया गया। सरकारी वकील के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ इस पर वार्ता करने के बाद आगे निर्णय लिया गया।



# दहेज हत्या के आरोपी को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दहेज हत्या के वांछित आरोपित अभियुक्त को दबोचकर कानूनी कार्रवाई किया। थाना बखिरा पुलिस डीपी एक्ट में वांछित आरोपित अभियुक्त अरुण कुमार पुत्र विश्वम्भरनाथ निवासी खुखुन्दा को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी किया।

दिनांक 18 अक्टूबर को वादी अंगद प्रसाद चौधरी पुत्र रामकरन चौधरी ने तहरीर दी कि उसकी पुत्री शालिनी चौधरी को उसके पति अरुन, ससुर विश्वम्भर सास, व जेठानी निवासीगण खुखुन्दा के द्वारा दहेज की मांग को लेकर बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज न देने पर बेटी की हत्या कर दी।

# छेड़खानी में तीन पर केस दर्ज

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के स्थानीय निवासी नाबालिग से कुछ मनचले युवकों ने छेड़खानी की। मामले में तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

महुली कस्बा में एक व्यक्ति सोमवार की रात लगभग नौ बजे अपनी नाबालिग पुत्री के साथ एक कार्यक्रम से अपने घर जा रहा था। तभी हरिहरपुर तिराहे के निकट गांव के ही सनी पुत्र सुरेंद्र निषाद, महेश पुत्र ओमप्रकाश, अभिमन्यु पुत्र नंदू मद्धेशिया ने उसकी पुत्री से छेड़खानी करते हुए हुटिंग की।

# दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति समेत चार पर केस

## कार्रवाई

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने महराजगंज के सतगुर खोरनइया ( पनियरा ) निवासी ससुरालियों पर दो लाख रूपए दहेज की मांग करने व मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, ससुर, सास व जेठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सैय्यदा खातून पुत्री अब्दुल मजीद निवासी अमहवा, बखिरा ने कहा कि उसका निकाह 31 मार्च 2021 को महराजगंज जनपद के सतगुर खोरनईया थाना पनियरा के साथ हुआ था। ससुराल पहुंचने के बाद से ही पति, ससुर, सास व जेठानी ने दो लाख नगद लाने की बात कही।

दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर ससुरालियों द्वारा उसे प्रताणना देने के साथ ही मारापीटा जाता था। मारपीट व घर न आने की धमकी दी। उसकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि आरोपी पति अशफाक अली उर्फ चुफानु, ससुर अली हुसैन, सास तारा देवी, जेठानी सितारा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

# तीन महिला स्नेचरों को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने तीन महिला चेन स्नैचरों को दबोचकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई किया। पुलिस के अनुसार फरहीन खान पुत्री जावेद अहमद निवासिनी मोतीनगर खलीलाबाद गोला बाजार से अपने घर की ओर जा रही थी। शहर के टीवीएस एजेन्सी के पास तीन महिलाओं ने उनके गले से सोने का चेन चुरा लिया। शोर मचाने पर तीनों महिलाएं भागने लगी। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ा गया।

आरोपित महिलाओं मीना पत्नी भुल्लर, संध्या पत्नी राघव, संजना पुत्री भुल्लर निवासीगण एकला खास थाना गीडा जनपद गोरखपुर को थाना कोतवाली थाने लाया गया। अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा दिया गया।

# धर्मसिंहवा थाना अव्वल तो बखिरा बना फिसड्डी

## ऑनलाइन पोलिंग

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** एसपी सोनम कुमार के निर्देश पर जनपद में माह सितम्बर के समस्त थानों की कार्यप्रणाली के बारे में दिनांक 11 से 17 अक्टूबर तक आनलाइन पोल कराया गया। जिसमें थाना धर्मसिंहवा अव्वल तो बखिरा थाना पूरी तरह से फिसड्डी साबित हुआ। ट्विटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर/एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन कराया गया।

आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए। सभी थानों में दर्ज एफआईआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि वे केस दर्ज होने के बाद पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। पोल में महिला थाना तृतीय, मेंहदावल चतुर्थ, दुधारा पांचवा, कोतवाली को छठां, धनघटा सातवां,महुली आठवां व बखिरा को नौवां स्थान मिला।

# दहेज हत्या के आरोपित पति को पुलिस ने भेजा जेल

**जासं,बखिरा, संतकबीर नगरः** बखिरा पुलिस ने खुखुंदा गांव निवासी दहेज हत्या के आरोपित पति को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीन अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस जुटी है। बस्ती जिले के रूधौली थाना के डड़वा गांव निवासी अंगद चौधरी ने बखिरा थाने में दी गई तहरीर में उल्लेख किया है कि उन्होंने बेटी शालिनी चौधरी की शादी 18 मई 2022 में बखिरा थाना के खुखुंदा गांव निवासी अरूण कुमार चौधरी से की थी। उनकी बेटी को ससुराली दहेज के लिए अक्सर प्रताड़ित करते थे। दहेज के लिए उनकी बेटी को पति-अरूण कुमार चौधरी, ससुर-विश्वंभर चौधरी, जेठानी व सास ने मिलकर 18 अक्टूबर 2022 की रात करीब नौ बजे मार डाला। इस मामले में पुलिस ने इन चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपितों की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी।

थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को आरोपित पति को हरदी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# चार ट्रैक्टर-ट्राली के संचालकों पर होगी कार्रवाई

**जासं, संतकबीर नगरः** अवैध मिट्टी लदी चार ट्रैक्टर-ट्राली के संचालकों पर जल्द सख्त कार्रवाई होगी। चारों ट्रैक्टर-ट्राली पुलिस के कब्जे में हैं। इससे अवैध मिट्टी खनन में लिप्त धंधेबाजों में खलबली मची हुई है। खनन निरीक्षक नरेश महतो ने सूचना मिलने पर बीते सोमवार को दबिश दी थी। मगहर कस्बे में दो वहीं यहां पर स्थित पुलिस चौकी से कुछ दूर आगे गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो कुल चार अवैध मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा। कोई कार्रवाई न होने पाए, खनन निरीक्षक पर दबाव डाले। उन्होंने चारों ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस के हवाले कर दिया। खनन निरीक्षक ने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इन वाहनों के संचालकों के विरुद्ध जुर्माना व अन्य कार्रवाई की जाएगी।

# यातायात नियमों के पालन से दुर्घटना से बचाव संभव : एसपी

संतकबीर नगर : एसपी सोनम कुमार ने कहा कि सड़क पर यातायात नियम का पालन आवश्यक है। इस पर अमल करके दुर्घटनाओं से बचाव संभव है। सड़क पर पैदल चलने व वाहन चलाते समय सावधानी जरूरी है। एसपी मंगलवार को खलीलाबाद बाईपास पर यातायात माह का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने फीता काटकर यातायात पुलिस को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता के लिए रवाना किया।

# चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने मारपीट के मामले में मंगलवार को चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। धनघटा थाने पर दी गई तहरीर में नकहां गांव निवासी किसमती पत्नी रामजग ने उल्लेख किया है कि उनके गांव की उर्मिला व प्रभावती तथा तेजपुर गांव के करिया व एक व्यक्ति अज्ञात सोमवार की रात करीब आठ बजे उसके घर के पास आ गए। ये लोग उन्हें घसीटते हुए ले गए। मारपीट कर उन्हें घायल कर दिए। उनके चीखने पर ये लोग फरार हो गये। परिवार के सदस्यों ने उपचार के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैंसर बाजार में दाखिल कराए।

थानाध्यक्ष केडी सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर उर्मिला, प्रभावती, करिया व एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध पीटने,जान-माल की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

# चकबंदी न कराने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## खुली बैठक में चकबंदी को लेकर दो भागों में बंटे ग्रामीण, मेंहदावल विकास खंड के बिसौवा गांव का मामला

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल विकास खंड के बिसौवा गांव में सहायक चकबंदी अधिकारी की मौजूदगी में मंगलवार को खुली बैठक का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों ने चकबंदी नहीं कराने को लेकर हाथ खड़े किए। इसके साथ ही चकबंदी को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। कुछ ग्रामीणों ने चकबंदी कराने के पक्ष में भी हस्ताक्षर किए। लेकिन गांव के ज्यादातर ग्रामीण चकबंदी नहीं कराने को लेकर लामबंद रहे। पूरी रिपोर्ट चकबंदी अधिकारी को भेजी गई है।



बिसौवा गांव में चकबंदी के विरोध में नारेबाजी करते ग्रामीण• जागरण



चकबंदी को लेकर खुली बैठक करते अधिकारी और ग्रामीण• जागरण

बिसौवा गांव में मंगलवार को चकबंदी को लेकर खुली बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में चकबंदी के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। सहायक चकबंदी अधिकारी की मौजूदगी में 138 ग्रामीणों ने चकबंदी नहीं कराने के पक्ष में हस्ताक्षर किए। ग्रामीण हरिशंकर पांडे, लिटिल पांडे, रमेश, दिलीप कुमार, अशोक कुमार, शरद पांडे, दशरथ, वीरेंद्र, आशुतोष, बंशीधर, सर्वेश्वर पांडे, केदारनाथ, फागू, दिनेश प्रसाद ने कहा कि चकबंदी होने से लोगों के खेत के जगह जगह टुकड़े हो जाते हैं। साथ ही वर्षों से जिस खेत को तैयार किया उसे छोड़ना पड़ता है। इससे काफी नुकसान होता है। ग्रामीण चकबंदी नहीं कराने के पक्ष में लामबंद है। इस दौरान कई बार लोगों ने नारेबाजी भी किया। इधर दूसरे पक्ष के 48 लोगों ने चकबंदी कराने के पक्ष में हस्ताक्षर किए। इन ग्रामीणों के भी तर्क रहे। खुली बैठक को लेकर पूरी रिपोर्ट सहायक चकबंदी अधिकारी के द्वारा चकबंदी अधिकारी को भेजी गई है। जिसमें इस बात का जिक्र किया गया है कि चकबंदी नहीं कराने को लेकर ज्यादातर ग्रामीण लामबंद है। इसको लेकर भारी विरोध हो रहा है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# उत्पीड़न बंद न होने पर आंदोलन करेंगी महिलाएं

जासं, धनघटा: धनघटा स्थित शिव मंदिर पर मंगलवार को सर्वजन महिला महासभा की बैठक हुई। वक्ताओं ने कहा कि कच्ची की बिक्री में हो रही बढ़ोत्तरी पर चिंता व्यक्त की गयी। महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। यदि उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो जिले की महिलाएं वृहद आंदोलन करने के लिए विवश होंगी।

जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान ने कहा कि धनघटा तहसील क्षेत्र में कच्ची का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। इसका सेवन करने वाले पति घर पहुंचने पर पत्नी व बच्चों को पीटते है। शिकायत के बाद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। महिलाएं परेशान हैं। महिलाएं हत्या व बलात्कार घटना की शिकार हो रही हैं।

# ऑनलाइन पोलिंग में धर्मसिंहवा थाने को मिला पहला स्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

## बेलहर कला थाने को मिला दूसरा स्थान, बखिरा थाना सबसे पीछे रहा

संतकबीरनगर। ऑनलाइन पोलिंग में धर्मसिंहवा थाने को प्रथम स्थान मिला है। बेलहर कला थाने को दूसरा स्थान मिला है। बखिरा थाना सबसे पीछे रहा।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि सितंबर की समस्त थानों की कार्यप्रणाली के बारे में 11 से 17 अक्तूबर तक ऑनलाइन पोल कराया गया। इसमें आमजनमानस को पुलिस व मीडिया के माध्यम से जागरूक करते हुए ट्वीटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर/एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन किया गया।

आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए। थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया।

ऑनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम पर लिंक भेजकर ऑनलाइन पोल भी कराया गया। इसके आधार पर थानों की रैंकिंग तय की गई है।

इस वोटिंग का उद्देश्य आम जनमानस से प्राप्त सुझावों का उपयोग कर जनपद संकबीरनगर पुलिस के थानों की कार्यप्रणाली में सुधार कर अधिक जनप्रिय एवं व्यवहार कुशल बनाना है ।

आमजन के जरिए इस पोल के माध्यम से ट्विटर पर 1225 वोट, डायरेक्ट पोल पर 3816, एफआईआर / एनसीआर वादी द्वारा 172, आईजीआरएस पर 758 व पासपोर्ट / चरित्र सत्यापन के 1879 मामलों पर अपनी राय व्यक्त की गई।

## दहेज हत्यारोपी पति गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** बखिरा पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को मंगलवार को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 18 अक्तूबर 2022 को पीड़ित पिता अंगद प्रसाद चौधरी ने सूचना दी। कहा कि उसकी पुत्री शालिनी चौधरी को पति अरुन, ससुर विश्वंभर, सास, व जेठानी निवासी खुखुंदा थाना बखिरा दहेज की मांग की कर रहे थे। दहेज की मांग को लेकर बार- बार लोग उसकी बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। दहेज न देने पर लोग उसकी पुत्री की हत्या कर दी। इस मामले में दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया था। संवाद

## 130 लीटर शराब के साथ 13 दबोचे

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल पुलिस ने अलग-अलग जगहों से 130 लीटर कच्ची शराब के साथ 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसओ रविंद सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों जलंधर निवासी सरहरी, लाल साहब उर्फ अशोक निवासी नायलटोला, हरिकेश निवासी गगनईराव, राजकुमार साहनी निवासी साहनी केवटलिया,अजय निवासी साहनी केवटलिया, विजय निवासी कौवाठोर, धर्मेंद्र निवासी पीपीगंज,उपेंद्र निवासी बेलवनवा, राहुल गुप्ता निवासी कौवाठोर, नागेंद्र निवासी विशुनपुरा कैम्पियरगंज, सूरज निवासी नौगो, झिनकू साहनी निवासी जलारे, थाना कैम्पियरगंज, सुभाष मौर्य निवासी नहुनीठोड़ मेंहदावल के रूप में हुई। संवाद

## मिट्टी लदी चार ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

**संतकबीरनगर।** खनन निरीक्षक ने मगहर चौकी क्षेत्र से अवैध खनन कर ले जा रही मिट्टी से लदी चार ट्रैक्टर ट्राऊली को पकड़ कर सीज कर दिया। खनन निरीक्षक ने चारों ट्रैक्टर ट्रॉली को कोतवाली पुलिस को सुपुर्द कर दिया। चर्चा है कि जिले के एक जनप्रतिनिधि के प्लाट पर अवैध खनन कर मिट्टी गिराया जा रहा था। इसमें कार्रवाई न हो, इसके लिए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों पर फोन कर दबाव भी डाला गया। खनन निरीक्षक नरेश महतो ने बताया कि सीज कर कार्रवाई की गई। संवाद

# चोरी कर भाग रहीं तीन महिलाओं को पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

## गोरखपुर की रहने वाली हैं महिलाएं

**संतकबीरनगर।** शहर में एक युवती का सोने का चेन चुरा कर भाग रहीं तीन महिलाओं ने भीड़ ने दौड़ा कर पकड़ लिया। उन्हें पुलिस को सौंप दिया। महिलाएं गोरखपुर जिले की निवासी बताई गई।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़िता फरहीन खान पुत्री जावेद अहमद निवासी मोतीनगर सोमवार को ई-रिक्शा से गोला बाजार से घर की ओर जा रही थीं। टीवीएस एजेंसी के पास तीन महिलाओं ने उसके गले से सोने की चेन चुरा लिया।

पीड़िता ने शक होने पर शोर मचाया तो महिलाएं भागने लगीं। स्थानीय लोगों ने दौड़ा कर उन्हें पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद पीड़िता ने महिलाओं की तलाशी ली। सोने की चेन मिल गई।

आरोप है कि तीनों महिलाओं ने अपशब्द कहते हुए पीड़िता के साथ मारपीट की गई। पीड़िता भाई व बहन के सहयोग से तीनों महिलाओं को कोतवाली लाया। पूछताछ में पकड़ी गई महिलाओं की पहचान मीना पत्नी भुल्लर, संध्या पत्नी राघव, संजना पुत्री भुल्लर निवासी एकला खास थाना गीड़ा गोरखपुर के रूप में हुई।

पकड़ी गई तीनों महिलाओं पर चोरी की चेन बरामद होने, मारपीट करने, अपशब्द कहने और जानमाल की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया गया। मंगलवार को तीनों आरोपी महिलाओं को कोर्ट भेज दिया गया।

# तमंचा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल पुलिस ने चेकिंग के दौरान मंगलवार को तमंचा-कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया। एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान मुकेश राम निवासी अमरहा धर्मसिंहवा के रूप में हुई। तलाशी में पकड़े गए आरोपी के पास से 12 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

बखिरा। एक विवाहिता ने महराजगंज के सतगुर खोरनइया (पनियरा) निवासी ससुरालियों पर दो लाख रुपये दहेज की मांग करने व मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, ससुर, सास व जेठानी पर केस दर्ज कर लिया है।

पीड़िता सैय्यदा खातून पुत्री अब्दुल मजीद ने बताया कि उसका निकाह 31 मार्च 2021 को महराजगंज जनपद के सतगुर खोरनईया थाना पनियरा के साथ हुआ था। ससुराल पहुंचने के बाद से पति, ससुर, सास व जेठानी दहेज में दो लाख नकद की मांग करने लगे।

दहेज की मांग पूरी नहीं कर पाने पर ससुरालियों द्वारा मारापीटा जाता था। उसकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि आरोपी पति असफाक अली उर्फ चुफानु, ससुर अली हुसैन, सास तारा देवी, जेठानी सितारा देवी पंर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-11-2022

# एसपी के आदेश पर दर्ज किया मुकदमा

परसपुर। ग्राम पूरेअजब के लोनियन पुरवा में घर में घुसकर अपशब्द कहते हुए दो भाइयों की लाठी डंडे से पिटाई करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की। मंगलवार को एसपी आकाश तोमर के निर्देश पर थाने की पुलिस ने महिला सहित तीन व्यक्तियों के विरुद्ध जानमाल धमकी देने के साथ एससी/एसटी ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित जगतराम पुत्र रामलखन ने बताया कि थाने पर तहरीर देने के बाद पुलिस ने उनकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की। इस पर उसने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि दो अक्तूबर को रंजिश के चलते गांव के केवटन पुरवा निवासी तीन लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडे से उनपर हमला बोल दिया था।

# छेड़खानी से रोकने पर मारने की धमकी

मनकापुर। स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ कर रहे शोहदों को मना करने पर उन्होंने एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नबाबगंज मार्ग पर स्थित धर्मकांटा के पास रहने वाले विजय सोनकर ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें आरोप है कि मंगलवार सुबह अपने घर पर बैठा हुआ था। इसी बीच एक छात्रा सड़क से गुजर रही थी। बाइक पर सवार तीन लोग छात्रा से छेड़खानी करने लगे। उसने रोका तो शोहदों ने जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा है कि मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गौरा चौकी में हटाया गया अतिक्रमण

## हड़कम्प

- बाजार में एसडीएम की मौजूदगी में कार्रवाई से मचा हड़कंप
- प्रशासन ने चिह्नांकन करके दी अतिक्रमण हटाने की चेतावनी

खोड़ारे, संवाददाता। क्षेत्र के गौरा चौकी बाजार में सड़क की पटरियों के बगल में हुए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन का बुलडोजर गरजा। प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस-प्रशासन की टीम के साथ पीडब्ल्यूडी के अफसर मौजूद रहे।

गौरा चौकी बाजार में मंगलवार को सड़क के दोनों किनारों पर अतिक्रमण कर बनी दुकानों को हटाने के लिए प्रशासन ने अभियान चलाया गया। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ,स्थानीय पुलिस व प्रशासन और क्षेत्रीय लेखपालों की संयुक्त टीम ने दुकानदारों के अतिक्रमण को खाली कराने बुलडोजर के साथ पहुंची। टीम के पहुंचते ही पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई। इस दौरान बुलडोजर के मदद से सड़क तक बनाए गए फर्श व टीन शेड आदि गिरा दिए गए। सोमवार देरशाम एसडीएम मनकापुर आकाश सिंह और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने सभी अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। अतिक्रमण नहीं हटाने पर बुलडोजर से हटाने की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद लोगों ने दूसरे दिन तक भी अपने अतिक्रमण नहीं हटाए। इस पर मंगलवार दोपहर करीब 11 बजे प्रशासन की टीमों ने बुलडोजर लगाकर अतिक्रमण साफ करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। अब आवागमन के दौरान लोगों को जाम से छुटकारा मिलेगा। अतिक्रमण हटाकर सड़क की पटरियों को खाली कराने की कार्रवाई से तमाम लोगों ने खुशी जताई है। इस दौरान तहसीलदार मनकापुर, थाना प्रभारी खोड़ारे सुरेश कुमार वर्मा, चौकी इंचार्ज अरुण कुमार राय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



मंगलवार को गौरा चौकी बाजार में अतिक्रमण ढहाती जेसीबी।



मंगलवार को गुरुनानक चौराहे पर वाहन चालकों को जागरूक करते एएसपी।

# वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट पहनें : एएसपी

## यातायात माह

**गोण्डा, संवाददाता।** यातायात माह का शुभारंभ मंगलवार को गुरुनानक चौराहे पर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जलाकर एएसपी शिवराज ने किया। उन्होंने लोगों को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया गया। कहा कि, वाहन चलाने पर हेलमेट व सीट बेल्ट जरूर पहनें।

एएसपी शिवराज ने कहा कि अपनी ही नहीं दूसरों की जान बचाने के लिए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। इसलिए दो पहिया वाहन चलाने वाले लोग हेलमेट जरूर पहनें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाने वाले लोग सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। उन्होंने कहा कि सड़कों को पहले से बेहतर किया गया है। कुछ सडकों की कमियों को सुधारने की कोशिश जारी है। सड़कों पर लापरवाही से इस वर्ष हादसों में दो सौ से अधिक लोगों की मौत हुई है। कार्यक्रम के अंत में सड़कों पर आकर एएसपी ने स्कूली छात्रों के साथ बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहनों को रोककर गुलाब का फूल भेंट किया। ऐसे लोगों से हेलमेट पहनकर सड़क पर वाहन चलाने की शपथ दिलाई। वहीं, हेलमेट पहनने वालों लोगों को गुलाब देकर धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में सीओ सिटी लक्ष्मी कांत गौतम, आरआई संजय कुमार, नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह, यातायात प्रभारी अभिनव प्रताप सिंह और स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# पुलिस ने आधा दर्जन लोगों का चालान किया

धानेपुर। पुलिस ने भूमि विवाद समेत अलग-अलग मामलों में आधा दर्जन लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि भूमि विवाद के मामले को लेकर हनुमंताभारी गांव के रहने वाले संजय शर्मा, उनके भाई रामदयाल शर्मा, मुजेहना के रहने वाले प्रमोद त्रिपाठी व आलोक नवल श्रीवास्तव का चालान किया गया है। इसके अलावा पूरबगली धानेपुर के हरीश कुमार लोहिया का चालान किया गया है।

# मारपीट में आठ लोगों पर मुकदमा

परसपुर। ग्राम मलांव कृपापुरवा निवासी अक्षय सिंह ने तुलसी स्मारक इंटर कालेज के गेट पर ग्राम छतौनी निवासी आयुष और तीन अज्ञात पर धमकी सहित मारपीट का आरोप लगाया है।

वहीं ग्राम डेहरास छतौनी निवासी राजकुमार सिंह ने सूरजभान सिंह, गोलू सिंह व दो अज्ञात पर धमकी देते हुए पिटाई करने का आरोप लगाया है। इंसपेक्टर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि तहरीर पर दोनों तरफ दो नामजद सहित पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

# अब यूपी पुलिस की वर्दी में प्रतीक चिह्न लगेगा

लखनऊ,विशेष संवाददाता। पुलिस महानिदेशक देवेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय में यूपी पुलिस के प्रतीक चिह्न का अनावरण किया। वर्दी के दाहिने हिस्से में नेम प्लेट के ऊपर यूपी पुलिस अपने प्रतीक चिह्न को लगाएगी। डीजीपी ने कहा ये चिह्न हमें पुलिस के कर्तव्यों की भी याद दिलाएगा। पुलिस महानिदेशक ने 15 अगस्त 2022 को प्रतीक चिह्न बनाने का फैसला किया।

यूपी पुलिस में लगभग 74 जिला पुलिस विभाग और 4 कमिश्नरेट हैं। पुलिस अधिनियम 1861 के तहत, सन् 1863 में संयुक्त प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय के रूप में




स्थापित किया गया था। आज यह 159 वर्ष पुराना है। अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात अनुपम कुलश्रेष्ठ को प्रतीक चिह्न बनवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशान्त कुमार ने इसकी मॉनिटरिंग की। फैशन डिजाइनर पूर्णिमा भिक्ता ने इसे तैयार करने में मदद की।

# यातायात माह के पहले दिन ही नियमों की अनदेखी

**संसू, गोंडा** : पुलिस यातायात माह के पहले दिन ही वाहन चालक नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए। कहीं किशोर मोटर साइकिल से फर्राटा भरते रहे तो कहीं बिना हेलमेट के ही बाइक चलाते नजर आए। वहीं यातायात नियमों का पाठ पढ़ा कर चालकों को जागरूक किया गया।

छात्र-छात्राओं ने वाहन चालकों को नियमों का अनुपालन करने की सीख दी। गुरु नानक चौक पर पुलिस यातायात माह के शुभारंभ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। चार पहिया व दो पहिया चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया। एएसपी ने कहा कि हेलमेट लगाकर ही मोटर साइकिल चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करें। सीट बेल्ट लगा कर ही चार पहिया चलाएं। टैक्सी व बस में निर्धारित यात्री ही बैठाएं जाएं। वहीं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने चालकों को फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। दूसरी तरफ लाल बहादुर शास्त्री चौराहे के निकट एक मोटर साइकिल पर तीन किशोर फर्राटा भरते दिखाई दिए। पुलिस कर्मी भी बिना हेलमेट के बाइक चलाता दिखा। इतना अधिकांश लोग बिना हेलमेट की मोटर साइकिल चलाते दिखे। बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया भी लोग चलाते दिखे। अहम सवाल यह है कि यह सब चौराहों पर खड़े वर्दीधारी देखते रहे। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर का कहना है कि यातायात नियमों के पालन के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।



गुरुनानक चौक पर बाइक सवार को यातायात जागरूकता के बारे में जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व छात्राएं ● जागरण





गुरुनानक चौक पर बिना हेलमेट के बाइक सवार और बिना हेलमेट स्कूटी चलाता एक पुलिसकर्मी ● जागरण

# दो किशोरियों का अपहरण, मुकदमा

**संसू, नवाबगंज (गोंडा) :** दो गांवों से किशोरियों का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। किशोरियों के स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

एक गांव के रहने वाले युवक ने तहरीर दी कि उसके 18 वर्षीय बहन का अपहरण गांव के एक युवक ने कर लिया है। गत रविवार की रात उसकी बहन घर से बाहर निकली थी तभी से वापस नहीं लौटी। उसकी तलाश कई स्थानों पर की गई लेकिन, उसका पता नहीं चला।वहीं दूसरे गांव की रहने 13 वर्षीय किशोरी का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है।

किशोरी के पिता ने दी गई तहरीर में कहा है उसकी बेटी को गत सोमवार की शाम बगल गांव के दो युवकों ने अपहरण कर लिया है। आसपास व रिश्तेदारों के यहां बेटी की खोजबीन की गई लेकिन, कहीं नहीं पता चला। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा तहरीर के आधार पर अलग अलग दोनों मामलों में अपहरण का मुकदमा किया गया है। किशोरियों की तलाश के टीमें लगाई गईं हैं।

# दो गुटों में मारपीट आठ पर मुकदमा

**संसूत, परसपुर :** वर्चस्व स्थापित करने को लेकर छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने तहरीर दी। पुलिस ने तीन नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा किया है।

छितौनी गांव के रहने वाले राजकुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि गत सोमवार को उनका बेटा आयुष तुलसीदास महाविद्यालय में पढ़ने गया था। वहां राजाटोला गांव के रहने वाले सूरजभान सिंह व कृपापुरवा मंलाव के रहने वाले अक्षय सिंह उर्फ गोलू तथा दो अज्ञात लोगों ने उसकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं कृपापुरवा के रहने वाले अक्षय सिंह ने दी गई तहरीर में कहा कि छितौनी गांव के रहने वाले आयुष सिंह व तीन अज्ञात लोगों ने उसे तुलसी स्मारक इंटर कालेज के गेट के पास मारापीटा व जानमाल की धमकी दी।

# यूपी पुलिस को मिला प्रतीक चिह्न

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** यूपी पुलिस के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास रहा। उसे अपना पहला प्रतीक चिह्न मिल गया है। डीजीपी डा.डीएस चौहान ने प्रतीक चिह्न का अनावरण किया और उसे पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की वर्दी पर लगाया गया। यूपी पुलिस के प्रतीक चिह्न में पुलिस कलर (नीले व लाल रंग) का उपयोग किया गया है और उसमें अशोक की लाट के नीचे सत्यमेव जयते लिखा है। नीचे उत्तर प्रदेश पुलिस लिखा है और बीच में दो मछलियों की आकृति बनी हैं। अब डीजीपी से लेकर सिपाही तक पुलिस चिह्न को वर्दी में दाहिनी ओर सीने पर नेमप्लेट के ऊपर धारण करेंगे। अभी पुलिस अधिकारी व कर्मी वर्दी में बाजू पर उप्र प्रदेश शासन का चिह्न धारण करते हैं।



प्रतीक चिह्न जारी करते डीजीपी डीएस चौहान ● पुलिस मुख्यालय

उप्र पुलिस बल की स्थापना के 159 वर्ष बाद उसे अपना प्रतीक चिह्न मिला है। इसकी कल्पना इसी वर्ष पंद्रह अगस्त के अवसर पर की गई थी। वर्तमान में पंजाब, दिल्ली, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर व कुछ अन्य राज्यों की पुलिस के अपने प्रतीक चिह्न हैं। डीजीपी मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रीतक चिह्न का अनावरण किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस भारत गणराज्य के सबसे पुराने पुलिस विभागों में से एक है और दुनिया में सबसे बड़ा पुलिस बल है। इसे वर्ष 1863 में संयुक्त प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय के रूप में स्थापित किया गया था। प्रतीक चिह्न बनवाने में एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार व एडीजी यातायात अनुपम कुलश्रेष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतीक चिह्न को बनाने में फैशन डिजाइनर पूर्णिमा भिक्ता का भी सहयोग रहा।

# पुलिस ने सात को किया गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)**। थाने की पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामसभाओं से शांति भंग व न्यायालय से जारी वारंट के मामले में कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के तहत फरार अभियुक्त सुनील तिवारी निवासी तिवारी बाजार पथार को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द किया गया है। शांतिभंग में थाना क्षेत्र के डिडसिया कला भवानी बख्श पुरवा निवासी अजय, देवरदा के चिल्दहा निवासी भगवत पांडेय व नारायण ओझा, दुल्हीपुर चौबेपुर निवासी रामकेवल व सुरेश कुमार एवं जमाल खानी के अहिरन पुरवा निवासी गोविंद प्रसाद यादव को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# बालिका के आत्महत्या मामले में पिता समेत पांच पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

बालपुर (गोंडा)। थाना कटरा बाजार के बमडेरा गांव के पास 26 अक्तूबर को अंजली (12) ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी थी। अंजली की मां सीमा की तहरीर पर पांच दिन बाद सोमवार को कटरा बाजार थाने में बालिका के पिता समेत पांच लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है।

सीमा पत्नी संतोष के मुताबिक, उसकी शादी वर्ष 2004 में थाना परसपुर के भोला पुरवा में हुई थी। शादी के बाद से सास, ससुर व पति आए दिन मारपीट करते थे। बताया कि उसकी दो बेटियां हैं। कोरोना में सीमा के भाई व पिता की मौत हो गई है। पति ने विवाद के चलते उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। बड़ी बेटी को भी पति जबरन अपने घर पकड़ ले गया। पीड़िता गांव के एक लोग के यहां रहकर गुजारा कर रही थी। छोटी बेटी अंजली ने इन सबसे परेशान होकर 26 अक्तूबर को ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।

पुलिस ने पति संतोष, ससुर अंबिका प्रसाद, भाभी पुष्पा देवी, बहनोई सांवल मिश्र व सौरभ पर अंजली को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज किया गया है।

## किशोरियों को भगाने में दो के खिलाफ रिपोर्ट

**नवाबगंज (गोंडा)।** बीते चौबीस घंटे में थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से दो नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर कर भगाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता ने थानें पर दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी शिवा रविवार सुबह उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बावजूद कोई पता नहीं चल पाया। दूसरी घटना में 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए हुए पीड़ित पिता ने सर्वेश यादव के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि दोनों मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# फर्जी क्लीनिक व झोलाछाप पर कसेगा शिकंजा, टीम गठित

संवाद न्यूज एजेंसी

खरगूपुर (गोंडा)। दुष्कर्म के मामले में झोलाछाप पर कार्रवाई के बाद उपमुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को सीएचसी अधीक्षक ने बिना डिग्री और रजिस्ट्रेशन के क्षेत्र में चल रहे फर्जी क्लीनिकों के चिकित्सकों पर कार्रवाई के लिए टीम गठित की है। डिग्री व लाइसेंस न उपलब्ध कराने पर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

**दर्ज की जाएगी एफआईआर**

खरगूपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अजय कुमार यादव ने बताया कि उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. टीपी जायसवाल के निर्देश पर बिना डिग्री व रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक तथा मेडिकल स्टोर का संचालन करने वालों पर कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई है। हाल ही में विशुनापुर बाजार में झोलाछाप का उपचार के दौरान क्लीनिक में महिला से दुष्कर्म किये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसपर झोलाछाप की क्लीनिक व मेडिकल स्टोर को सीज कर उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजय यादव ने बताया कि उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. टीपी जायसवाल के निर्देश पर फार्मासिस्ट कुलदीप त्रिपाठी की अगुवाई में टीम गठित की गई है।

## पुलिस ने घर पर मारा छापा

**खरगूपुर (गोंडा)।** विवाहिता से दुष्कर्म के आरोपी झोलाछाप के खिलाफ उपमुख्य चिकित्साधिकारी व सीएचसी अधीक्षक आदि की संयुक्त तहरीर पर बिना डिग्री के क्लीनिक व मेडिकल संचालन करने पर धोखाधड़ी आदि धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसी मुद्दे में मंगलवार को झोलाछाप के घर पहुंचकर पुलिस साक्ष्य एकत्र करने के लिए पड़ताल की। क्षेत्र के विशुनापुर कस्बा में झोलाछाप अजमल शेख ने एक गांव निवासिनी विवाहिता से क्लीनिक पर इलाज करने के दौरान दुष्कर्म किया था। सोशल मीडिया पर युवती से दुष्कर्म करने का वीडियो वायरल हुआ था। आरोपी डॉक्टर व पीड़िता अलग-अलग समुदाय के होने से क्षेत्र में तनाव बन गया था। घटना के पांचवें दिन सोमवार को उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. टीपी जायसवाल, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजय यादव, चीफ फार्मासिस्ट जीपी तिवारी, फार्मासिस्ट कुलदीप त्रिपाठी की संयुक्त तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी अजमल शेख के खिलाफ बिना डिग्री के क्लीनिक तथा मेडिकल स्टोर संचालन, प्रतिबंधित दवाएं व इंजेक्शन रखने के मामले में मुकदमा दर्ज किया था। टीम ने क्लीनिक व मेडिकल स्टोर को सील कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि पूरी पड़ताल कराई जा रही है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-11-2022

# धन उगाही के आरोप में लेखपाल निलंबित

बलरामपुर। बाढ़ राहत दिलाने के लिए धन की वसूली करने वाले लेखपाल को डीएम डा. महेन्द्र कुमार ने निलंबित कर दिया है। तुलसीपुर तहसील के ग्राम कठेर में कार्यरत लेखपाल महेन्द्र कुमार टंडन के खिलाफ ग्रामीणों ने शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि लेखपाल के पुत्र ने बाढ़ पीड़ितों से धन की वसूली की है। ग्रामीणों ने वसूली करते हुए लेखपाल के पुत्र का वीडियो वायरल किया था। डीएम ने एसडीएम तुलसीपुर को मामले की जांच सौंपी थी। जांच में वीडियो सत्य पाया गया। डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने लेखपाल महेन्द्र कुमार टंडन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित कर जांच नायब तहसीलदार तुलसीपुर को सौंपी है।

# एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर कोतवाली व थानों में एंटी रोमियो टीम ने बेटियों व महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में शामिल बेटियों और महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई।

# गुण व दोष के आधार पर जांच करें : एएसपी

बलरामपुर। रिजर्व पुलिस लाइन में विवेचको के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ने बैठक की। बैठक में गुण व दोष के आधार पर जांच कर मामले को निस्तारण करने का निर्देश जारी किया। एएसपी नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि विवेचक विवेचना में देरी न करें। किसी व्यक्ति को बेवजह न फंसाए तथा मामले की जांच कर विवेचक चार्जसीट न्यायालय भेजें। उन्होंने ट्रेजरी गार्ड, पीएनबी गार्ड, ईवीएम गार्ड, एनसीसी गार्ड के साथ रजिस्टर का निरीक्षण किया।

# महिलाओं को निडर रहने की सलाह दी

बलरामपुर। एंटी रोमियो टीम मनचलों पर कार्रवाई के लिए बनाई गई है। अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस निरंतर प्रयास कर रही है। यह बातें क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार ने मंगलवार को कही। सीओ मिशन जागरूकता अभियान के तहत चौपाल कार्यक्रम में लोगों को जागरूक कर रहे थे। कहा कि बालक बालिकाओं को बराबर शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार है। सभी अपने बच्चों को शिक्षितकरें। उन्होंने शासन के हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी।

# सभी यातायात नियमों का पालन करें

## सड़क सुरक्षा माह

बलरामपुर, संवाददाता। शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग यातायात एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाभ्वधान में यातायात कार्यालय पर सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। सड़क सुरक्षा के संबंध में छात्र-छात्राओं की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




सड़क सुरक्षा माह के तहत रैली रैली को हरी झंडी दिखाती एएसपी व अन्य ।

सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव की अगुवाई में किया गया। जिसमें उप पुलिस अधीक्षक नगर दरवेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद कुमार यादव की मौजूदगी में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। क्विज प्रतियोगिता के बाद एमएलके पीजी कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, एमपीपी इंटर कॉलेज व सीएमएस इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट एवं छात्र छात्राओं ने यातायात सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने नगर भ्रमण कर रैली के माध्यम से सभी को यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन बिना हेलमेट के न चलाने, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाकर संचालित करने सहित अन्य आवश्यक जानकारी देते हुए जागरूक किया। कार्यक्रम को अपर पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से न केवल बड़ी दुर्घटना को टाला जा सकता है बल्कि सुरक्षित घर पहुंचने का भी मूल मंत्र है। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने सभी छात्र-छात्राओं एवं वाहन चालकों से अपील किया कि यातायात नियम के तहत वाहनों का संचालन करें। बिना सीट बेल्ट व हेलमेट के वाहन न चलाएं। सावधानी ही दुर्घटना से बचाव का मुख्य कारण है। इस दौरान प्रदीप कुमार, राहुल कश्यप, वेद प्रकाश श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में यातायात कर्मी एवं परिवहन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे।

# घूस लेने का वीडियो वायरल लेखपाल को किया निलंबित

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** घूस लेने का वीडियो वायरल होने पर लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। लेखपाल पर बेटे से विभागीय कार्य कराने का भी आरोप लगाया गया है। संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी को जांच सौंपी गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

तहसील तुलसीपुर के ग्राम कठेर में कार्यरत लेखपाल महेंद्र कुमार टंडन का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें लेखपाल की जगह उनका पुत्र विभागीय कार्य करते और ग्रामीणों से रुपया लेता दिख रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार ने उप जिलाधिकारी तुलसीपुर मंगलेश दूबे को मामले की जांच किए जाने एवं दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। जांच में वायरल वीडियो प्रथम दृष्टया सत्य पाया गया। उपजिलाधिकारी ने कठेर गांव में तैनात लेखपाल महेंद्र कुमार टंडन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। लेखपाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित कर दी गई है। उप जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार तुलसीपुर परमेश कुमार को जांच अधिकारी नामित किया है। नायब तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के आधार पर लेखपाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

# यातायात माह शुरू , निकाली जागरूकता रैली

**जागरण टीम, बलरामपुर:** यातायात माह की शुरुआत मंगलवार को की गई। नगर कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने फीता काटकर यातायात माह का शुभारंभ किया। एएसपी व क्षेत्राधिकारी नगर दरवेश कुमार व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद यादव ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक से 30 नवंबर तक चलने वाले यातायात माह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यातायात के बारे में जागरूक करने की बात कही।

एएसपी ने कहाकि पूरे माह जिले भर में यातायात के नियमों का पालन करने के लिए आमजन को प्रेरित किया जाएगा, जिससे मार्ग दुर्घटना से बचा जा सके। दुर्घटना से बचाव के लिए चारपहिया चालकों को गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट व



नगर कोतवाली से यातायात माह के शुभारंभ पर निकली जागरूकता रैली ●जागरण

बाइक सवार को हेल्मेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। सीओ सिटी ने कहाकि मान्यता प्राप्त सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें। मानव रहित रेलवे क्रासिंग सावधानीपूर्वक पार करें। शराब पीकर ड्राइविंग न करें। बच्चों को सड़क पर खेलने से रोकें। एआरटीओ ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें। वाहन प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र नियमित रूप से लें।

यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करें। कहा कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल होता है, तो जिस व्यक्ति की नजर उस पर पड़े, वह उसे किसी नजदीकी अस्पताल में अवश्य पहुंचाए। इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 112 , यातायात हेल्पलाइन 1073 व एंबुलेंस के लिए 108 एवं 102 पर दें। यातायात सिपाही सुरजीत यादव, संभागीय निरीक्षक प्रदीप कुमार, कनिष्ठ सहायक राहुल कश्यप मौजूद रहे।

इस दौरान सड़क सुरक्षा माह के तहत छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकाली। उधर उतरौला में पुलिस ने यातायात जागरूकता सप्ताह अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कहा कि फिल्मों में अभिनेता की भले ही स्टंट से जान बच जाती है, लेकिन रियल लाइफ में यह संभव नहीं है। इसलिए हीरोगीरी से बचें। उपनिरीक्षक सुरेंद्र वर्मा, रामकिशुन यादव, कस्बा चौकी प्रभारी गुरुसेन सिंह मौजूद रहे।

********

# धन उगाही में लेखपाल निलंबित

**बलरामपुर।** तुलसीपुर तहसील के ग्राम कठेरी में तैनात लेखपाल महेंद्र कुमार टंडन के स्थान पर उनके पुत्र द्वारा विभागीय कार्य करने तथा अवैध धन उगाही करने का वीडियो बीते दिनों वायरल हुआ था। इसे संज्ञान में लेकर डीएम डॉ. महेंद्र कुमार ने एसडीएम तुलसीपुर को मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया था। एसडीएम मंगलेश दूबे ने बताया कि जांच में वायरल वीडियो प्रथम दृष्टया सही पाया गया है। लेखपाल महेंद्र कुमार टंडन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण में न्यायिक तहसीलदार तुलसीपुर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। (संवाद)

# जीवन की सुरक्षा के लिए करें यातायात नियमों का पालन

## यातायात माह का शुभारंभ : एनसीसी कैडेटों व छात्र-छात्राओं ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मंगलवार को यातायात माह का शुभारंभ किया गया। यातायात माह में विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। पहले दिन एनसीसी कैडेटों व छात्र-छात्राओं ने शहर में रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

यातायात माह का शुभारंभ एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा रवाना करके किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी से प्रत्येक वर्ष सड़क हादसों में लाखों लोगों की मौत होती है। यातायात नियमों की अनदेखी सभी के लिए दुर्घटना का कारण बन सकती है। जीवन की सुरक्षा के लिए वाहन चलाते समय हमें यातायात नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। एएसपी ने लोगों से हेलमेट लगाने व सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की।



यातायात माह के शुभारंभ पर कार्यक्रम को संबोधित करतीं एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व अन्य। संवाद

आटो व ई-रिक्शा चालकों को मानकों के अनुसार ही सवारियां बैठाने की हिदायत दी। यातायात कार्यालय से निकलकर रैली शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई।

रैली में शामिल एनसीसी कैडेटों व छात्र-छात्राओं ने पोस्टर व पंपलेट आदि के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा पर आधारित क्विज कराई गई। यातायात माह के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर दरवेश कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योतिश्री व ट्रेनी क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 21 साल बाद दुष्कर्मी को आजीवन कारावास

**बलरामपुर।** एफटीसी द्वितीय ने दलित उत्पीड़न व दुष्कर्म के अभियुक्त को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक दलित व्यक्ति ने 27 अक्तूबर 2001 को थाना तुलसीपुर में मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी छोटी बहन के साथ सरदार गुरदीप सिंह उर्फ राजू ने दुष्कर्म किया और जातिसूचक गालियां दीं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचक ने गुरदीप को दलित उत्पीड़न, दुष्कर्म व गैंगस्टर एक्ट का प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सरकारी अधिवक्ता ने सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद एफटीसी द्वितीय विमल प्रकाश आर्य ने गुरुदीप को आजीवन कारावास व 40 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 02-11-2022

हिन्दुस्त

# रेप व छेड़छाड़ मामले में षड्यंत्र की सहयोगी महिला गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**बहराइच, संवाददाता।** अपराध शाखा ने रानीपुर थाने की पुलिस की मदद से जून में रेप, छेड़छाड़, बंधक बनाने व आईटी एक्ट के षड़यंत्र में सहयोगी नामजद महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी अनीश को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

रानीपुर थाने में जून में एक महिला ने रेप, छेड़छाड़, बंधक बना कर वीडियो क्लिप बनाने की धाराओं में कैसरगंज निवासी अनीश व सहयोगी महिला रानीपुर थाने की गोबरहा निवासिनी राजिया को नामजद करा केस दर्ज कराया गया था। एसएसपी ने इस मामले को अपराध शाखा में ट्रांसफर कर दिया था। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक विमलेन्द्र कुमार आरोपी अनीश को गिरफ्तार कर जेल भेज चुके थे। जबकि राजिया की तलाश चल रही थी। सोमवार शाम निरीक्षक विमलेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता, सिपाही आशुतोष, जुबैर अहमद, महिला सिपाही अलका द्विवेदी ने दबिश देकर राजिया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है।


RSITY
PURI (M.P.)
P GOVT. ACT NO. 17 OF 2015
E
ng positions. Eligible
ing/non-teaching and

| st Prof. | Lab Asst. |
|---|---|
| each | 1 each |
| each | 2 each |
| Nos. | 6 Nos.(Tutor) |
| Nos. | 2 Nos. |
| each | 1 each |
| each | – |
| each | – |
| each | – |
| each | – |
| each | 2 each |
| | 1 Nos. |
| | 1 Nos. |
| | – |

their resume to the
iversity@gmail.com
241115090.
ersity, Shivpuri (M.P.)
IVPURI, M.P.- 473665
du.in



Men willl be Men
रात
अभी
बाकी है.......
God of Love
कंदर्प®




Pure Ayurvedic
कैप्सूल, सीरप एवं चूर्ण
Ambic™
सभी प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध
Helpline
9760993993
MOST TRUSTED BRAND* 2022
Excellence In Ayurveda
*Jagran Achiever Awards 2022 Dubai

हिन्दुस्तान

# बालिका से रेप का फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल

बहराइच, संवाददाता। मुर्तिहा कोतवाली पुलिस ने रविवार रात सात वर्षीय बालिका से रेप मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह युवक ननिहाल में रह रहा था। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए मुर्तिहा कोतवाल शशि कुमार राणा को आरोपी की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए थे। मंगलवार को एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार और सीओ मिहींपुरवा राहुल पांडेय के पर्यवेक्षण में मुर्तिहा कोतवाल शशि कुमार राणा, सिपाही दलीप कुमार , रामू गौड़, राजेश यादव, हेमंत कुमार वर्मा, सतीश कुमार ने जंगल मटेरा गांव में धान के खेत के पास दबिश दी। पुलिस ने धर्मपुर बेझा गांव निवासी मुक्कू को गिरफ्तार कर लिया।

## मारपीट मामले में नहीं हुई गिरफ्तारी

बलहा । नानपारा कोतवाली के मोतीसिंहपुरवा में 21 अक्तूबर को हमलावरों ने पुरानी रंजिश में उमावती पत्नी राम निवास के साथ मारपीट की थी। पीड़िता ने बताया कि इस मामले में गोपी सहित तीन को नामजद किया गया था। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

हिन्दुस्तान

# एक वर्ष से गुमशुदा किशोरी बिहार में मिली

**सफलता**

बहराइच, संवाददाता। एक किशोरी एक वर्ष पूर्व लापता हो गई थी। पीड़िता को तलाशती हुई गुजरात पहुंची पुलिस टीम को किशोरी की लोकेशन बिहार प्रांत के सारण जिले में मिली। अपनी मौसी के यहां पनाह लिए हुई किशोरी को बरामद कर शहर लाया गया। उसे मेडिकल को भेजा गया होगा।

नगर कोतवाली में लगभग एक वर्ष पूर्व एक मोहल्ले निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पांच दिनों पूर्व किशोरी की तलाश में नगर कोतवाली की वशीरगंज पुलिस चौकी प्रभारी कमल शंकर चतुर्वेदी, महिला सिपाही अंकिता राज, सिपाही बजरंगी राय 1400 किमी की दूरी तय कर गुजरात प्रांत के अहमदाबाद पहुंचे, पता चला कि पीड़िता वहां नहीं है। तलाश के दौरान ही उसकी लोकेशन बिहार प्रांत के सारण जिले के मशरक थाने के डुमर्सन बाजार में मिली। पुलिस टीम लगभग 1700 किमी की यात्रा कर उसकी मौसी के घर से बरामद किया गया। पीड़िता ने बताया कि वह परिजनों से नाराज होकर मौसी के घर में थी। चार दिन की निरंतर यात्रा के बाद किशोरी को शहर लाया गया है। उसे महिला सिपाही की अभिरक्षा में मेडिकल को भेजा गया है। उसे मेडिकोलीगल के बाद कोर्ट में बयान को प्रस्तुत किया जाएगा।

हिन्दुस्तान

डीएम व एसएसपी ने फीता काटकर यातायात माह की शुरुआत की, शांति के प्रतीक कबूतर व गुब्बारे छोड़ कार्यक्रम का आगाज

# यातायात नियमों का पालन कर रहें सुरक्षितः डीएम

**यातायात माह**

बहराइच, संवाददाता। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश, दुघर्टनाओं में होने वाली मौतों व गम्भीर रूप से घायल लोगों की संख्या में कमी लाये जाने, यातायात नियमों के पालन के साथ यातायात माह की मंगलवार से शुरुआत हुई। वाहन का संचालन करते समय हेमलेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के प्रति आमजन में जनजागरूकता पैदा करने के उद्देश्य यातायात माह के शुभारम्भ पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने गुब्बारे को आकाश में छोड़कर तथा हरी झण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया।



पुलिस लाइन में फीता काटकर यातायात माह का शुरुआत करते डीएम व एसएसपी

डीएम ने पुलिस विभाग की ओर से आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले सभी स्टेक होल्डर्स को बधाई देते हुए, कहा कि यातायात नियमों के पालन के लिए मात्र जिला प्रशासन का सहयोग काफी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज की सोच में परिवर्तन लाये जाने की आवश्यकता है। जिसके लिए समाज के सभी वर्गों विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों, अधिवक्ता, शिक्षकों व व्यापारिक प्रतिनिधियों को आगे आना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी माता-पिता व परिवार के बड़े बुजुर्गों का कर्तव्य है कि बच्चों को अच्छे संस्कार के साथ-साथ यातायात नियमों का पालन करने की सीख भी दें। उन्होंने कहा कि प्रायः मार्ग दुर्घटनाओं में घायल होने या मरने वाले व्यक्तियों में अधिकतार संख्या युवाओं की होती है।

डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में तमाम तरह के सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं। व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को सुरक्षित ड्राइव करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भी सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित इलाज मुहैय्या कराये जाने के प्रति गम्भीर है। इस बात के दृष्टिगत न्यायालय द्वारा नेक आदमी के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी किये गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानन्जय सिंह, ग्रामीण अशोक कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसके. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओ.पी. चौधरी, सीओ पयागपुर राजीव कुमार सिसौदिया, सीओ प्रशिक्षु आनन्द कुमार राय, ईओ नगर पालिका परिषद बाल मुकुन्द मिश्र, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार, परिवर्तन एसपी. सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, छात्र-छात्राएं व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने कविता प्रस्तुत की।

## दुर्घटनाओं में कमी लाने को महकमा प्रतिबद्ध

बहराइच। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार मार्ग दुर्घटनाओ में कमी लाए जाने को प्रतिबद्ध है। इसके लिए यातायात नियमो मे तमाम तरह के बदलाव किए गए हैं। ऐसे आयोजनो का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों को यातायात नियमों की जानकारी हो जाये, और लोग स्वयं से यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि मार्ग दुर्घटनाओ में मृत्यु व गम्भीर रूप से घायल होने के पीछे का मुख्य कारण लोगों का सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग न करना है। उन्होंने जिले के सभी जिम्मेदार और वरिष्ठ नागरिकों का आह्वान किया कि लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। कहा कि जनपद में नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। इसके लिए यातायात पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कोहरे व धुंध के कारण ट्रैक्टर ट्राली किसी दुर्घटना का कारण न बने इसके लिए ईंट भट्ठों तथा गन्ना की ढुलाई में प्रयुक्त होने वाली सभी ट्रालियों पर रेफ्लेक्टर लगवाए जाएंगे। उन्होंने मीडिया से भी लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देश दिया कि यातायात माह के दौरान नियमों का पालन न करने वाले सभी लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाय।

## सीओ ने विस्तार से जानकारी दी

बहराइच। सीओ सिटी डॉ. जंग बहादुर यादव ने यातायात माह के उद्देश्य तथा माह के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस माडर्न स्कूल की छात्राओं गरिमा शुक्ला, दिव्या तिवारी व अपराजिता श्रीवास्तव ने भी यातायात नियमों के पालन करने की जानकारी दी, जिसके लिए जिलाधिकारी ने छात्राओं को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उत्साह वर्धन किया। जबकि यातायात आरक्षी सलीम ने स्वागत गीत व देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने मौजूद लोगों को यातायात नियमों का पालन करने से सम्बन्धित शपथ दिलाते हुए कहा कि आप लोग भी यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाएं।

## जागरूकता को पुरस्कृत किया जाएगा

बहराइच। जिलाधिकारी ने बताया कि यातायात माह के दौरान यातायात नियमों के पालन के सम्बन्ध में सुन्दर गीत की रचना पर जिले की प्रत्येक तहसील स्तर पर एक-एक, मुख्यालय पर चार तथा एक विशेष गीत रचनाकार को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही यातायात माह के दौरान जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं में यातायात नियमों के सम्बंध में वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। सभी शिक्षण संस्थाओं में प्रार्थना के समय यातायात के नियमों के बारे में बच्चों को जानकारी भी प्रदान कराई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि यातायात माह के दौरान अभियान चलाकर वाहनों के फिटनेस की जांच के साथ-साथ नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाय।

# लापरवाही देख सुरक्षा में लगे सिपाहियों को सीजेएम ने लगाई फटकार

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्र ने मंगलवार को न्यायालय सुरक्षा में लगे सिपाहियों को फटकार लगाई। उन्होंने गेट नंबर एक व दो का निरीक्षण करते हुए पुलिस कर्मियों की लापरवाही देखकर नाराजगी जताई।

पुलिस कर्मियों को चेतावनी देते हुए ईमानदारी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इसके बाद सीजेएम कार्यालय जाकर पत्रावलियों के रखरखाव व प्राचीन वादों के संबंध में लिपिकों को भी फटकारा। उन्होंने निर्देश दिया कि पुराने वादों की पत्रावलियां तलाश कर अदालत के समक्ष प्रस्तुत की जाए, ताकि उनका निस्तारण हो सके। सीजेएम ने जिले के सभी थानों के पैरोकारों को भी निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जारी प्रक्रिया में सहयोग करें।

# बालिका से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बहराइच :** बालिका से दुष्कर्म के फरार आरोपित को मुर्तिहा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

एक गांव निवासी छह वर्षीय बालिका के साथ रविवार देर रात युवक ने दुष्कर्म किया था। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गया था। आरोपित मक्कू निवासी धर्मपुर बेझा के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की थी। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया। एसपी केशव कुमार चौधरी ने आरोपित को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। कोतवाल शशिकुमार राणा ने बताया कि आरोपित के मटेरा गांव के निकट स्थित जंगल के पास होने की सूचना मिली। आरक्षी दिलीप कुमार, रामू गौड़, राजेश यादव, हेमंत कुमार वर्मा और सतीश कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

चुनाव कराया। सर्व सम्मति से कुमार मंजुलम मिश्र को जिलाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

मंत्री पद पर दो प्रत्याशियों के बीच चयन के लिए मत डाले गए। अरमान, संयुक्त मंत्री दिनेश कुमार, संगठन मंत्री कृष्ण देव व केशवराम यादव, प्रचार मंत्री शिव शंकर यादव, कार्यकारिणी सदस्य राम अचल यादव आदि को चुना गया।

मिली। आरक्षी दिलीप कुमार, राम गौड़, राजेश यादव, हेमंत कुमार वर्मा और सतीश कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

सरकार में अधिकारी व कर्मचा होने के अलावा इंजीनियर, डाक्ट शिक्षक और व्यवसायी हैं, जो इन्क टैक्स देते हैं। कई परिवार ऐसे भी जिनमें कई लोगों के नाम जमीन

# फेरबदल की आहट से बढ़ीं थानाध्यक्षों की धड़कनें

संतोष श्रीवास्तव • बहराइच

**जागरण विशेष**

**कई थाना प्रभारियों को बढ़ानी पड़ सकती है लाइन की शोभा, आधा दर्जन उप निरीक्षकों को मिल सकती है थाने की कमान**

थानों और कोतवालियों में महीनों से अंगद की तरह पांव जमाए थानेदारों व कोतवालों के माथे पर अब चिंता की लकीरें नजर आने लगी हैं। अपराधियों पर शिकंजा कसने में नाकाम रहने के बाद भी कुंडली मारकर कुर्सी पर बैठे निरीक्षकों में अब तबादले का डर साफ दिख रहा है।

एसपी की तबादला एक्सप्रेस जल्द चलने की संभावना है। इसके मद्देनजर जहां कुछ लोग खादी धारियों की ड्योढ़ी पर दस्तक दे रहे हैं, वहीं कुछ लोग उच्चाधिकारियों की चौखट नाप रहे हैं।

छह जनवरी को कार्यभार संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने कई महीनों तक फेरबदल नहीं किया, लेकिन जब तबादला एक्सप्रेस चलाई तो अपनी पहुंच और रसूख के दम पर कुर्सी पर जमे लोगों को पुलिस लाइन व अन्य शाखाओं में तैनात कर कड़ा संदेश दिया कि 'काम करोगे तो राज करोगे'।

एसपी के फेरबदल करने के बाद एक बात तो साफ हो गई है कि अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसेगा, वही थाना व कोतवाली में रहेगा, अन्यथा सिफारिश काम नहीं आएगी। 10 माह का कार्यकाल पूरा कर चुके एसपी अब जिले की भौगोलिक स्थिति से परिचित होने के साथ तैनात खाकीधारियों की कार्यशैली की समीक्षा भी कर चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक दो-चार दिन में एसपी एक बार फिर फेरबदल करेंगे। इसकी संभावना को देखते हुए मानक के अनुरूप कार्य करने विफल खाकीधारी अपनी कु बचाने के लिए सत्ताधारी नेताओं लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारि से जुगाड़ लगाने में कोई कसर न छोड़ रहे हैं।

> पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है। कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर पैनी नजर है। कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए हर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -**केशव कुमार चौधरी**, पुलिस अधीक्षक

# गायब और चोरी हुए 121 मोबाइल फोन बरामद, लोगों को सौंपे



चोरी व गायब हुए मोबाइल फोन पाकर पुलिस टीम के साथ खुशी जताते लोग ● जागरण

**जासं, बहराइच :** गायब और चोरी हुए करीब साढ़े 15 लाख रुपये की कीमत के 121 मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने मोबाइल धारकों की पहचान कर सत्यापन के बाद उन्हें उनका फोन सौंपा। सालभर पहले से लेकर जल्द के दिनों में गायब हुए फोन पाकर लोग खुश हो गए।

एसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर आम नागरिकों के खोये हुए मोबाइल बरामदगी अभियान के अंतर्गत बहराइच एसओजी ने सर्विलांस टीम के साथ अलग-अलग जगह से चोरी व गायब हुए मोबाइल बरामद किया, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये से अधिक है। मंगलवार को एएसपी ग्रामीण ने पुलिस लाइन में सभी बरामद मोबाइल उनके वास्तविक

**● सर्विलांस व एसओजी ने की साढ़े 15 लाख के मोबाइल की बरामदगी**

मालिकों को सिपुर्द किए। मोबाइल पाने वालों में शामिल रमेश ने कहा कि हमको तो उम्मीद ही नहीं थी कि अब गायब हुआ मोबाइल दोबारा मिल सकेगा, लेकिन बहराइच पुलिस की कार्यकुशलता से 121 लोगों को उनका मोबाइल दोबारा मिल सका।

सभी ने पुलिस को दिल से धन्यवाद दिया। एएसपी ने बताया कि एसपी के कार्यालय के जनशिकायत सेल में विभिन्न थाना क्षेत्रों से मोबाइल गुमशुदगी के सीधे प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे। बरामदगी के लिए एसपी ने सर्विलांस सेल व एसओजी को निर्देशित किया गया था। इस मौके पर सीओ जंगबहादुर यादव व एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी मौजूद रहे।

# तमंचा और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**संसू, रामगांव/रिसियामोड़(बहराइच):** राजापुर गांव में शराब की दुकान पर खड़े दो संदिग्ध युवकों को लोगों ने पकड़ कर रामगांव थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर हाईवे चौकी इंचार्ज शशिप्रताप सिंह पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। युवकों के पास कारतूस व तमंचा बरामद किया गया।

आरोपितों की पहचान थाना पयागपुर के फरदा सुमेरपुर गांव निवासी संजय सिंह उर्फ राहुल व थाना कैसरगंज के चिलवा गांव निवासी गुरुवचन सिंह के रूप में हुई। मुकदमा दर्ज कर दोनों को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया।

# डीएम व एसपी ने किया सुहेलदेव स्मारक स्थल का निरीक्षण

**जासं, बहराइच :** जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी व अन्य अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव के निर्माणाधीन स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। महाराजा सुहेलदेव की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं मंदिर, घाट, महाराजा सुहेल देव की मूर्ति, भव्य द्वार, पार्किंग स्थल, बाउंड्रीवाल कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के प्रगति में तेजी लाकर निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से काम पूरा कराएं।

# 'यातायात नियमों का करें पालन, सुरक्षित रहेगा जीवन'

- जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया यातायात माह का आरंभ
- वाहन चालकों व लोगों को यातायात नियमों के दिए गए टिप्स

**जासं, बहराइच:** पुलिस लाइन परिसर में मंगलवार को फीता काटकर यातायात माह का आरंभ जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने किया। इस दौरान वाहन चालकों के साथ-साथ आम नागरिकों को पंफ्लेट वितरण कर यातायात नियमों से अवगत कराया गया।

डीएम ने कहा कि वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ यातायात नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी आती है। उन्होंने चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करने की बात कही। एसपी केशव कुमार चौधरी ने कहा कि चार पहिया वाहन चलाने वाले लोग सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें। साथ ही नियमों की अनदेखी कर वाहन न चलाएं। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए कतई न दें। इनके वाहन चलाने से अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।



पुलिस लाइन मे यातायात माह पर आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते डीएम डा. दिनेश चंद्र व एसपी केशव कुमार चौधरी • जागरण

एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने कहा की सदैव खुद की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की जान की फिक्र होनी चाहिए। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय सदैव सतर्कता भी बरतनी चाहिए।

एआरटीओ राजीव कुमार ने लोगों को हेलमेट पहनने, सेफ्टी बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करते हुए सावधानीपूर्वक रोड पर चलने, यातायात नियमों का पालन करने का सुझाव दिया। सीएमओ डा. सतीश कुमार ने रोड सेफ्टी के प्रति लोगों को जागरूक किया। सीएमएस डा. ओपी चौधरी ने यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहकर उनका पालन करने की बात कही। इस मौके पर सीओ जंगबहादुर यादव, यातायात प्रभारी जेपी सिंह मौजूद रहे।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

- तेज तर्रार थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा व उनकी टीम को मिली सफलता

आदर्श पांडेय




**सुजौली।** पुलिस अधीक्षक बहराइच के द्वारा चलाये जा रहे अपराध व वाछिंत अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नानपारा /मिहीपुरवा के निर्देशन में थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा मय हमराह का0 दिलीप कुमार ,का0 रामू गोंड़, का0 राजेश यादव, का0 हेमन्त कुमार वर्मा व का0 सतीश कुमार के द्वारा मुखबिर की खास सूचना पर मु0अ0सं0- 314/2022 धारा 376 भा0द0वि0 व 5M/6 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मुक्कू उम्र 19 वर्ष पुत्र केशवराम निवासी ग्राम धर्मपुर बेझा थाना कोतवाली मुर्तिहा जनपद बहराइच को जंगल मटेरा गांव के पीछे जंगल के पास धान के खेत से गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को मा0 न्यायालय बहराइच रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी शशि कुमार राणा आरक्षी रामू गौंड, राजेश यादव, दिलीप, हेमंत, सतीश आदि लोग रहे।

# पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर मिला शव

**रिसिया(बहराइच)।** बहराइच-नानपारा मार्ग पर रिसिया मोड़ चौकी से लगभग 200 मीटर की दूरी पर मंगलवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। हत्या कर शव फेंकने की अफवाहों का बाजार गर्म रहा। रिसिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। रिसिया थाना प्रभारी इंद्रजीत यादव ने बताया, आशंका है कि कोई नशेड़ी हो और सीढ़ियों से गिरने से उसकी मौत हो गई हो। संवाद

# मासूम से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

उर्रा (बहराइच)। मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र में सात साल की मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। एक सात वर्षीय मासूम के साथ किशोर ने रविवार को दुष्कर्म किया था। मासूम का इलाज एक अस्पताल में जारी है। कोतवाल शशि कुमार राणा ने बताया कि किशोर की गिरफ्तारी के लिए रविवार से ही टीम दबिश दे रही थी। मंगलवार को आरोपी को धान के खेत से गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

# 121 मोबाइल फोन बरामद कर सौंपे

**बहराइच।** विभिन्न थाना क्षेत्रों में गायब हुए 121 मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद कर स्वामियों को सौंप दिए। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि मोबाइल गायब होने पर सर्विलांस टीम को बरामद करने के लिए लगाया गया था। टीम ने लगभग 15.73 लाख के 121 मोबाइल फोन बरामद किए थे। मंगलवार को इन्हें मोबाइल स्वामियों को सौंप दिया गया। संवाद

# बच्चों को यातायात नियम भी सिखाएं



बहराइच। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने व लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को यातायात माह का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने गुब्बारे आकाश में छोड़कर व हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि यातायात नियमों के पालन के लिए सभी को आगे आना होगा। माता-पिता शुरू से ही बच्चों को यातायात नियमों की सीख दें। एसपी केशव चौधरी ने कहा कि मार्ग दुर्घटनाओं में मृत्यु व गंभीर रूप से घायल होने का मुख्य कारण सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग न करना है। पुलिस क्षेत्राधिकारी, नगर डॉ. जंग बहादुर यादव ने यातायात माह के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, ग्रामीण अशोक कुमार, सीएमओ डॉ. एसके सिंह, सीओ राजीव कुमार सिसौदिया आदि मौजूद रहे। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-11-2022

# 25 हजार का इनामिया लुटेरा गिरफ्तार, जेल

कटरा। श्रावस्ती थाना क्षेत्र के ग्राम बरईपुरवा के पास 22 अगस्त को एक लूट की घटना हुई थी। घटना में शामिल आरोपी अमरचन्द सोनकर पुत्र रामपति सोनकर निवासी ग्राम बगही को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

# जनता दर्शन में एएसपी ने सुनीं शिकायतें

श्रावस्ती। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायत सुनी। साथ ही संबंधित पुलिस अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया। एएसपी ने पुलिस को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए।

# अवैध चाकू के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

श्रावस्ती। जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की ओर से लगातार गिरफ्तारी अभियान चला रही है। सोमवार शाम को इकौना थाना क्षेत्र में पुलिस की टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ। बरामद चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# इकौना थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

श्रावस्ती। इकौना थाने का मंगलवार को एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में मिली कमियों को दुरुस्त करने के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देश भी दिया। एसपी ने थाना कार्यालय, परिसर, बैरक व मेस का निरीक्षण कर खामियों को देखा। मेस में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# यातायात माह का शुभारंभ, बाइक निकली

**श्रावस्ती।** यातायात माह नवंबर का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने शुभारम्भ किया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में पुलिस लाइन से पुलिस जवानों ने बाइक रैली निकाली। रैली को हरी झंडी एसपी ने रवाना किया। बाइक रैली पुलिस लाइन से रवाना होकर कस्बा भिनगा का भ्रमण करते हुए वापस पुलिस लाइन पहुंची।

# पुलिस स्मृति दिवस: पुलिस लाइन में शस्त्रों की प्रदर्शनी

**श्रावस्ती, संवाददाता।** पुलिस लाइन समेत सभी थानों में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस व पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। इस मौके पर पुलिस लाइन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस व पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। इस दौरान पुलिस लाइन ग्राउंड में भव्य शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के शस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में केंद्रीय विद्यालय भिनगा के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। हेड कांस्टेबल रामजी की ओर से सभी छात्र छात्राओं को प्रदर्शनी में लगे शस्त्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को चॉकलेट वितरण किया गया। इसके बाद सद्भावना वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शांति व्यवस्था के लिए कैम्प कर रही 27वीं वाहिनी पीएसी व पुलिस के बीच सद्भावना मैच कराया गया। जिसमें जिला पुलिस टीम बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजयी रही। पुलिस अधीक्षक की ओर से सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इसके बाद पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हाल में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

# चरस तस्कर को 15 साल जेल की सजा

भिनगा। अपर जिला सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट )अजय सिंह ने चरस तस्कर को 15 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही एक लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

एसएसबी जवानों ने 13 जनवरी 2016 को राम कुमार चौधरी पुत्र अयोध्या धारू निवासी लालपुर थाना भगवानपुर जिला बांके नेपाल को भारत सीमा में आने पर पकड़ा था। एसएसबी जवानों ने रामकुमार को दौड़ा कर पकड़ा और तलाशी ली तो चार किलो चरस बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जेल भेज दिया था। इसका केस अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह के कोर्ट पर चल रहा था।

हिन्दुस्त



# बाइक रैली निकाल यातायात माह का हुआ शुभारंभ

**संसू, श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने मंगलवार को पुलिस लाइन भिनगा से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर यातायात माह का शुभारंभ किया। रैली में शामिल पुलिस जवानों ने भिनगा नगर का भ्रमण कर लोगों को यातायात माह के प्रति जागरूक किया। एसपी ने बताया कि यातायात माह पूरे नवंबर तक चलेगा। स्कूल, कालेज समेत विभिन्न स्थानों पर गोष्ठी व वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी।

# 'पूर्व सांसद को न्यायालय पर हाजिर कराएं डीजीपी'

**जासं, श्रावस्ती :** 2009 लोकसभा चुनाव के दौरान धारा 144 का उल्लंघन करने पर न्यायालय ने पूर्व सांसद विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू पांडेय के विरुद्ध कई बार गैर जमानती वारंट जारी किया था। लगातार कई पेशियों पर पूर्व सांसद न्यायालय पर हाजिर नहीं हो रहे हैं। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी-एमएलए कोर्ट अनिल कुमार द्वादश ने पूर्व सांसद को न्यायालय पर हाजिर कराने के लिए डीजीपी के माध्यम से गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है।

24 मार्च 2009 को कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद व प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री विनय कुमार पांडेय ने धारा 144 लगी होने के बावजूद अपने समर्थकों के साथ गिलौला कस्बे में जुलूस निकाला था। इस मामले में गिलौला थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार पांडेय की तहरीर पर पूर्व सांसद व उनके समर्थकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले का विचारण अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय पर चल रहा है। गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद पूर्व सांसद न्यायालय पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उन्हें न्यायालय पर हाजिर कराने के लिए एसीजेएम ने हाजिर देवीपाटन मंडल के डीआइजी व बलरामपुर जिले के एसपी को पत्र भेजा था। उपनिरीक्षक की ओर से न्यायालय को आख्या उपलब्ध कराई गई। इसमें उनके लखनऊ में किसी जगह पर रहने की बात न्यायालय को बताई गई है। एसीजेएम ने अगली नियत तिथि 10 नवंबर तक पूर्व सांसद के विरुद्ध जारी गैर जमानती वारंट का तामिला कराने का निर्देश दिया है।

**अदालत से**

## नेपाली चरस तस्कर को 15 वर्ष का कठोर कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** नेपाली चरस तस्कर को अपर जिला जज ने 15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये के अर्थदंड लगाया है। अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया की 13 जनवरी 2016 को एसएसबी जवानों ने गश्त के दौरान सीमा क्षेत्र में नेपाल राष्ट्र के बांके जिले के भगवानपुर क्षेत्र के लालपुर निवासी रामकुमार चौधरी को नेपाल की ओर से आते ही रोका। जवानों के रोकने पर वह भागने लगा। दौड़ाकर एसएसबी जवानों ने उसे पकड़ लिया था। तलाशी के दौरान उसके पास से पांच किलोग्राम चरस बरामद हुई थी। अपर सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) अजय सिंह ने आरोपित राम कुमार चौधरी को दोषी करार देते हुए 15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की पैरवी एके सिंह व दुर्जेंद्र कुमार मिश्र ने की।

# नेपाली चरस तस्कर को 15 वर्ष का कठोर कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** नेपाली चरस तस्कर को अपर जिला जज ने 15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये के अर्थदंड लगाया है। अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया की 13 जनवरी 2016 को एसएसबी जवानों ने गश्त के दौरान सीमा क्षेत्र में नेपाल राष्ट्र के बांके जिले के भगवानपुर क्षेत्र के लालपुर निवासी राम्कुमार चौधरी को नेपाल की ओर से आते ही रोका। जवानों के रोकने पर वह भागने लगा। दौड़ाकर एसएसबी जवानों ने उसे पकड़ लिया था। तलाशी के दौरान उसके पास से पांच किलोग्राम चरस बरामद हुई थी। अपर सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) अजय सिंह ने आरोपित राम कुमार चौधरी को दोषी करार देते हुए 15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की पैरवी एके सिंह व दुर्जेंद्र कुमार मिश्र ने की।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार इनामी लुटेरा

**जासं, श्रावस्ती :** पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने पुरस्कार घोषित कटही गांव निवासी आरोपित को दबोच लिया। इसके पास से लूट के 2200 रुपये बरामद हुए हैं।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि एएसपी प्रवीण कुमार यादव व इकौना सीओ महेंद्र पाल शर्मा के नेतृत्व में नवीन मार्डन श्रावस्ती थाने की पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम ने विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे पेशेवर लुटेरे कटही निवासी अमरचंद्र सोनकर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से लूट के रुपये भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में श्रावस्ती थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश यादव, मुख्य आरक्षी राकेश कुमार, आरक्षी अनुराग मिश्र, भगवान दास व नीरज कुमार शामिल रहे।

# सद्भावना वालीबाल प्रतियोगिता में पुलिस टीम अव्वल

## 21 से 31 अक्टूबर तक पुलिस विभाग की ओर से आयोजित हुईं विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

**जासं, श्रावस्ती :** पुलिस स्मृति दिवस व पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर 21 से 31 अक्टूबर तक पुलिस विभाग की ओर से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 27वीं वाहिनी पीएसी व पुलिस टीम के बीच सद्भावना वालीबाल प्रतियोगिता कराई गई। इसमें पुलिस टीम विजयी रही।



पुलिस लाइन मे वालीबाल प्रतियोगिता मे जोर आजमाइश करते खिलाड़ी • जागरण



प्रतियोगिता मे विजयी महिला आरक्षी को मेडल पहनाकर हाथ मिलाते एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( बाएं ) • जागरण

एसपी ने बताया कि पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हाल में बैडमिंटन (पुरुष एकल) प्रतियोगिता हुई। इसमें कुल 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बेहतर प्रदर्शन करते हुए आरक्षी सत्यम कुमार मिश्र ने प्रथम, आरक्षी ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने दूसरा व उपनिरीक्षक पंकज कुमार गुप्त ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (पुरुष युगल) प्रतियोगिता में 11 टीमों ने हिस्सा लिया। आरक्षी सत्यम कुमार मिश्र व आरक्षी तेजबहादुर की टीम ने प्रथम स्थान तथा आरक्षी ऐश्वर्य प्रताप सिंह व आरक्षी अमरजीत की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया।

बैडमिंटन (महिला एकल) प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें महिला आरक्षी शालू मिश्रा प्रथम व मोहिनी चतुर्वेदी दूसरे स्थान पर रहीं। पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता में 40 बच्चों ने हिस्सा लिया। पेंटिंग में वेदांत चौबे प्रथम, सोनाली दूसरे व काव्या सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। निबंध में चांदनी प्रथम, मौसम दूसरे व सुहानी यादव तीसरे स्थान पर रहीं। एएसपी की पत्नी श्रेष्ठा यादव व सीओ की पत्नी निवेदिता चौबे ने विजयी बच्चों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता की व्यवस्थापक महिला आरक्षी दिव्या भारती रहीं। 100 मीटर दौड़ में 20 पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया। दौड़ तीन शिफ्ट में हुई। पहले शिफ्ट पीटीआइ रविंद्र कुमार प्रथम, दूसरे में आरक्षी रवि शंकर जयसवाल प्रथम, तीसरे में आरक्षी अजय कुमार प्रथम रहे। चार किलोमीटर मैराथन दौड़ में पुलिस लाइन में निवास कर रहे सौ महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया। एसपी ने दौड़ को झंडी दिखा कर रवाना किया। पुरुष वर्ग में आरक्षी संदीप कुमार मिश्र प्रथम, सूरज बली दूसरे, अभिषेक कुमार तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में आरक्षी अर्जिता यादव प्रथम, राजेश्वरी दूसरे व मधु तीसरे स्थान पर रहीं। एसपी ने सभी विजयी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा शस्त्र प्रदर्शनी, मार्च पास्ट व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ।

# चरस तस्कर को 15 वर्ष की कैद

**श्रावस्ती।** एसएसबी के जवानों ने 13 जनवरी 2016 को सीमा गश्त के दौरान चार किलोग्राम चरस के साथ नेपाल के बांके जिला अंतर्गत थाना भगवानपुर के लालपुर निवासी राम कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया था। जिसका मामला अपर जिला सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) अजय सिंह के न्यायालय में विचाराधीन था। मामले में गवाहों के बयान व अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे अरुण कुमार सिंह व दुर्जेंद्र कुमार मिश्रा की दलीलों के आधार पर एडीजे ने राम कुमार चौधरी को दोषी करार देते हुए 15 वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर उसे एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। संवाद

# 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**कटरा (श्रावस्ती)।** अयोध्या के थाना मवई अंतर्गत कछौली निवासी संतोष तिवारी भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड शाखा बलरामपुर में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। जो गांवों में समूह बनाकर महिलाओं को रोजगार के लिए लोन देता था। साप्ताहिक कलेक्शन के लिए 22 अगस्त को वह इकौना आया था। जहां से बलरामपुर जाते समय उसकी मोटरसाइकिल को नवीन मार्डन थाना क्षेत्र के ग्राम बगही के पास खड़ंजा मार्ग पर रोक लिया गया। जिसके बैग में रखा रुपया बैग सहित छीन लिया गया। मामले में वांछित थना क्षेत्र के ग्राम कटही के मजरा बगही निवासी अमरचंद सोनकर को नवीन मार्डन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस पर 25 हजार का इनाम था। संवाद

पीसीएफ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस दौरान काफी संख्या में पीसीएफ व यूपीएसएस के कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

# खेलों में पुलिसकर्मियों ने दिखाया दमखम

## दस दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर आयोजन, पेंटिंग प्रतियोगिता भी हुई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** जिले में 21 से 31 अक्तूबर तक चले पुलिस स्मृति दिवस व पुलिस झंडा दिवस का मंगलवार को समापन हो गया। इस मौके पर प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। विजेता टीमों को एसपी की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। पुलिस लाइन में सद्भावना वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 27 वीं वाहिनी पीएसी व जिला पुलिस के बीच सद्भावना मैच कराया गया। इसमें जिला पुलिस टीम विजेता रही।

पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हाल में बैडमिंटन (पुरुष एकल) प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 16 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आरक्षी सत्यम कुमार मिश्रा ने प्रथम स्थान, आरक्षी ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने द्वितीय स्थान तथा उपनिरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (पुरुष युगल) प्रतियोगिता में 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। आरक्षी सत्यम कुमार मिश्रा व आरक्षी तेज बहादुर की टीम ने प्रथम स्थान, आरक्षी ऐश्वर्य प्रताप सिंह व आरक्षी अमरजीत की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (महिला एकल) प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें महिला आरक्षी शालू मिश्रा ने प्रथम स्थान, महिला आरक्षी मोहिनी चतुर्वेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बच्चे। संवाद

पुलिस लाइन सभागार में पुलिस लाइन के स्कूली बच्चों के मध्य पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में वेदांत चौबे प्रथम, सोनाली द्वितीय, काव्या सिंह तृतीय तथा निबंध प्रतियोगिता में चांदनी प्रथम, मौसम द्वितीय, सुहानी यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता की व्यवस्थापक महिला आरक्षी दिव्या भारती रहीं। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में 100 मीटर दौड़ में पीटीआई रविंद्र कुमार, आरक्षी रवि शंकर जायसवाल, आरक्षी अजय कुमार प्रथम स्थान पर रहे। मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में आरक्षी संदीप कुमार मिश्रा प्रथम, सूरज बली द्वितीय व अभिषेक कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में महिला आरक्षी अर्जिता यादव प्रथम, राजेश्वरी द्वितीय व मधु तृतीय स्थान पर रही। शस्त्र प्रदर्शनी के दौरान प्रधान आरक्षी रामजी ने छात्र छात्राओं को शस्त्रों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य कैंप का भी आयोजन किया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने मौजूद पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित किया।

# गिलौला थाने पहुंचे एसपी

**श्रावस्ती।** गिलौला थाने का पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, परिसर, बैरक, मेस की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही थाना कार्यालय में मौजूद अभिलेखों की जांच कर उसके बेहतर रखरखाव के लिए निर्देश दिए। वहीं, बाद में उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा किया। साथ ही विवेचना के कार्यों में तेजी लाकर उसका जल्द निस्तारण करने, न्यायालय को चार्जशीट भेजने व अपराधियों को गिरफ्तार कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। संवाद



# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के मोहल्ला चौक निवासी सगीर अहमद के रूप में हुई। उसके विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की है। संवाद

# 41 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 41 वाहनों का चालान किया। साथ ही 65500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में आठ पकड़े

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान सोमवार रात आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर एसडीएम के सुपुर्द कर दिया गया। संवाद

# यातायात के नियमों का करें पालन



**श्रावस्ती।** लोगों को जागरूक करने के लिए मंगलवार से यातायात माह का शुभारंभ किया गया। पुलिस लाइन से मोटर साइकिल रैली निकाली गई जिसे एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्या ने कहा कि शरद ऋतु का आगमन हो चुका है। सुबह-शाम घना कोहरा भी पड़ेगा। ऐसे में प्रत्येक वाहन चालक को यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए ताकि हादसा न हो। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने कहा कि वाहन के सामने लाइट रिफलेक्टर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष कुमार पांडे ने कहा कि दो पहिया पर तीन सवारी, बिना हेलमेट या वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करते कोई मिला तो कार्रवाई होगी। वहीं, ईदगाह तिराहे पर लोगों को पंफलेट बांटे गए। संवाद